मितव्ययी और सरल जीवन की अवधारणा को समझना, आत्मसात करना और अपनाना तथा सार्वजनिक संसाधनों का विवेकपूर्ण प्रबंधन करना ताकि आम जनता और राष्ट्र के लिए सर्वोत्तम आउटपुट प्राप्त किया जा सके और दुर्लभ संसाधनों की अनावश्यक बर्बादी को रोका जा सके।	आईएएस के करियर में तेजी से बदलती भूमिकाओं के लिए प्रासंगिक कार्यों और कौशल को सीखना, सीमित सोच को विस्मृत कर देना और उपयोगी बातों को सीखना और विभिन्न स्थितियों के अनुरूप स्वयं को समायोजित करना ताकि नियमों और भूमिकाओं के बीच अच्छा संतुलन स्थापित बनाया जा सके।	राष्ट्र की सेवा और आम लोगों के हित के लिए पर्दे के पीछे रहकर बिना किसी पुरस्कार, सम्मान या प्रचार की इच्छा के मौन रहकर कार्य करना।

प्रशासन

2 (**i**) अकादमी में संकाय सदस्य एवं प्रशासन (दिनांक 31.03.2025 तक)

पदनाम	नाम
निदेशक	श्रीराम तरणिकांति
संयुक्त निदेशक	सौजन्या
संयुक्त निदेशक	उदित अग्रवाल
उप निदेशक (वरिष्ठ)	डॉ. बगादी गौतम
उप निदेशक (वरिष्ठ)	प्रियंका दास
प्रोफेसर, अर्थशास्त्र	रितिका नरूला
उप निदेशक (वरिष्ठ)	गणेश शंकर मिश्रा
उप निदेशक (वरिष्ठ)	षणमुख प्रिया मिश्रा
उप निदेशक	शैलेश नवाल
उप निदेशक (वरिष्ठ)	श्वेता तेवतिया
उप निदेशक (वरिष्ठ)	डी. महेश कुमार
उप निदेशक (वरिष्ठ)	दीप जगदीप कॉन्ट्रैक्टर
उप निदेशक	राजेश मीणा
उप निदेशक	अनुपम तलवार
उप निदेशक	अश्वती एस
उप निदेशक (कनिष्ठ)	चंद्रशेखर एस
उप निदेशक	प्रेम कुमार वी आर
प्रोफेसर, अर्थशास्त्र	अरविंद कुमार
रीडर, विधि	सचिव कुमार

पदनाम	नाम
रीडर, हिंदी	भावना अभय पोरवाल
प्रोफेसर, राजनीतिक सिद्धांत और संविधानिक विधि	रोमियो विंसेंट टेटे
सहायक निदेशक	गौतम थपलियाल
सहायक निदेशक	अंकिता ढांडा
सहायक निदेशक	आकांक्षा कुलश्रेष्ठ
हिंदी अनुदेशक	सरफराज हुसैन खान
प्रधान निजी सचिव	विजेंद्र सिंह राणा
वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी	डॉ. मयंक बडोला
चिकित्सा अधिकारी	डॉ. यल्ला साई वामसी कृष्णा रेड्डी
वरिष्ठ निजी सचिव	लक्ष्मी प्रसाद
वरिष्ठ निजी सचिव	आशीष कुमार पटेल
निजी सचिव	एम के त्यागी
निजी सचिव	सुनील नेगी
निजी सचिव	नीरज कुमार
निजी सचिव	दर्शनी
सहायक पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी	एस के भारती
सहायक पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी	राजेंद्र बिस्ट
सहायक पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी	भूपिंदर कौर
प्रशासनिक अधिकारी	प्रशांत कुमार
प्रशासनिक अधिकारी	पवन कुमार पाल
प्रशासनिक अधिकारी	मुकेश कुमार गर्ग

पदनाम	नाम
सहायक प्रशासनिक अधिकारी	राकेश चंद्रा
सहायक प्रशासनिक अधिकारी	निशांत जोशी
सहायक प्रशासनिक अधिकारी	नरेश कुमार गुप्ता
सहायक प्रशासनिक अधिकारी	प्रमिला बहुगुणा
सहायक प्रशासनिक अधिकारी	डी. सी. लोहानी
सहायक घुड़सवारी अनुदेशक	संग्राम सिंह
सहायक घुड़सवारी अनुदेशक	निरंजन ओहल्यान

अकादमी के प्रमुख अनुभाग (दिनांक 31.03.2025 तक)

अनुभाग का नाम	कार्य का व्यापक दायरा
प्रशासन	• प्रोफेसर, रीडर, सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति, गैर-राजपत्रित और राजपत्रित समूह 'ख' अधिकारियों की पदोन्नति • फाउंडेशन कोर्स के लिए पत्राचार • परिवीक्षाधीनों के सेवा मामले हेतु पत्राचार • फाउंडेशन कोर्स, चरण-I और चरण-II परिवीक्षाधीनों की मूल्यांकन रिपोर्ट • फाउंडेशन कोर्स के चरण-I और चरण-II के परिवीक्षाधीनों, कर्मचारियों की छुट्टी और कार्मिक संबंधी मामले • राजपत्रित और गैर-राजपत्रित कर्मचारियों के पेंशन संबंधी कागजात तैयार करना • अकादमी संकाय सदस्य और कर्मचारियों इत्यादि के विकास हेतु प्रशिक्षण
लेखा	• अकादमी अधिकारियों के मासिक वेतन तैयार करना और संवितरण,सीईए,चिकित्सा, टीए/डीए और एलटीसी जैसे कर्मचारी दावों का निपटान • उचित सत्यापन के बाद, विक्रेताओं/आपूर्तिकर्ताओं से संबंधित बिल के भुगतान हेतु कार्रवाई • एनपीएस योगदान/मासिक टीडीएस (आयकर) त्रैमासिक और टीडीएस (जीएसटी) मासिक रूप से समय पर अपलोड करना • बजट रिपोर्ट (बजट राजस्व एवं राजस्व व्यय) तैयार करना और आवधिक निगरानी करना • बजट का मासिक आधार पर बैंक स्टेटमेंट से मिलान करना और इस संबंध में प्रमाण पत्र पीएओ, डीपीएआर, नई दिल्ली को प्रस्तुत करना • फाउंडेशन कोर्स/चरण-1 और चरण-2 के दौरान, प्रशिक्षु अधिकारियों के प्रशिक्षण पर अकादमी द्वारा किए गए व्यय के लिए राज्य सरकार/सेवा से की जाने वाली मांग

अनुभाग का नाम	कार्य का व्यापक दायरा
परीक्षा नियंत्रक	• फाउंडशेन कोर्स, चरण-I, चरण-II के प्रशिक्षु अधिकारियों की परीक्षाओं के संचालन की तैयारी से संबंधित विभिन्न कार्य, संबंधित संकाय समन्वयक को परीक्षा प्रारूप वितरित करना और जानकारी एकत्र करना आदि • प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए मास्टर डिग्री और डिप्लोमा के संबंध में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली के साथ समन्वय
कंप्यूटर केंद्र	• अकादमी में सभी नए घटकों की स्थापना और सिस्टम एकीकरण के लिए समन्वय • डेस्कटॉप/लैपटॉप कंप्यूटरों का वितरण/स्थापना और इन्वेंट्री नियंत्रण आदि सेवाएं प्रदान करना।
संपदा	• सीपीडब्ल्यूडी के साथ रखरखाव कार्य, एनजीओ के मुद्दे • मरम्मत, रखरखाव, श्रमदान कर्मचारियों और ओवरसीज ट्रेनर्स के लिए विभिन्न सिविल और विद्युत आवश्यकताएँ, अकादमी में स्वच्छता कार्य योजना का कार्यान्वयन, सौर प्रणाली का कार्यान्वयन • छात्रावास का रखरखाव और साफ-सफाई, कपड़े धोने की सुविधा, बागवानी संबंधी कार्य • संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और अन्य को समय-समय पर आवश्यकतानुसार आवासों का आवंटन आदि
पुस्तकालय	• पुस्तकों और दृश्य-श्रृव्य सामग्रियों का अर्जन, ऑर्डर करना, प्राप्त करना और अभिग्रहण करना • डीडीसी वर्गीकरण योजना के अनुसार पुस्तकों का वर्गीकरण, पुस्तकों की सूची बनाना, मुख्य शब्दों का निर्धारण, बारकोडिंग और आरएफआईडी टैगिंग, ग्रंथसूची और सूचियाँ तैयार करना और उन्हें शेल्फ में रखना। • खरीदी गई पुस्तकों का डेटा कोहा लाइब्रेरी सॉफ्टवेयर में दर्ज करना, लाइब्रेरी दस्तावेजों का सारांश तैयार करना

अनुभाग का नाम	कार्य का व्यापक दायरा
	• पत्रिकाओं, जर्नलों, ई-संसाधनों और मैगज़ीन की सदस्यता और उनका वार्षिक नवीनीकरण, संदर्भ सेवा, कैंपस के बाहर और कैंपस के अंदर संसाधनों तक पहुंच के लिए माईलॉफ्ट रिमोट एक्सेस प्लेटफॉर्म में सदस्यताओं की मैपिंग • पत्रिकाओं की जिल्दसाजी, पुस्तकों को छांटने से संबंधित कार्य, रद्दी (अखबारों और पत्रिकाओं) का निपटान • केओएचए (KOHA) और आरएफआईडी (RFID) सिस्टम का रखरखाव और उपयोगकर्ता खाता प्रबंधन, जिसमें एएमसी (AMC) भी शामिल है • सेल्फ-चेक-आउट और बुक ड्रॉप्स का संचालन और रखरखाव, हॉस्टल और लाउंज की यूनिट लाइब्रेरी का प्रबंधन, प्रदर्शनियों और पुस्तक मेलों का संचालन दैनिक समाचारों और नए उत्पादों का प्रदर्शन और प्रसार
टीआरपीसी	• प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार करना और जारी करना • बोर्ड ऑफ स्टडीज के गठन और कामकाज से संबंधित कार्य • अन्य संस्थानों के सहयोग से पाठ्यक्रम की समीक्षा और प्रशिक्षण आवश्यकता विश्लेषण करने से संबंधित कार्य • वार्षिक रिपोर्टों को तैयार करना, केस स्टडी का विकास • अन्य संस्थानों (कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के अलावा) के साथ पत्राचार • अकादमी पत्रिका के प्रकाशन से संबंधित सभी कार्य – द एडमिनिस्ट्रेटर (जैसे मुद्रण, प्रकाशकों के साथ समझौता, पत्रिकाओं से संबंधित लेखों और पत्राचार का रखरखाव, स्टॉक रजिस्टर/प्रकाशन खातों का रखरखाव, ग्राहकों की सूची का अद्यतन, पत्रिका के ग्राहकों के साथ पत्राचार और स्रोत पुस्तक के

अनुभाग का नाम	कार्य का व्यापक दायरा
	• प्रकाशन से संबंधित मामले आदि) • प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थानों (एटीआई) और केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थानों (सीटीआई) की बैठकों से संबंधित सभी कार्य और पत्राचार • हर माह के दूसरे और चौथे बुधवार को अकादमिक परिषद की बैठक (एसीएम) का आयोजन • संगठनों के साथ समझौता ज्ञापनों से संबंधित कार्य
प्रशिक्षण इंडक्शन	• फाउंडेशन कोर्स, चरण-I, जिला प्रशिक्षण, एएसपी और चरण-II से संबंधित सभी कार्य • हिमालय और शार्ट ट्रेक, भारत दिवस समारोह/प्रदर्शनी आदि, केवडिया यात्रा • प्रशिक्षु अधिकारियों की व्यक्तिगत/निजी फ़ाइल के अभिरक्षक • कोर्स मैनुअल तैयार करना (चरण I और चरण II)
राज भाषा	• भारत सरकार, राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप, 'क', 'ख' तथा 'ग' क्षेत्रों के साथ हिंदी पत्राचार सुनिश्चित करना • प्रभारी, राजभाषा की अध्यक्षता में प्रत्येक तिमाही में राजभाषा समिति की बैठकों के आयोजन करना तथा विभिन्न अनुभागों में राजभाषा हिंदी में किए जा रहे कार्य की समीक्षा करना
प्रोटोकॉल	• विभिन्न पाठ्यक्रमों में सरकारी वाहन/टैक्सी की तैनाती से संबंधित सभी कार्य
भंडार एवं आपूर्ति	• डेड स्टॉक वस्तुओं की अभिरक्षा, जारी करना और रखरखाव, उपकरण और मरम्मत न किए जाने वाली वस्तुओं को अनुपयोगी घोषित करना

अनुभाग का नाम	कार्य का व्यापक दायरा
	• पाठ्यक्रम/अकादमी आदि से संबंधित सभी प्रकार की खरीदारी
सुरक्षा अनुभाग	• विभिन्न विद्यालयों/संस्थानों/प्रतिनिधिमंडल द्वारा अकादमी का भ्रमण • प्रशिक्षुओं अधिकारियों/प्रतिभागियों के पार्सल की अभिरक्षा • सभी पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों के लिए पहचान पत्र
प्रशिक्षण एमसीटीपी	• मध्यावधि सेवा प्रशिक्षण कार्यक्रमों (एमसीटीपी) से संबंधित मामले, अर्थात् आईएएस चरण III, चरण IV, चरण V और संयुक्त मध्यावधि सेवा प्रशिक्षण कार्यक्रम • प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के सभी पहलुओं जिसमें लॉजिस्टिक्स, यात्राएं, बाहरी गतिविधियां, नामांकन आमंत्रित करना, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी), राज्य सरकार/भारत सरकार/सीसीए आदि के साथ पत्राचार शामिल हैं

2 (**i i**) लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी का वित्तीय विवरण

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी का बजट आवंटन "मांग संख्या 074 - कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय" के अंतर्गत किया जाता है। इस प्रावधान में गैर-योजना के अंतर्गत स्थापना संबंधी व्यय शामिल है। अवसंरचना संबंधी व्यय योजना (राजस्व) और योजना (पूंजी) के अंतर्गत प्रदान किया जाता है। अकादमी की विभिन्न मुख्य गतिविधियों के लिए बजट आवंटन किया जाता है, जिसमें फाउंडेशन कोर्स, मध्यावधि सेवा प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल है। अकादमी में अवसंरचना में सुधार और आवश्यक सुविधाओं के उन्नयन के लिए योजना (पूंजी) और योजना (राजस्व) के तहत आवंटन किया जाता है।

वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के वास्तविक व्यय का विवरण और वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आवंटन इस प्रकार है:

(आंकड़ा हजार में)

क्र. सं.	गैर-योजना (राजस्व) स्थापना (0204)	वास्तविक व्यय				बजट आवंटन
		2021-22	2022-23	2023-24	2024-25 दिनांक 31.03.25 तक	2025-26
1	वेतन	1,62,235	1,22,600	1,19,649	1,20,578	1,30,000
2	मजदूरी	36,498	46,000	71,067	95,598	1,00,000
3	पुरस्कार	0	0	1,646	1,002	1,000
4	चिकित्सा	5,145	7,000	6,779	8,893	6,600
क्र. सं.	गैर-योजना	वास्तविक व्यय				बजट आवंटन

	(राजस्व) स्थापना (0204)	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25 दिनांक 31.03.25 तक	2025-26
5	भत्ते	0	0	67,191	81,587	90,000
6	एलटीसी	0	0	1,559	2,107	2500
7	प्रशिक्षण व्यय	0	0	1,246	16	200
8	घरेलू यात्रा व्यय	5,725	5,400	5,770	7,460	7,000
9	विदेशी यात्रा व्यय	0	0	0	290	500
10	कार्यालय व्यय	85,528	1,08,845	87,491	1,25,242	1,20,000
11	किराया, दरें और कर	1,964	1,998	2,979	1,383	3,500
12	मुद्रण एवं प्रकाशन	636	644	633	451	1,000
13	अन्य के लिए किराया	0	0	716	152	1,000
14	अन्य प्रशासनिक व्यय	199	290	0	0	0
15	डिजिटल उपकरण	0	0	1,817	423	1,500

क्र. सं.	गैर-योजना (राजस्व) स्थापना (0204)	वास्तविक व्यय				बजट आवंटन
		2021-22	2022-23	2023-24	2024-25 दिनांक 31.03.25 तक	2025-26
16	ईंधन और ल्यूब्रिकेंट	0	0	9,616	4,775	5,000
17	गौण सिविल एवं विद्युत कार्य	1,500	2,500	2,723	1,595	2,200
18	पेशेवर सेवाएँ	1,48,796	2,49,664	2,64,342	87,889	10,000
19	मरम्मत एवं रखरखाव	0	0	2,666	697	750
20	सहायता अनुदान	500	500	500	500	500
21	बैंक और एजेंसी शुल्क	0	0	521	0	500
22	अन्य राजस्व व्यय	3,999	3,767	4,954	4,415	5,500
	कुल	1,41,694	68,099	2,68,004	5,45,053	4,89,250

(आंकड़ा हजार में)

क्र. सं.	कैंटीन (0205)	वास्तविक व्यय				बजट आवंटन
		2021-22	2022-23	2023-24	2024-25 दिनांक 31.03.25 तक	2025-26
1	वेतन कैंटीन	3,506	2,847	125	0	2,800
2	मेडिकल कैंटीन	134	199	116	296	300
3	भत्ता कैंटीन	0	0	73	0	1,100
4	एलटीसी कैंटीन	0	0	8	0	50
	कुल	3,640	3,046	322	296	4,250

(आंकड़ा हजार में)

क्र. सं.	स्वच्छता कार्य योजना योजना (0296)	वास्तविक व्यय				बजट आवंटन
		2021-22	2022-23	2023-24	2024-25 दिनांक 31.03.25 तक	2025-26
1	स्वच्छता कार्य योजना	593	451	728	596	800
	कुल	593	451	728	596	800

(आंकड़ा हजार में)

क्र.	एमसीटीपी (0206)	वास्तविक व्यय				बजट आवंटन
		2021-22	2022-23	2023-24	2024-25 दिनांक 31.03.25 तक	2025-26
1	पेशेवर सेवाएँ	59,999	59,994	1,14,488	80,244	80,000
	कुल	59,999	59,994	1,14,488	80,244	80,000

(आंकड़ा हजार में)

क्र.सं.	इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम (0207)	वास्तविक व्यय				बजट आवंटन
		2021-22	2022-23	2023-24	2024-25 दिनांक 31.03.25 तक	2025-26
1	पेशेवर सेवाएँ	0	0	0	1,25,341	1,20,000
	कुल	0	0	0	1,25,341	1,20,000

(आंकड़ा हजार में)

क्र.सं.	कार्यक्षेत्र विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम (0208)	वास्तविक व्यय				बजट आवंटन
		2021-22	2022-23	2023-24	2024-25 दिनांक 31.03.25 तक	2025-26
1	पेशेवर सेवाएँ	0	0	0	13,513	30,000
	कुल	0	0	0	13,513	30,000

(आंकड़ा हजार में)

क्र.सं.	योजना पूंजी (4059)	वास्तविक व्यय				बजट आवंटन
		2021-22	2022-23	2023-24	2024-25 दिनांक 31.03.25 तक	2025-26
1	सूचना, कंप्यूटर, दूरसंचार उपकरण (आईसीटी)	245	375	8,330	1,24,999	9,000
2	भवन और संरचनाएँ			17,78,14	1,69,990	2,50,000
3	फर्नीचर और फिक्स्चर			7,484	3,932	9,300
4	अन्य अचल संपत्तियाँ			6,673	8,278	15,000
5	भूमि			0	6,98,395	3,90,000
	कुल	245	375	2,00,300	10,05,594	6,73,300

(आंकड़ा हजार में)

क्र. सं.	पूंजी (4070)	वास्तविक व्यय				बजट आवंटन
		2021-22	2022-23	2023-24	2024-25 दिनांक 31.03.25 तक	2025-26
1	मोटर वाहन			230	0	1,000
2	मशीनरी और उपकरण			14,100	13,770	15,000
3	आईसीटी			1,871	21,019	20,000
4	फर्नीचर व फिक्स्चर			13,826	12,592	15,000
	कुल			30,027	47,381	51,000

(आंकड़ा हजार में)

क्र. सं.	योजना राजस्व (2070)	वास्तविक व्यय				बजट आवंटन
		2021-22	2022-23	2023-24	2024-25 दिनांक 31.03.25 तक	2025-26
1	कार्यालय व्यय	114	173	63,633	78,183	90,000
2	गौण सिविल एवं विद्युत कार्य			30,000	40,359	40,000
3	मरम्मत और रखरखाव			32,650	49,608	40,000
4	अन्य राजस्व व्यय			52,995	37,385	35,000
	कुल	114	173	1,79,277	2,05,535	2,05,000

2(**iii**) एनआईसी प्रशिक्षण इकाई (एनआईसीटीयू)

एनआईसी प्रशिक्षण इकाई ने अकादमी में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के विभिन्न पहलुओं पर कौशल-आधारित प्रशिक्षण प्रदान करने में अपना योगदान जारी रखा और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एनआईसी प्रशिक्षण इकाई ने अकादमी और अकादमी के माध्यम से अन्य संस्थानों की विशिष्ट आवश्यकताओं को भी पूरा किया।

2024 के दौरान, लगभग 1900 सिविल सेवकों ने अपने मौजूदा कौशलों में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) कौशल को जोड़ा, जिन्हें अकादमी में प्रत्येक पाठ्यक्रम की विशिष्ट

आवश्यकताओं के आधार पर एनआईसीटी द्वारा तैयार किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर पर "डेटा-आधारित निर्णय लेना और सहयोगात्मक उत्पादकता बढ़ाने वाले आईसीटी उपकरणों का उपयोग करना" था। तदनुसार, एनआईसीटी ने एआई/एमएल का उपयोग करके डेटा एनालिटिक्स, डेटा विज़ुअलाइज़ेशन, डेटा समराइज़ेशन, भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस), रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन (आरपीए) और कार्यालय उत्पादकता उपकरणों पर केस स्टडी आधारित व्यावहारिक कौशल प्रदान किए।

आईआईएम अहमदाबाद और आईआईटी दिल्ली के सहयोग से, एनआईसी प्रशिक्षण इकाई ने आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम (2023 बैच) के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए "प्रशासन और शासन में डेटा साइंस और मशीन लर्निंग के अनुप्रयोग" विषय पर एक विशेष मॉड्यूल का आयोजन किया। इसके अतिरिक्त, एनआईसी प्रशिक्षण इकाई ने केंद्रीय, राज्य और जिला स्तर पर ई-गवर्नेंस और आईटी पहलों का व्यापक अवलोकन प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय विकास विभाग, आयकर विभाग, साइबर सुरक्षा, रेलवे, नीति आयोग, मध्य प्रदेश सरकार और ओपन ग्रुप के आमंत्रित विषय विशेषज्ञों (एसएमई) के साथ समन्वय और सहयोग किया। एनआईसी प्रशिक्षण इकाई ने इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रोद्योगिकी मंत्रालय और नैसकॉम के माध्यम से 4 स्टार्टअप को आमंत्रित करके 99वें फाउंडेशन कोर्स के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए "उभरती प्रौद्योगिकियों के अनुप्रयोग" नामक प्रदर्शनी आयोजित की।

एनआईसी प्रशिक्षण इकाई ने (1) आईएएस के 2022 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों के शीतकालीन अध्ययन दौरे, कार्यालय वाहनों के उपयोग और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान पाठ्यक्रम की प्रगति की निगरानी के लिए तीन विश्लेषणात्मक डैशबोर्ड विकसित और प्रदर्शित किए, (2) अंग्रेजी ऑडियो क्लिप से क्षेत्रीय भाषाओं में वॉयस-टू-वॉयस अनुवाद के लिए अभिनव एआई/एमएल समाधान, (3) भारत सरकार में सहायक सचिव के रूप में अपने प्रशिक्षण अवधि के दौरान आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा उपयोग के लिए इंटरैक्टिव चैट बॉट, (4) चेहरे की पहचान का उपयोग करके भविष्यसूचक मॉडल, (5) सरगम, ईआरपी, ज्ञान एलएमएस और ला.ब.शा.रा.प्र.अ. की आधिकारिक वेबसाइट को उनके संबंधित नए संस्करणों में सफलतापूर्वक स्थानांतरित करने के लिए रोडमैप विकसित और प्रदर्शित किया।

एनआईसी प्रशिक्षण इकाई ने (i) राज्यसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी तथा डॉ. एमसीआर एचआरडी इंस्टीट्यूट ऑफ तेलंगाना, हैदराबाद में, (ii) वरिष्ठ न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, उत्तराखंड सरकार के अधिकारियों और गैर सरकारी संगठनों के लिए उत्तराखंड न्यायिक और कानूनी अकादमी, भवाली, नैनीताल में, (iii) असम सरकार के वरिष्ठ सिविल सेवकों के लिए असम प्रशासनिक कर्मचारी कॉलेज, गुवाहाटी में, (iv) डीओपीटी अधिकारियों के लिए आईएसटीएम नई दिल्ली में, (v) नई दिल्ली में "नेक्स्टजेन

डिजिटल फॉर द टेकेड" के प्रतिभागियों के लिए अनुकूलित क्षमता-निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया।



2 (iv) गांधी स्मृति पुस्तकालय

अकादमी में समृद्ध पुस्तकालय है। यह रमणीय परिवेश में स्थित है, जहाँ से भव्य हिमालय का मनोरम दृश्य दिखाई देता है और प्रकृति के साथ जुड़ाव का अनंत भाव उत्पन्न होता है। इस पुस्तकालय का नाम "गांधी स्मृति पुस्तकालय" है। पुस्तकालय कंप्यूटरीकृत है और पुस्तकालय की संपूर्ण पुस्तक सूची ऑनलाइन http://gsl.lbsnaa.gov.in पर उपलब्ध है।

पुस्तकें और सीडी/डीवीडी आरएफआईडी सक्षम हैं। पुस्तकालय परिसंचरण काउंटर के पास उपयोगकर्ताओं द्वारा पुस्तकों को जारी करने, नवीनीकृत करने और वापस करने के लिए पुस्तकालय काउंटर पर एक स्व-जारी/वापसी कियोस्क स्थापित किया गया है। आरएफआईडी सक्षम रिटर्न बुक ड्रॉप कियोस्क मुख्य परिसर में कर्मशिला भवन और ज्ञानशिला भवन के प्रवेश द्वार पर रखे गए हैं। पुस्तकालय उपयोगकर्ता पुस्तकालय आए बिना पुस्तकों को वापस करने के लिए इस सुविधा का उपयोग करते हैं। यह सेवा 24x7 उपलब्ध है।



पुस्तकालय संग्रह

गांधी स्मृति पुस्तकालय संसाधनों का एक खजाना है जिसमें लगभग 1.82 लाख दस्तावेज़ (पुस्तकें-172964, पत्रिकाओं के बंधित खंड-9497, ब्रेल पुस्तकें-64) और सीडी/डीवीडी-8184 (जिनमें व्याख्यान रिकॉर्डिंग, वृत्तचित्र और फिल्में शामिल हैं) हैं। इसके अतिरिक्त, लगभग 4376 डिजिटाइज्ड दुर्लभ और पुरानी पुस्तकें भी उपलब्ध हैं।

पुस्तकालय विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों/संस्थानों द्वारा प्रकाशित 11 ई-संसाधनों, 18 समाचार पत्रों, 65 पत्रिकाओं, 8 विदेशी पत्रिकाओं, 64 भारतीय पत्रिकाओं और 34 ई-पत्रिकाओं की सदस्यता लेता है।



पुस्तकालय निम्नलिखित ई-संसाधनों की सदस्यता लेता है:

- ईबीएससीओ का बिजनेस सोर्स कम्प्लीट: डाटाबेस 3000 से अधिक पत्रिकाओं/जर्नल लेखों की पूर्ण पाठ सामग्री प्रदान करता है जिसमें विपणन, प्रबंधन, प्रबंधन सूचना प्रणाली, उत्पादन और संचालन प्रबंधन, लेखांकन, वित्त और अर्थशास्त्र सहित व्यवसाय के विषयों को शामिल किया गया है।

- पूर्ण पाठ के साथ ईबीएससीओ का इकॉनलिट: पूंजी बाजार, देश अध्ययन, अर्थमिति, आर्थिक पूर्वानुमान, पर्यावरणीय अर्थशास्त्र, सरकारी विनियम, श्रम अर्थशास्त्र, मौद्रिक सिद्धांत, शहरी अर्थशास्त्र सहित अर्थशास्त्र के सभी क्षेत्रों में पूर्ण-पाठ लेख प्रदान करने वाला डाटाबेस और शामिल है।

- ईबीएससीओ का संपूर्ण राजनीतिक विज्ञान: डाटाबेस 340 से अधिक पूर्ण-पाठ संदर्भ पुस्तकें और मोनोग्राफ और 44,000 से अधिक पूर्ण-पाठ सम्मेलन पत्र प्रदान करता है जिसमें अंतर्राष्ट्रीय राजनीतिक विज्ञान संघ के लोग शामिल हैं।

- ईबीएससीओ का सॉकइंडेक्स: एक व्यापक समाजशास्त्र अनुसंधान डाटाबेस है। इसमें लगभग 900 जर्नल्स की पूरी पाठ्य सामग्री है तथा इसमें 1895 तक के 1500 से अधिक कोर कवरेज जर्नल्स के सूचनापरक सार हैं।

- इंडियास्टेट: इसमें भारत और उसके राज्यों के बारे में द्वितीयक स्तर का डाटा अर्थात सामाजिक-आर्थिक सांख्यिकीय डाटा शामिल है।

- जेएसटीओआर: मानवशास्त्र, एशियाई एफ्रो-अमेरिकन अध्ययन, पारिस्थितिकी, अर्थशास्त्र, शिक्षा, वित्त, सामान्य विज्ञान, इतिहास, साहित्य, गणित, संगीत, दर्शन, राजनीति शास्त्र, समाजशास्त्र तथा सांख्यिकी में विद्वतापूर्ण जर्नल्स का डिजिटल संग्रह है।

- इंडियनजर्नल्स.कॉम : (व्यवसाय, अर्थशास्त्र और प्रबंधन) जिसमें लगभग 52 भारतीय शैक्षणिक पत्रिकाएं और अनुसंधान प्रकाशन शामिल हैं।

- मनुपात्र : एक कानूनी डाटाबेस जिसमें भारत के साथ-साथ विदेशी विधि सामग्री भी व्यापक रूप से शामिल है।

- एससीसी ऑनलाइन: यह एक कानूनी डाटाबेस है जिसमें उच्चतम न्यायालय, सभी उच्च न्यायालयों, न्यायाधिकरणों और आयोगों आदि से संबंधित कानूनी मामले, वैधानिक सामग्री और अनेक विदेशी क्षेत्राधिकार और अंतर्राष्ट्रीय सामग्री सम्मिलित हैं।



- ईपीडब्ल्यूआरएफ इंडिया टाइम सीरीज : डाटाबेस अनुसंधान और विश्लेषणात्मक कार्य के लिए मैक्रोइकोनॉमिक और वित्तीय क्षेत्र की व्यापक श्रृंखला को शामिल करने वाले लगभग तेरह मॉड्यूल की ऑनलाइन श्रृंखला है।

- ईबीसी रीडर: ईबीसी रीडर ई-लाइब्रेरी, विधि सामग्री की ई-बुक पढ़ने की सुविधा है। ईबीसी रीडर सिंगल सर्च सुविधा के साथ उपलब्ध है जिससे ई-पुस्तकालय के भीतर पुस्तकों, विषयों, वाक्यांशों की खोज कर सकते हैं।

- लाइव लॉ: एक कानूनी वेबसाइट।

- बार एंड बेंच: एक कानूनी वेबसाइट।

- मैगज़्टर: एक समाचार पत्र और पत्रिका डाटाबेस।

- माईलोफ्ट: माईलोफ्ट का अर्थ है "माई लाइब्रेरी ऑन फिंगरटिप्स" यह परिसर के बाहर पुस्तकालय संसाधनों को खोजने और उपयोग करने के लिए एक दूरस्थ पहुंच उपकरण है।

पुस्तकालय *'पुस्तकों का नया आगमन'* शीर्षक से एक मासिक बुलेटिन भी प्रकाशित करता है। अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक, पुस्तकालय ने अपने संग्रह में लगभग 3,779 पुस्तकें जोड़ीं, जिनमें 1208 हिंदी, 2,571 अंग्रेजी और अन्य भाषाओं की पुस्तकें शामिल हैं।

2 (v) मेडिकल सेंटर

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी का मेडिकल सेंटर प्रशिक्षु अधिकारियों, विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रतिभागियों, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए 24×7 आपातकालीन देखभाल और बाह्य रोगी सेवाओं सहित व्यापक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करता है। आवश्यकतानुसार आपातकालीन देखभाल भी प्रदान की जाती है।

एक महिला चिकित्सा अधिकारी सहित पांच चिकित्सा अधिकारियों के अलावा, नौ स्टाफ नर्सें चिकित्सा दल को सहयोग प्रदान करती हैं। आवश्यकतानुसार ऑर्थोपेडिक्स, स्त्री रोग, बाल रोग, आंतरिक चिकित्सा, त्वचा रोग और मनोचिकित्सा जैसी विशेषज्ञ सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं।

यह मेडिकल सेंटर ईसीजी, एक्स-रे और नियमित प्रयोगशाला जांच जैसी नैदानिक सुविधाओं से अच्छी तरह सुसज्जित है।

मेडिकल सेंटर के भीतर एक डेंटल यूनिट कार्यरत है, जो कई प्रकार की बुनियादी दंत चिकित्सा सेवाएं प्रदान करती है, जिनमें कम्पोजिट रेस्टोरेशन, जीआईसी रेस्टोरेशन, अप्रत्यक्ष पल्प कैपिंग, रूट कैनाल ट्रीटमेंट (आरसीटी), दांतों की स्केलिंग और पॉलिशिंग, पल्पेक्टोमी (दूध के दांतों का आरसीटी), दांत निकालना और सामने के दांतों का निर्माण शामिल हैं।

इस केंद्र में चार फिजियोथेरेपिस्टों द्वारा संचालित एक सुसज्जित फिजियोथेरेपी यूनिट भी है। निम्नलिखित उपकरण विभिन्न प्रकार के उपचार और पुनर्वास सेवाओं में सहायक हैं:

उपलब्ध फिजियोथेरेपी उपकरणों में ट्रैक्शन के साथ माइक्रोवेव डायथर्मी, शॉर्टवेव डायथर्मी, टीईएनएस+आईएफटी+यूएसटी (कॉम्बो) की दो इकाइयाँ और यूएसटी+लेजर (कॉम्बो) की एक इकाई शामिल हैं। अन्य सहायक उपकरणों में शॉकवेव थेरेपी, हाइड्रोकोलेटर यूनिट, एंकल एक्साइजर, शोल्डर पुली और शोल्डर व्हील शामिल हैं।

मेडिकल सेंटर महत्वपूर्ण जन स्वास्थ्य दिवस मनाता है तथा नियमित रूप से रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य संबंधी वार्ताएं, प्राथमिक चिकित्सा सत्र, अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर प्रशिक्षण और स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करता है। बाहरी कर्मचारियों और चिकित्सा केंद्र के कर्मचारियों को प्राथमिक चिकित्सा और सीपीआर का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। केंद्र आस-पास के स्कूली बच्चों के लिए स्वास्थ्य जांच भी आयोजित करता है।

विशेष देखभाल की आवश्यकता वाले रोगियों को मसूरी और देहरादून में स्थित सीजीएचएस-सूचीबद्ध अस्पतालों और निदान केंद्रों में भेजा जाता है।

इसके अतिरिक्त, मेडिकल सेंटर एम्स ऋषिकेश के सहयोग से टेलीमेडिसिन और टेलीरेडियोलॉजी सेवाएं प्रदान करता है, जिससे विशेषज्ञ परामर्श तक पहुंच और देखभाल की निरंतरता में सुधार होता है।

आयुष वेलनेस सेंटर:

आयुष वेलनेस सेंटर में पंचकर्म में विशेषज्ञता प्राप्त एक चिकित्सा अधिकारी, दो पुरुष पंचकर्म तकनीशियन, दो महिला पंचकर्म तकनीशियन, दो बहु-कार्यकारी कर्मचारी, एक फार्मासिस्ट और एक हाउसकीपिंग कर्मचारी कार्यरत हैं।

इस सुविधा केंद्र में पंचकर्म क्लिनिक, स्वास्थ्यवृत्त क्लिनिक और आयुर्वेद टेलीमेडिसिन परामर्श केंद्र सहित विशेष क्लिनिक उपलब्ध हैं। यह पंचकर्म चिकित्सा, विशेष आयुर्वेदिक परामर्श, योग और आहार-जीवनशैली परामर्श के साथ-साथ एआईआईए दिल्ली के सहयोग से टेलीमेडिसिन सेवाएं प्रदान करते हुए व्यापक उपचार और परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराता है। इसके अतिरिक्त, इस यूनिट में एक आयुर्वेद औषधालय, समर्पित योग कक्ष और तीन पूरी तरह से सुसज्जित पंचकर्म उपचार कक्ष भी उपलब्ध हैं।

आयुर्शिला औषधि वाटिका और समभाव (योग) का उद्घाटन श्री राजीव गौबा, कैबिनेट सचिव, भारत सरकार द्वारा 24 फरवरी 2024 को किया गया।

2 (**vi**) राजभाषा अनुभाग

भारत सरकार के कार्यालयों में संघ की राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में राजभाषा अनुभाग की स्थापना की गई। यह अनुभाग, निदेशक के समग्र मार्गदर्शन तथा पर्यवेक्षण में कार्य करता है। राजभाषा नीति के उद्देश्य के अनुरूप सरकारी कामकाज में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को बढावा देने के लिए राजभाषा अनुभाग निरंतर प्रयासरत है। अनुभाग अकादमी में विभिन्न अनुभागों से संबंधित अनुवाद अर्थात दस्तावेजों का हिंदी अनुवाद, मुहर, नामपट्ट, बैनर, विजिटिंग कार्ड इत्यादि को नियमित रूप से हिंदी में उपलब्ध कराने का कार्य भी संपन्न करता है। इसके अलावा भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन से संबंधित कार्य भी किए जाते हैं। इस अनुभाग द्वारा विचाराधीन वर्ष 2024-25 के दौरान मुख्यतः निम्नलिखित कार्य किए गए:

भारत सरकार, राजभाषा विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप, 'क', 'ख' तथा 'ग' क्षेत्रों के साथ हिंदी पत्राचार सुनिश्चित किया गया। तदनुसार, अकादमी द्वारा 'क' क्षेत्र के साथ 91.25%, 'ख' क्षेत्र के साथ 84.92% और 'ग' क्षेत्र के साथ 76.36% पत्राचार हिंदी में किया गया। राजभाषा अधिनियम की धारा 3 (3) के अंतर्गत जारी किए जाने वाले सभी दस्तावेजों को द्विभाषी रूप में जारी किया गया। विचाराधीन वर्ष के दौरान, अनुभाग द्वारा अकादमी के पुस्तकालय में हिंदी के प्रचार-प्रसार को बढावा देने के उद्देश्य से हिंदी पुस्तकों की खरीद के लिए सुझाव दिया गया।

अकादमी में प्रभारी, राजभाषा की अध्यक्षता में प्रत्येक तिमाही में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों का आयोजन किया गया जिसमें अकादमी के विभिन्न अनुभागों में राजभाषा हिंदी में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई तथा यथोचित मार्गदर्शन किया गया। साथ ही प्रत्येक तिमाही के दौरान कार्यालय के कार्मिकों को हिंदी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु राजभाषा से संबंधित विषयों पर हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। अकादमी में नियमित रूप से संचालित पाठयक्रमों के प्रश्नपत्रों का हिंदी अनुवाद किया गया। अनुभागों से प्राप्त दस्तावेजों का हिंदी अनुवाद उपलब्ध करवाया गया।

दिनांक 31 मई, 2024 को केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो दिल्ली कार्यालय के प्रशिक्षार्थियों के लिए अकादमी द्वारा 'कार्यालयों में हिंदी की स्थिति' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

अकादमी में दिनांक 14 सितंबर से 29 सितंबर, 2024 तक 'दो सप्ताह हिन्दी के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में, अकादमी स्टाफ के लिए आशुभाषण, सभी वर्गों के लिए अलग-अलग हिंदी निबंध लेखन, श्रुतलेखन, यूनिकोड टाइपिंग तथा हिंदी काव्य रचना प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसके साथ-साथ वार्षिक टिप्पण तथा मसौदा लेखन प्रोत्साहन योजना - 2024 के तहत 10 प्रतिभागियों को समीक्षाधीन वर्ष (2023-24) के दौरान टिप्पण एवं आलेखन में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

प्रत्येक वर्ष की तरह अकादमी की पत्रिका 'सृजन' के 12वें अंक का प्रकाशन किया गया। पत्रिका में अकादमी परिवार के सदस्यों के लेख/रचनाओं को स्थान मिला तथा पत्रिका का प्रकाशन कार्य सफलतापूर्वक संपादित किया गया।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति देहरादून द्वारा केंद्रीय सरकारी कार्यालयों के वर्ग में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी को राजभाषा की प्रगति के लिए तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार दिनांक 11 मार्च, 2025 को समिति की बैठक के दौरान प्रदान किया गया।

अकादमी केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान होने के कारण सरकारी काम-काज में राजभाषा हिंदी के प्रयोग के अलावा प्रशिक्षण में भी विशेष रूप से हिंदी के प्रयोग पर बल दिया जाता है। भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुसार, अखिल भारतीय सिविल सेवा तथा केंद्रीय सेवाओं के अधिकारियों को हिंदी भाषा का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

इस प्रशिक्षण के अंतर्गत सर्वप्रथम फाउंडेशन पाठयक्रम में प्रवेश के उपरांत प्रशिक्षु अधिकारियों के हिंदी के कार्यसाधक ज्ञान की जांच करने के लिए हिंदी प्रवीणता परीक्षा आयोजित की जाती है। परीक्षा परिणाम के आधार पर प्रशिक्षु अधिकारियों को बेसिक और हायर ग्रुप में बांटकर सामान्य और व्यावहारिक हिंदी पढ़ायी जाती है।

भारतीय प्रशासनिक सेवा फेज़-I के सभी संवर्ग के अधिकारियों को अपना कार्यालयीन काम-काज करने के लिए हिंदी का ज्ञान अपेक्षित है। उनको अपने दैनंदिन कार्यकलाप यथा टिप्पण एवं प्रारूप लेखन, पत्राचार, जन संबोधन, कार्यान्वयन, बैठक लेना आदि अन्य कार्य हिंदी भाषा में करने होते हैं। साथ ही केंद्रशासित प्रदेश (अगमुट) के प्रशिक्षु अधिकारियों को भी अनिवार्य रूप से प्रशासनिक हिंदी पढ़ाई जाती है। जिन प्रशिक्षु अधिकारियों ने फाउंडेशन कोर्स में बेसिक स्तर पर हिंदी सीखी थी, उन्हें हिंदी संवर्ग मिलने पर नियमित भाषा कक्षाओं के अलावा आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कक्षाओं के माध्यम से सामान्य तथा प्रशासनिक हिंदी में प्रशिक्षित किया जाता है।

फेज–I में गैर हिंदी भाषी संवर्ग के प्रशिक्षु अधिकारियों को भी राजभाषा नीति के अनुपालनार्थ प्रयोजनमूलक तथा कार्यालयीन हिंदी सिखायी जाती है। भाषा संकाय क्षेत्रीय/संवर्ग भाषाओं को सिखाने के लिए माध्यम के रूप में हिंदी भाषा का अधिकतम प्रयोग करते हैं। भा. प्र. से. फेज-I के सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को हिंदी की परीक्षा पास करना अनिवार्य होता है।

हिंदी भाषा में प्रवीणता प्राप्त करने हेतु उन्हें विभिन्न टूल्स, सॉफ्टवेयर, पुस्तिकाएं आदि की जानकारी दी जाती है। अभ्यास पाठ्यसामग्री प्रदान की जाती है। उनकी काउंसलिंग भी की जाती है।

इसके अतिरिक्त रॉयल भूटान सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को भी व्यावहारिक बोलचाल की हिंदी का ज्ञान प्रदान किया जाता है। उनकी रूचि एवं आवश्यकता के अनुसार, सुधारात्मक कक्षाएं भी आयोजित की जाती है।

हिंदी के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने हेतु समय-समय पर विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रशिक्षु अधिकारियों के बीच हिंदी प्रतियोगिताएं करवाई जाती हैं। अकादमी के बाहर आउटरीच कार्यक्रमों में संप्रेषण का माध्यम हिंदी होता है। पाठयक्रम से संबंधित वीडियो, लघु फिल्म में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग होता है। अकादमी की हाउस जर्नल सोसाइटी की गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षु अधिकारियों को रचनात्मक लेखन के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। प्रशिक्षण के दौरान हिंदी के प्रयोग पर अधिकाधिक बल दिया जाता है। इसके अलावा जन सामान्य से जुड़े स्वच्छता संबंधी दिशा-निर्देशों एवं अन्य सूचनाओं को हिंदी में तैयार कर जारी किया जाता है।

इस प्रकार, अकादमी अपने प्रशासनिक और प्रशिक्षण, दोनों क्षेत्रों में हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर प्रयासरत है।

2 (**vii**) संपदा

अकादमी अवसंरचना का संक्षिप्त विवरण:

- कुल भूमि क्षेत्र – 218.59 एकड़
- अकादमी का कुल निर्मित क्षेत्र – 10,94,661 वर्ग फुट
- सामान्य सुविधाओं का कुल निर्मित क्षेत्र (छात्रावास, आवास और अतिथि गृहों को छोड़कर) - 4,31,078 वर्ग फुट
- छात्रावासों का कुल निर्मित क्षेत्रफल - 2,97,772 वर्ग फुट
- आवासीय और अतिथि गृहों का कुल निर्मित क्षेत्रफल - 3,46,085 वर्ग फुट
- संकाय सदस्यों और कर्मचारियों के लिए आवास – 381
- 395 कमरों वाले 09 छात्रावास
- 2 सभागार, 7 व्याख्यान कक्ष, 16 सेमिनार कक्ष, 6 सम्मेलन कक्ष
- 71 कमरों वाले अतिथि गृह, विशेष आवास आदि

उपरोक्त के संबंध में भूमिकाएँ और जिम्मेदारियाँ:

संपत्ति प्रबंधन:

संपदा अनुभाग, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी के स्वामित्व या नियंत्रण वाली संपत्तियों के प्रबंधन और रखरखाव के लिए उत्तरदायी है। इसमें यह सुनिश्चित करना शामिल है कि संपत्तियाँ अच्छी स्थिति में हैं, मरम्मत और नवीनीकरण की निगरानी करना, और यदि लागू हो तो निवासी/अधिभोगी मुद्दों का प्रबंधन करना शामिल है।

प्रचालन:

संपदा अनुभाग बिजली, हीटिंग और पानी की आपूर्ति आदि की उचित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जनरेटर, ट्रांसफार्मर, हीटिंग सिस्टम आदि जैसे विद्युत और यांत्रिक प्रणालियों के संचालन की देखरेख का कार्य करता है।

रख-रखाव और मरम्मत:

संपदा अनुभाग संपत्तियों और अचल परिसंपत्तियों जैसे जनरेटर, ट्रांसफार्मर, हीटिंग सिस्टम, फर्नीचर आदि के नियमित रखरखाव कार्यों और मरम्मत की देख-रेख करता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे बेहतर स्थिति में बने रहें। इसमें सीपीडब्ल्यूडी एवं राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ समन्वय करना, निरीक्षण का समय निर्धारित करना तथा रखरखाव अनुरोधों का जवाब देना शामिल है।

विकास और योजना:

संपदा अनुभाग संपत्ति विकास और योजना में शामिल है। इसमें संपत्ति की आवश्यकताओं का आकलन, नई संपत्तियों की खरीद, व्यवहार्यता अध्ययन करना और निर्माण परियोजनाओं की देखरेख करना शामिल है।

कानूनी अनुपालन:

संपदा अनुभाग यह सुनिश्चित करता है कि उनकी देख-रेख में सभी संपत्तियां स्थानीय कानूनों, विनियमों और क्षेत्रीकरण आवश्यकताओं का अनुपालन करती हैं। इसमें संपत्ति प्रबंधन को प्रभावित करने वाले कानूनी परिवर्तनों के बारे में अद्यतन रहना शामिल है जो संपत्ति प्रबंधन को प्रभावित कर सकते हैं तथा उचित दस्तावेज़ीकरण एवं सुगम्यता लेखापरीक्षा, सुरक्षा लेखापरीक्षा, अग्नि सुरक्षा और ऊंचाई प्रतिबंध आदि जैसे परमिट/प्रमाण-पत्र सुनिश्चित करना शामिल है। यह अनुभाग बजट, किराया संग्रह और वित्तीय रिपोर्टिंग सहित संपत्ति प्रबंधन के वित्तीय पहलुओं की भी देखरेख का कार्य करता है।

अधिभोगी संबंध:

संपदा अनुभाग प्रासंगिक नियमों के अनुसार कर्मचारियों को आवासीय क्वार्टर आवंटित करता है। यदि गेस्ट हाउस, हॉस्टल, आवासीय क्वार्टर और दुकानों जैसी संपत्तियों में अतिथि, पाठ्यक्रम प्रतिभागियों, निवासियों या किरायेदारों जैसे लोग निवास करते हैं, तो संपदा अनुभाग उनकी शिकायतों का निराकरण और कार्रवाई करता है, पट्टा समझौता संबंधी कार्य करता है तथा अधिभोगियों की संतुष्टि सुनिश्चित करता है। सभी संबंधित व्यक्तियों द्वारा उठाए जाने वाले मुद्दो को हल करने के लिए वार्डन और एसोसिएशन के साथ लगातार बैठकें आयोजित की जाती हैं।

सुरक्षा और संरक्षा:

संपदा अनुभाग अपनी देखरेख में संपत्तियों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी है। इसमें सुरक्षा उपायों को लागू करना, सुरक्षा निरीक्षण करना और सुरक्षा नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना शामिल है। अनुभाग इमारतों पर किसी अवैध कब्जे की भी जाँच करता है।

पर्यावरण एवं स्वच्छता उत्तरदायित्व:

संपदा अनुभाग को यह सुनिश्चित करने का कार्य सौंपा गया है कि संपत्तियां पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ और मानदंडों के अनुरूप हों। इसमें ऊर्जा और जल-कुशल प्रथाएं अपनाना, नगर पालिका के साथ सहयोग करना, अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छता के महत्व के बारे में कर्मचारियों, अधिकारियों, प्रशिक्षुओं, आगंतुकों और आम जनता को शिक्षित करने से संबंधित पहल शामिल हैं। यह अनुभाग आदर्श 'स्वच्छ परिसर' सुनिश्चित करने के लिए परिसर और उसके आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित करता है। कार्यों के लिए मानक प्रचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को तैयार करने के कार्य को गंभीरता से किया जाता है।

जनशक्ति प्रबंधन:

ऐसी शेड्यूलिंग प्रणाली विकसित करना जिसमें कार्यभार और अत्यधिक सफाई वाले समय के आधार पर कर्मचारियों को कुशलतापूर्वक कार्य आवंटित हो। नियमित सफाई, गहन सफाई और निवासियों या मेहमानों के विशेष अनुरोधों सहित सभी क्षेत्रों और कार्यों को शामिल करना सुनिश्चित हो सकें। कर्मचारियों को सफाई प्रक्रियाओं, उपकरण और आपूर्ति के उपयोग, सुरक्षा प्रोटोकॉल और ग्राहक सेवा मानकों पर व्यापक प्रशिक्षण प्रदान करना।

सार्वजनिक वस्तुओं के उपयोग और रखरखाव के संबंध में जागरूकता

विकसित देश बनने की पूर्व आवश्यकताओं में नागरिकों के लिए उच्च गुणवत्तापूर्ण सार्वजनिक वस्तुएं प्रदान करना शामिल है तथा ऐसी अवसंरचना का उचित रखरखाव महत्वपूर्ण है। इसमें शामिल हैं:

i. सड़कों, पुलों, फ्लाईओवरों आदि का रखरखाव
ii. सरकारी भवनों और संरचनाओं का रख-रखाव
iii. सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं जैसे रेलवे स्टेशन, बस/मोटर स्टैंड, हवाई अड्डे आदि का संरक्षण और देखभाल
iv. सड़कों, रेलवे पटरियों और सड़क के किनारों आदि की नियमित मरम्मत
v. जल निकायों (नदियों, नालों, झीलों आदि) की सफाई और रख-रखाव
vi. ट्रांसफार्मर, सब स्टेशन, पंप हाउस आदि जैसे विद्युत प्रतिष्ठानों की सुरक्षा और रखरखाव
vii. उद्यानों और खुले स्थानों का सौंदर्य संरक्षण और देखभाल

इस संदेश को प्रशिक्षुओं, विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रतिभागियों, अकादमी के आगंतुकों के साथ-साथ नगरपालिका और बड़े पैमाने पर आम जनता के बीच प्रसार के लिए, निम्नलिखित विशेष कदम उठाए गए:

i. मानक प्रचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को पीपीटी के रूप में बनाया गया तथा परिसर के अंदर व बाहर दोनों जगह बड़ी स्क्रीन पर प्रदर्शित किया गया।
ii. कार्यालय स्टाफ और हाउसकीपिंग स्टाफ को जागरूक करने के लिए प्रशिक्षण आयोजित किए गए।
iii. प्रशिक्षुओं और प्रतिभागियों को इस विषय पर पर्याप्त जानकारी दी गई।

MAINTENANCE OF PUBLIC ASSETS
सार्वजनिक संपत्ति का रखरखाव



MAINTENANCE OF ROADS
सड़कों का रखरखाव



MAINTENANCE OF ROOFTOPS
छतों का रखरखाव



MAINTENANCE OF GARDEN
गार्डन का रखरखाव



MAINTENANCE OF ROADS, BRIDGES, FLYOVERS
सड़कों, पुलों, फ्लाईओवरों का रखरखाव



MAINTENANCE OF GOVERNMENT BUILDINGS AND STRUCTURES
सरकारी भवनों और संरचनाओं का रखरखाव



MAINTENANCE OF PUBLIC TRANSIT FACILITIES
सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं का रखरखाव




MAINTENANCE OF WATER BODIES
जल निकायों का रखरखाव



MAINTENANCE OF ELECTRICAL INSTALLATIONS
विद्युत प्रतिष्ठानों का रखरखाव



AESTHETIC PRESERVATION AND CARE OF GARDENS AND OPEN SPACES
बगीचों और खुले स्थानों का सौंदर्यपरक संरक्षण और देखभाल



2 (viii) अधिकारी मेस

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी के परिसर में स्थित अधिकारी मेस, अधिकारियों की आवश्यकताओं को पूर्ण करने तथा उनमें प्रबंधकीय और संगठनात्मक कौशल विकसित करने वाली संस्था है। यह ऐसा स्थान है जहाँ पर विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के माध्यम से संस्कृतियाँ, परंपराएँ, प्रथाएँ और मान्यताएँ परस्पर मिलती हैं। यह संस्था प्रशिक्षु अधिकारियों में सार्वभौमिक भातृभाव और बंधुत्व की भावना को निरंतर बढ़ावा देती है और उसे पोषित करती है। मेस का उद्देश्य शिष्टाचार, आचरण और सेवा मामलों में उच्चतम मानकों को प्राप्त करना है। प्रत्येक प्रशिक्षु अधिकारी इस संस्था का अभिन्न अंग है।

अधिकारी मेस को मेस समिति संचालित करती है। मेस समिति के सदस्य प्रशिक्षु अधिकारियों में से ही होते हैं। इस समिति में एक अध्यक्ष, एक सचिव, एक कोषाध्यक्ष और पांच अन्य सदस्य शामिल होते हैं, जो संघ भाव को बढ़ावा देने के लिए कर्तव्य का निर्वहन करते हैं।

मेस समिति, अधिकारी मेस के निदेशक नामिति के समग्र मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण में कार्य करती है। मेस को एक पूर्णकालिक प्रबंधक (प्रचालन), प्रबंधक (लेखा), स्टोर कीपर और पर्यवेक्षकों द्वारा सहायता प्रदान की जाती है। इस संस्था के कार्यबल, अधिकारी मेस के कर्मचारी हैं जिनमें रसोइया, सहायक, टेबल बियरर, रूम बियरर, सफाई कर्मचारी और डिशवाशर शामिल हैं।

अधिकारी मेस कर्मशिला, ज्ञानशिला, मोनेस्ट्री एस्टेट, कालिंदी वीआईपी गेस्ट हाउस और इंदिरा भवन मेस परिसर में स्थित अधिकारी मेस लगभग 700 लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था करता है। अधिकारी मेस प्रतिभागियों के लिए देश के अलग-अलग भागों से संबद्ध विभिन्न प्रकार के व्यंजन परोसता है। अधिकारी मेस अपने सेवा केंद्रों के माध्यम से भी सेवा प्रदान करता है: -

1. ए.एन. झा प्लाजा कैफे,
2. होम टर्फ कैफेटेरिया,
3. स्पोर्ट्स कैफेटेरिया

कैलेंडर वर्ष 2024-25 के दौरान अधिकारी मेस के पदाधिकारी निम्नलिखित हैं: -

आईएएस चरण **II** (2022 बैच)

निदेशक नामिति: रितिका नरूला, प्रोफेसर, अर्थशास्त्र

निदेशक सह नामिति: सचिव कुमार, रीडर, विधि

- सुविग्या एस. चंद्र अध्यक्ष, मेस समिति
- शिवम चंद्र सचिव
- शुभांकर प्रत्युष पाठक कोषाध्यक्ष
- अरजीत महाजन सदस्य, मेस समिति
- राहुल आनंद सदस्य, मेस समिति
- आनंद मल्होत्रा सदस्य, मेस समिति
- अरजीत महाजन सदस्य, मेस समिति

99वां फाउंडेशन कोर्स

निदेशक नामिति: रितिका नरूला, प्रोफेसर, अर्थशास्त्र

निदेशक सह नामिति: सचिव कुमार, रीडर, विधि

- शिवरंजिनी वी. अध्यक्ष, मेस समिति
- अजय यादव सचिव
- अभिषेक अभय ओज़ार्डे कोषाध्यक्ष
- सुभद्राशिनी एम सदस्य, मेस समिति
- पिंकी मसीह सदस्य, मेस समिति
- चंद्र प्रभा मिश्रा सदस्य, मेस समिति
- बिनय गर्ग सदस्य, मेस समिति
- अंतरिक्ष कुमार सदस्य, मेस समिति

आईएएस चरण **I** (2024 बैच)

निदेशक नामिति: रितिका नरूला, प्रोफेसर, अर्थशास्त्र

निदेशक सह नामिति: सचिव कुमार, रीडर, विधि

- ओइशी मंडल अध्यक्ष मेस समिति
- मुकिलन आर. सचिव
- सुभद्राशिनी एम. कोषाध्यक्ष
- अयान जैन सदस्य, मेस समिति
- कैरोलिन चिंगथियानमावी सदस्य, मेस समिति
- किनले शेरिंग सदस्य, मेस समिति
- कृष्णा जोशी सदस्य, मेस समिति
- अर्जुन गुप्ता सदस्य, मेस समिति

अधिकारी मेस द्वारा की गई प्रमुख पहलें और गतिविधियाँ: -

- व्यापक सेवाएँ: 99वें फाउंडेशन कोर्स में नामांकित लगभग 700 प्रशिक्षु अधिकारियों की आवश्यकताओं को पूरा करते हुए, अधिकारी मेस ने पाठ्यक्रम की आवश्यकताओं के अनुसार, मेस की सीमाओं के भीतर और बाहर दोनों जगह सेवाएं प्रदान कीं।
- एमसीटी कार्यक्रम: अधिकारी मेस, फेज-III, फेज-IV, फेज-V, सीएमसीटीपी, इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम और संयुक्त सिविल सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम जैसे मध्यावधि सेवा प्रशिक्षण कार्यक्रमों के प्रतिभागियों की खानपान संबंधी जरूरतों को पूरा करता है, जिससे इन कार्यक्रमों का सुचारू संचालन सुनिश्चित होता है।
- पोषण अनुरूप व्यंजन-सूची: अधिकारी मेस में प्रशिक्षु अधिकारियों और अधिकारियों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए ध्यानपूर्वक व्यंजन सूची तैयार की है, जिससे उनके समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा मिल सके।
- उत्सव संबंधी कार्यक्रम: आंचलिक दिवसों से लेकर भारत और राज्य दिवसों के स्मरणोत्सव तक, अधिकारी मेस ने विविधता का जश्न मनाने और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए विविध प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया है।
- क्षेत्रीय पाककला का प्रदर्शन: भारत की समृद्ध पाक कला विरासत को अपनाते हुए, प्रशिक्षु अधिकारियों को हमारे विविध राज्यों के क्षेत्रीय व्यंजनों से परिचित कराया गया। इसके अतिरिक्त, अधिकारी मेस ने ओणम, उगादी, ईद, लोहड़ी और मकर संक्रांति जैसे विभिन्न त्योहारों के आयोजन में भोजन की व्यवस्था की, जिससे समावेशिता और सांस्कृतिक सद्भाव को बढ़ावा मिला।
- विशिष्ट आतिथ्य सत्कार: अधिकारी मेस ने गणमान्य व्यक्तियों और विशिष्ट अतिथियों के लिए विशेष भोजन और हाई-टी का आयोजन किया। इसमें उद्घाटन जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के लिए हाई-टी, विशेष रात्रिभोज, विदाई भोज और विभिन्न पाठ्यक्रमों के दौरान निदेशक हाई-टी शामिल रही।
- साहसिक प्रावधान: ट्रेक के लिए तैयार किए गए भोजन की पेशकश करते हुए, अधिकारी मेस ने हमारे साहसी प्रतिभागियों के लिए पोषण और जीवन शक्ति सुनिश्चित करते हुए यादगार बाहरी अनुभवों को सुगम बनाया।
- वीआईपी आतिथ्य सत्कार: प्रतिष्ठित कालिंदी गेस्ट हाउस में वक्ताओं और वीआईपी मेहमानों को सेवाएं प्रदान करते समय अधिकारी मेस के समर्पित कर्मचारियों ने त्रुटिरहित सेवाएं प्रदान की तथा आतिथ्य सत्कार के उच्चतम मानकों को बनाए रखा।
- प्रशिक्षण कार्यक्रमों हेतु सहायता: इंदिरा भवन मेस में सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों की पाक संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करते हुए, अधिकारी मेस ने इन आईएसटी कार्यक्रमों के सुचारू संचालन में भी सहयोग प्रदान किया।

- शैक्षिक प्रयास: फाउंडेशन कोर्स और आईएएस चरण-I और चरण-II पाठ्यक्रमों के दौरान आवश्यक ईसीएम कक्षाओं का आयोजन करके, अधिकारी मेस ने हमारे प्रशिक्षु अधिकारियों के समग्र विकास में योगदान दिया, जिससे नेतृत्व और प्रबंधन कौशल को बढ़ावा मिला।

2 (ix) विभागीय कैंटीन

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी अपने मुख्य परिसर में अपने प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक सुव्यवस्थित विभागीय कैंटीन चला रही है, ताकि स्टाफ सदस्यों, संकाय और प्रशिक्षु अधिकारियों की खानपान संबधी कल्याणकारी जरूरतों को पूरा किया जा सके। विभागीय कैंटीन प्रतिदिन लगभग 500 लोगों को भोजन प्रदान करती है तथा उचित मूल्य पर विभिन्न प्रकार की खाद्य और संबंधित सेवाएं प्रदान करती है। पिछले वर्ष के दौरान, विभागीय कैंटीन ने विभिन्न सम्मेलनों, पाठ्यक्रमों, अवसरों और त्योहारों के दौरान पेय पदार्थों, चाय/कॉफी, स्नैक्स और भोजन की विशेष सेवाएं प्रदान की हैं। कैंटीन में बाजरा आधारित आहार शामिल है और विशिष्ट दिनों में पारंपरिक क्षेत्रीय व्यंजनों को भी परोसा जाता है। विभागीय कैंटीन ने कर्मचारियों की सहभागिता, कल्याण और संगठनात्मक संस्कृति को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसने कर्मचारियों, संकाय सदस्यों, प्रशिक्षु अधिकारियों और विशिष्ट अतिथियों को वीवीआईपी यात्राओं के दौरान त्रुटिरहित सेवाएं प्रदान करने के लिए अपने समर्थन और क्षमता का निरंतर प्रदर्शन किया है।

2 (x) पूर्व छात्र संघ

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी का पूर्व छात्र संघ, पूर्व छात्र चार्टर द्वारा निर्देशित है और अपने सदस्यों के बीच एकता, सेवा, उत्कृष्टता और ईमानदारी के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। संघ को अकादमी निदेशक का नेतृत्व एवं निदेशक नामिति का समर्थन प्राप्त है। वर्तमान में, संघ में 14,861 से अधिक सदस्य हैं, जो लोक सेवा में शामिल पेशेवरों का मजबूत और बढ़ता हुआ नेटवर्क है।

अकादमी नियमित रूप से पूर्व छात्रों को सहायक संकाय सदस्यों के रूप में शामिल करती है, जिनकी उपस्थिति वर्तमान प्रशिक्षु अधिकारियों के प्रशिक्षण अनुभव को काफी समृद्ध बनाती है। पूर्व छात्र विभिन्न समूहों के लिए विभिन्न शिक्षण मॉड्यूल में योगदान देते हैं, जिससे संस्थागत स्मृति सुदृढ़ होती है तथा शिक्षण विधियों एवं व्यावसायिक विकास में नवाचार को बढ़ावा मिलता है। उनकी भागीदारी प्रशिक्षण प्रदायी को बेहतर बनाने, मूल्यवान प्रतिक्रिया प्राप्त करने, पुस्तकालय संसाधनों को बढ़ाने और सार्थक क्षेत्र भ्रमण को सुगम बनाने में सहायक सिद्ध होती है।

शिक्षण संबंधी गतिविधियों के अलावा, पूर्व छात्रों को नियमित अंतराल पर संरचित प्रशिक्षण कार्यक्रमों और विषयगत चर्चाओं के लिए आमंत्रित किया जाता है, जहाँ वे अतिथि वक्ता, मार्गदर्शक या विचार-

विमर्श अग्रणियों के रूप में कार्य करते हैं। अकादमी वार्षिक कैलेंडर के रूप में सेवारत और सेवानिवृत्त अधिकारियों के रियूनियन का भी आयोजन करती है, जिसका उद्देश्य सौहार्द का जश्न मनाना, सार्वजनिक सेवा के अनुभवों पर विचार साझा करना और पूर्व छात्रों तथा अकादमी के बीच संबंधों को प्रगाढ़ बनाना है।

वर्ष 2024 में, अकादमी ने निम्नलिखित प्रमुख पूर्व छात्र पुनर्मिलन (रियूनियन) समारोहों का सफलतापूर्वक आयोजन किया:

- 1973 बैच की स्वर्ण जयंती 29 से 31 मई 2024 तक आयोजित की गई, जिसमें 62 अधिकारियों ने भाग लिया।
- 1978 बैच का पुनर्मिलन 3 से 5 अप्रैल, 2024 तक आयोजित किया गया, जिसमें 46 अधिकारियों ने भाग लिया।
- 1984 बैच का पुनर्मिलन 5 से 7 जून 2024 तक आयोजित किया गया था, जिसमें 64 अधिकारियों ने भाग लिया था।

ये आयोजन पुनर्संबद्ध होने, अनुभव साझा करने और लोक सेवा की भावना को सुदृढ़ करने के लिए जीवंत मंच के रूप में कार्य करते हैं।

पूर्व छात्र संघ अकादमी और उसके पूर्व छात्रों के बीच आजीवन संबंध को पोषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिससे अकादमी का प्रभाव और विरासत उसके परिसर से कहीं अधिक दूर तक विस्तारित होता है।

2 (**xi**) आउटडोर अनुभाग

नीचे दी गई गतिविधियों का संचालन फाउंडेशन कोर्स, चरण-I, चरण-II, कैरियर के मध्य प्रशिक्षण कार्यक्रम, जेसीएम और इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम पाठ्यक्रमों में किया गया।

आउटडोर अनुभाग

- संकाय सदस्य: 1 उप निदेशक एवं प्रभारी, आउटडोर
- स्टाफ : 01 सहायक पीटीआई, 01 अवर श्रेणी लिपिक, 02 एमटीएस स्टाफ
- सहायक कोच: 07 कोच
- उप निदेशक एवं प्रभारी, आउटडोर: श्री चंद्रशेखर एस, उप निदेशक एवं प्रभारी, आउटडोर
- अनुभाग प्रभारी, आउटडोर: श्री शोभित कौशिक, सहायक पीटीआई
- लेखाकार एवं क्लर्क: श्री सुनील चहल, अवर श्रेणी लिपिक
- एमटीएस: श्री राज कुमार, श्री अली

- कोच: श्री मुरुगन, श्री नवनीत, श्री अमित यादव, श्री मुरुली, श्री पवन वालिया, श्री रवि, श्री पराग मिश्रा

उद्देश्य:

- आउटडोर अनुभाग ने अपने सभी सदस्यों यानी प्रशिक्षु अधिकारियों, सेवाकालीन पाठ्यक्रमों के प्रतिभागियों जैसे फाउंडेशन कोर्स, चरण I, चरण II, चरण III, चरण IV, चरण V, जे.सी.एम., इंडक्शन कार्यक्रम और अकादमी के संकाय सदस्यों को आउटडोर और इनडोर खेल की सुविधाएं प्रदान की।
- अनुभाग का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षु अधिकारियों और प्रतिभागियों को व्यापक अवसर प्रदान करना है, जिसके माध्यम से वे न केवल स्वास्थ्य और समग्र आत्मविश्वास पर ध्यान केंद्रित कर सकें, बल्कि बेहतर नेतृत्व कौशल और टीम वर्क करने की क्षमता भी विकसित कर सकें।
- आउटडोर सुविधाओं में लॉन टेनिस, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, क्रिकेट, फुटबॉल, लंबी पैदल यात्रा और एथलेटिक्स मीट शामिल हैं। आउटडोर गतिविधियों में घुड़सवारी के बुनियादी कौशल सिखाने के उद्देश्य से 25 घोड़ों के साथ घुड़सवारी प्रतिष्ठान शामिल है। घुड़सवारी प्रशिक्षकों को राष्ट्रपति अंगरक्षक रेजिमेंट से प्रतिनियुक्ति पर बुलाया जाता है, जो भारतीय सेना की विशिष्ट घुड़सवार रेजिमेंट है।
- इनडोर खेलों की सुविधाओं में बिलियर्ड्स, कैरम, तैराकी, शतरंज, स्नूकर, टेबल टेनिस, स्क्वैश, फुटबॉल और बैडमिंटन शामिल हैं।
- योग, ध्यान, एरोबिक्स और जुम्बा के क्षेत्र में प्रशिक्षित प्रशिक्षकों को गतिविधि सत्रों को दिलचस्प और आकर्षक बनाने के लिए काम पर रखा जाता है।
- इस क्लब में पूरे वर्ष भर प्रचालन वाली सुसज्जित व्यायामशाला है।

पाठ्यक्रमवार गतिविधि विवरण:

क्र.सं.	पाठ्यक्रम का नाम	अवधि	गतिविधियाँ	ट्रेक के स्थान
1.	एमसीटीपी का 15वां राउंड (चरण V)	8 - 26 अप्रैल 2024	योग ज़ुम्बा जिम तैराकी पैदल चलना	जॉर्ज एवरेस्ट पाइन फॉरेस्ट

क्र.सं.	पाठ्यक्रम का नाम	अवधि	गतिविधियाँ	ट्रेक के स्थान
2.	एमसीटीपी का 18वां राउंड (चरण IV)	18 जून – 13 जुलाई 2024	योग ज़ुम्बा जिम तैराकी पैदल चलना	लाल टिब्बा जॉर्ज एवरेस्ट
3.	99वां फाउंडेशन कोर्स	26 अगस्त – 29 नवंबर 2024	यू.ए.सी योग ज़ुम्बा जिम तैराकी पी.टी लंबी पैदल यात्रा दौड़ना साइकिल चलाना	लंबी-डेहर माइंस भद्राज मंदिर नाग टिब्बा हिमालय ट्रेक
4.	21वां मिड-करियर (चरण III)	2 - 27 दिसंबर 2024	ज़ुम्बा योग तैराकी साइकिल चलाना पैदल चलना जिम	लाल तिब्बा भद्राज

क्र.सं.	पाठ्यक्रम का नाम	अवधि	गतिविधियाँ	ट्रेक के स्थान
5.	चरण I 2024	2 दिसंबर 2024 – 21 अप्रैल 2025	यू.ए.सी जिम योग साइकिल चलाना पीटी दौड़ लगाना साइकिल चलाना	लेक मिस्ट केम्प्टी भद्राज जॉर्ज एवरेस्ट
6.	एमसीटीपी का 19वां राउंड (चरण IV)	6 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक	योग ज़ुम्बा जिम तैराकी पैदल चलना	लाल टिब्बा जॉर्ज एवरेस्ट
7.	एमसीटीपी चौथा राउंड	10-14 फरवरी 2025	योग ज़ुम्बा जिम तैराकी	---
8.	126वां इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम	17 फरवरी – 31 मार्च 2025	योग ज़ुम्बा पैदल चलना जिम तैराकी	जॉर्ज एवरेस्ट

गतिविधियाँ:

99वें फाउंडेशन कोर्स के लिए, अनुभाग ने एथलेटिक मीट की मेजबानी की तथा टीमवर्क व स्वस्थ प्रतियोगिता को बढ़ावा दिया। इसके अतिरिक्त, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, स्क्वैश, बैडमिंटन, क्रिकेट, तैराकी, शतरंज और इंटर हाउस प्रतियोगिता जैसे खेलों के लिए व्यापक अभ्यास सत्र फाउंडेशन कोर्स, चरण 1 और 2, मिड-करियर प्रशिक्षण कार्यक्रम चरण III, IV, V, जेसीएम, इंडक्शन कार्यक्रम और यहां तक कि रीयूनियन बैचों तक भी आयोजित किए गए।

इस अनुभाग में प्रशिक्षु अधिकारियों के बीच साहस की भावना को बढ़ावा देने के लिए साहसिक खेलों का भी आयोजन किया गया। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, अनुभाग ने 99वें फाउंडेशन कोर्स बैच के लिए विभिन्न गतिविधियों की व्यवस्था की। इन गतिविधियों में लाल टिब्बा, जॉर्ज एवरेस्ट, कैम्पटी फॉल और लेक मिस्ट जैसे स्थानों के लिए शार्ट ट्रेक शामिल रहें। प्रतिभागियों को फाउंडेशन कोर्स, चरण I और II, मिड-करियर प्रशिक्षण कार्यक्रम, संयुक्त सिविल सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम (जेसीएम) के दौरान रॉक क्लाइम्बिंग और रिवर राफ्टिंग का भी आनंद लेने का अवसर मिला। रीयूनियन बैचों के लिए भी, क्लब ने शॉर्ट ट्रेक का आयोजन किया।

2 **(xii)** समाज सेवा समिति

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में में समाज सेवा समिति एक ऐसा संगठन है जिसका संचालन निदेशक नामिति सदस्य, सह-नामिति सदस्य, प्रशिक्षु अधिकारी और लेखाकार करते हैं। यह संगठन प्रशिक्षु अधिकारियों में सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक सहभागिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसका उद्देश्य भारत के भावी अग्रणी व्यक्तियों को सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेने तथा समाज के उत्थान में योगदान देने के लिए सशक्त बनाना है। 99वें फाउंडेशन कोर्स के अंतर्गत, समाज सेवा समिति ने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जिसमें प्रशिक्षु अधिकारियों ने विभिन्न भूमिकाओं में भाग लिया।

अकादमी, मुख्य रूप से अपने आंतरिक समाज सेवा समिति के माध्यम से, सामुदायिक सहभागिता के लिए विभिन्न गतिविधियों में संलग्न है। निदेशक और संयुक्त निदेशक के मार्गदर्शन में, यह समिति अकादमी के कर्मचारियों और स्थानीय समुदाय के निवासियों की देखभाल के लिए कई पहल करती है।

समाज सेवा समिति की विभिन्न गतिविधियाँ

यह समिति अकादमी के स्टाफ और कर्मचारियों के बच्चों के लिए इन-हाउस बालवाड़ी का संचालन करती है। 2024-25 सत्र के दौरान बालवाड़ी में 106 छात्र, शिक्षक और अन्य सहायक कर्मचारी थे, जिनमें एक रसोइया भी शामिल था। समाज सेवा समिति ने संविदा कर्मचारियों के बच्चों की शिक्षा में सहायता के

लिए छात्रवृत्ति योजना शुरू की है, जो विशिष्ट वेतन सीमा के अधीन है। इस पहल का उद्देश्य योग्य छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करना तथा उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

8 सितंबर, 2024 को अकादमी के सामुदायिक केंद्र में सामान्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य स्वच्छता सारथियों (अकादमी परिसर, मेस, कार्यालयों और छात्रावासों में सफाई और स्वच्छता में शामिल दैनिक वेतन भोगी और हाउसकीपिंग स्टाफ) को निःशुल्क सामान्य स्वास्थ्य जांच और चिकित्सा स्वास्थ्य सलाह एवं परामर्श प्रदान करना था।

एमबीबीएस/बीडीएस डिग्री प्राप्त 99वें फाउंडेशन कोर्स के प्रशिक्षु अधिकारियों ने स्वच्छता सारथियों की स्वास्थ्य जांच की और विशेषज्ञ सलाह प्रदान की।



समिति ने गांधी जयंती (2 अक्टूबर, 2024) के अवसर पर, अकादमी परिवार के सदस्यों के बच्चों के लिए "स्वच्छता ही सेवा" विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। छात्रों को अपशिष्ट पृथक्करण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई और इसके व्यावहारिक पहलुओं से भी अवगत कराया गया।





वार्षिक उत्सव या अमृतोत्सव का आयोजन 5 अक्टूबर, 2024 को अकादमी में बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस जीवंत आयोजन ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित किया और प्रशिक्षु अधिकारियों को अपनी रचनात्मकता और उद्यमशीलता कौशल दिखाने का मंच प्रदान किया।

2 नवंबर, 2024 को अकादमी के मेडिकल सेंटर, दून अस्पताल और रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से सफल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कुल 78 प्रशिक्षु अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान करने के लिए स्वेच्छा से प्रतिभाग किया।



संविदा कर्मचारियों को ऑनलाइन खतरों से स्वयं को बचाने के लिए आवश्यक डिजिटल कौशल और ज्ञान से सशक्त बनाने के उद्देश्य से 7 नवंबर 2024 को व्यापक डिजिटल साक्षरता और धोखाधड़ी रोकथाम कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अकादमी के आयुर्वेद वेलनेस सेंटर के सहयोग से, समिति ने 22 नवंबर, 2024 को मसूरी के कुलरी स्थित सरकारी प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय में स्कूली बच्चों के मानसिक, शारीरिक एवं शैक्षणिक कल्याण पर सत्र का आयोजन किया।



अकादमी मेडिकल सेंटर के सहयोग से, समिति ने 7 दिसंबर, 2024 को मसूरी के सिविल अस्पताल में तपेदिक (टीबी) रोगियों की सहायता के लिए निक्षय मित्र कार्यक्रम का कार्यान्वयन किया। इस पहल का

उद्देश्य टीबी रोगियों को पोषण और भावनात्मक सहायता प्रदान करना, उनके स्वस्थ होने की प्रक्रिया को तेज करना तथा टीबी उन्मूलन के राष्ट्रीय लक्ष्य में योगदान देना है।

समिति के सदस्यों और स्वयंसेवकों ने 22 फरवरी, 2025 को सरकारी प्राथमिक विद्यालय, शार्लविल और केंद्रीय विद्यालय, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी का दौरा किया। समिति अकादमी और उसके आसपास के बच्चों के लिए शिक्षा का समर्थन करने और ज्ञानार्जन के वातावरण में सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध है। 9 मार्च 2025 को, अकादमी की समाज सेवा समिति ने देहरादून में अनाथालय और वृद्धाश्रम नारी निकेतन के भ्रमण का आयोजन किया। इस यात्रा का उद्देश्य निवासियों के साथ बातचीत करना, उनकी चुनौतियों को समझना और सार्थक गतिविधियों के माध्यम से योगदान देना था। यह एक व्यावहारिक और भावनात्मक अनुभव रहा जिसने समाज सेवा और मानव लचीलेपन के बारे में हमारी समझ को बेहतर बनाया।





समित के सदस्यों ने सामुदायिक केंद्र में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ सहयोग किया और उन्हें कढ़ाई वाले रूमाल, बुकमार्क, पेन होल्डर व ऊनी स्कार्फ आदि जैसी विभिन्न हस्तनिर्मित वस्तुएं विकसित करने में मदद की, जिसका बाद में उन्होंने 1974 बैच की स्वर्ण जयंती के दौरान अकादमी में विक्रय किया, जहां इस उद्देश्य से स्टॉल लगाए गए थे।

अकादमिक गतिविधियाँ:

इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम

अकादमिक और संस्थागत संरचना का अवलोकन:

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी – नई भूमिका

भारत में सर्वोच्च सिविल सेवा प्रशिक्षण संस्थान होने के कारण, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी, सिविल सेवकों को भविष्य के लिए तैयार करती है। माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा घोषित मिशन कर्मयोगी के सही अर्थ में, अकादमी का उद्देश्य युवा आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों के नेतृत्व गुणों को विकसित करके सच्चे कर्मयोगी बनाना है ताकि वे रचनात्मक और सृजनात्मक, कल्पनाशील एवं नवोन्मेषी, सक्रिय तथा विनम्र, पेशेवर और प्रगतिशील, ऊर्जावान एवं सक्षम, पारदर्शी तथा प्रौद्योगिकी-सक्षम बन सकें।

इन उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए, अकादमी भारतीय प्रशासनिक सेवा की वर्तमान और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, इंडक्शन प्रशिक्षण की शिक्षण पद्धति को पूरी तरह से नए और अभिनव तरीके से आकार दे रही है।

I. ज्ञान संग्रहण की नई संस्थागत व्यवस्था:

अनुसंधान सहायता इकाई: अकादमी का विचार है कि कठोर क्षेत्र अनुसंधान करने की क्षमता उन कौशलों का मूलभूत घटक है जो सभी प्रशासकों के पास होने चाहिए। नव नियुक्त प्रशिक्षु अधिकारियों में इस कौशल को विकसित करने के लिए, अकादमी मजबूत शैक्षणिक साख वाले प्रख्यात अनुसंधान पेशेवरों की विशेषज्ञता का लाभ उठाने के लिए प्रयासरत है। आईएएस चरण-I के निरंतरता में, अनुसंधान सहायता इकाई (आरएसयू) के माध्यम से प्रशिक्षु अधिकारियों को उनके जिला प्रशिक्षण के दौरान तकनीकी डेटा विश्लेषण सहायता प्रदान की जाती है। प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा इस प्रकार के अनुसंधान कार्य किए जाने वाले क्षेत्रों का निर्णय उनकी रुचि के आधार पर और संबंधित राज्य में कार्यरत अधिकारियों के परामर्श से किया जाएगा।

अध्ययन बोर्ड (बीओएस):विभिन्न क्षेत्रों में नए और समकालीन विकासों के अनुरूप प्रशिक्षण पद्धति को विकसित और अद्यतन करने के लिए, प्रत्येक क्षेत्र में प्रासंगिक विशेषज्ञता लाना अनिवार्य है। इसे सुनिश्चित करने के लिए, अकादमी ने निदेशक की अध्यक्षता में अध्ययन बोर्ड (बोर्ड ऑफ स्टडीज) का गठन किया है तथा संबंधित क्षेत्रों/कार्यक्षेत्रों में मार्गदर्शन के लिए बाहरी विशेषज्ञों को अध्ययन बोर्ड के सदस्यों के रूप में नामित किया गया है।

II. ज्ञान निरंतरता की अभिनव अवधारणा:

97वें फाउंडेशन कोर्स से प्रेरित होकर, ज्ञान के निरंतर प्रवाह की नई पद्धति के अनुरूप विभिन्न अकादमिक मॉड्यूल तैयार किए गए हैं। यह प्रवाह 120 महीनों (10 वर्ष) का है, जिसमें फाउंडेशन कोर्स (15 सप्ताह), आईएएस चरण I (22 सप्ताह), जिला प्रशिक्षण (53 सप्ताह), चरण II (6 सप्ताह) और

लगभग 8 वर्षों की पूर्व-चरण III अवधि शामिल है। इस प्रकार, आईएएस अधिकारी के जीवन के अगले 10 वर्षों तक ज्ञान का निर्बाध प्रवाह बनाए रखने के लिए, विभिन्न मॉड्यूल का स्तर एक कोर्स से दूसरे कोर्स में धीरे-धीरे बढ़ाया जाएगा।

III. सहायक संकाय सदस्य:

प्रशिक्षु अधिकारियों को उनके कैडर के बारे में सर्वोत्तम व्यावहारिक और क्षेत्र स्तरीय ज्ञान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से, विभिन्न वरिष्ठता स्तरों के आईएएस अधिकारियों में से चयनित सहायक संकाय सदस्यों की सूची तैयार करने का निर्णय लिया गया है, जो चरण - I और जिला प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों का मार्गदर्शन करेंगे। इस पहल से युवा आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों के सामने एक आदर्श प्रस्तुत होगा, जिसका वे अनुकरण कर सकेंगे और साथ ही उन्हें आपस में ज्ञानार्जन के अवसर भी मिलेंगे।

IV. नए शैक्षणिक उपकरण:

अकादमी में आईएएस प्रशिक्षण की आवश्यकता का आकलन करने के लिए प्रशिक्षण आवश्यकता विश्लेषण: प्रशिक्षण शिक्षण पद्धति की आवश्यकताओं को समझने के लिए, हाल ही में अकादमी द्वारा प्रशिक्षण आवश्यकता विश्लेषण (टीएनए) आयोजित किया गया, जिसमें 2010 से 2019 बैच के लगभग 400 आईएएस अधिकारियों को विस्तृत प्रश्नावली दी गई ताकि अकादमी को इस वर्ष के चरण - I के पाठ्यक्रम को डिजाइन करने में सहायता मिल सके।

प्रशिक्षण आवश्यकता विश्लेषण (टीएनए) के कुछ मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं: (i) शारीरिक गतिविधियों को बनाए रखने और फिटनेस तथा अच्छे मानसिक स्वास्थ्य पर जोर देने की आवश्यकता; (ii) छोटे समूहों में अच्छे केस स्टडी/केस-लेट, रोल प्ले/सिमुलेशन, आदेश लेखन आदि को शामिल करते हुए विधि मॉड्यूल पर अधिक जोर देने की आवश्यकता; (iii) वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अधिक संवाद की आवश्यकता; (iv) वरिष्ठ अधिकारियों, साथी सिविल सेवकों, मीडिया और सोशल मीडिया पर आत्म-अभिव्यक्ति के साथ संचार पर मॉड्यूल; (v) प्रशिक्षु अधिकारियों में सत्यनिष्ठा और विनम्रता की भावना विकसित करना; (vi) चरण - I के पाठ्यक्रम में केवल सैद्धांतिक दृष्टिकोण के बजाय क्षेत्र अध्ययन आधारित शिक्षण को शामिल करना; (vii) व्यावसायिकता के लिए जीवन कौशल आदि।

अल्पकालिक प्रशिक्षण के लिए, प्रशिक्षु अधिकारियों में विश्वास, टीम निर्माण, समय प्रबंधन, उचित श्रवण कौशल, संचार कौशल आदि जैसी आवश्यक दक्षताओं को विकसित करने की आवश्यकता है। साथ ही, प्रशिक्षुओं को नियमों, अधिनियमों और विनियमों का उचित ज्ञान होना चाहिए तथा प्रशिक्षु-प्रशिक्षक के बीच प्रगाढ़ संबंध विकसित करने की आवश्यकता भी प्रशिक्षण प्रशिक्षण (टीएनए) से सामने आई है। इसी प्रकार, दीर्घकालिक प्रशिक्षण आवश्यकताओं का आकलन भविष्योन्मुखी तकनीकी प्रगति, विभिन्न स्थितियों का अनुकरण करके प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए ऑनलाइन अनुभव सृजित करने,

ऑडियो/वीडियो संग्रह बनाने आदि के रूप में भी किया गया है। अकादमी प्रशिक्षण आवश्यकता विश्लेषण (टीएनए) से प्राप्त सुझावों के आधार पर पाठ्यक्रम और मॉड्यूल की योजना बनाने का प्रयास कर रही है।

डी-कंस्ट्रक्शन: भारतीय प्रशासनिक सेवा का वर्तमान तंत्र निरंतर "लर्निंग, डी-लर्निंग और री-लर्निंग" की मांग करता है। युवा आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों के मन में भारतीय प्रशासनिक सेवा के बारे में कुछ गलत धारणाएं और पूर्वाग्रह हो सकते हैं, जो जमीनी हकीकत से मेल नहीं खाते हैं। इसलिए, युवा आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों के मन में व्याप्त गलत धारणाओं को दूर करने तथा उन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवा की तेजी से बदलती जरूरतों से अवगत कराने के लिए, आईएएस प्रोफेशनल फेज-I पाठ्यक्रम में 'डी-कंस्ट्रक्शन' मॉड्यूल शामिल किया गया है। इस मॉड्यूल के दौरान, आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों को आदर्श सैद्धांतिक ढांचों तक सीमित रहने के बजाय वास्तविक दुनिया की बारीकियों को समझने, अनामिकता बनाए रखने, संयमी रहने, जमीनी हकीकत से जुड़े रहने, आम नागरिक की सादगी बनाए रखने तथा गहरी विनम्रता विकसित करने आदि के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया जाता जाता है।

भारत दर्शन: दिसंबर 2023 और जनवरी 2024 के महीनों में आयोजित भारत दर्शन (शीतकालीन अध्ययन यात्रा) को ज्ञान निरंतरता की अवधारणा के अनुरूप तैयार किया गया है। इस प्रकार, भारत दर्शन पर जाने से पहले, प्रशिक्षु अधिकारियों को उन महत्वपूर्ण अटैचमेंट से अवगत कराया गया, जिनसे वे यात्रा के दौरान गुजरेंगे, ताकि वे अपने भारत दर्शन के दौरान उनका अनुभव कर सकें। यह सशस्त्र बलों के साथ अटैचमेंट पर केंद्रित था। सेना, नौसेना और वायु सेना के साथ अटैचमेंट के अलावा, प्रशिक्षु अधिकारिय को संबंधित सशस्त्र बल अकादमी में से कम से कम किसी एक में भेजा गया ताकि सशस्त्र बलों के साथ अटैचमेंट के दौरान अर्जित अपने ज्ञान को सुदृढ़ एवं और गहन बनाया जा सके।

इस प्रकार, प्रशिक्षु अधिकारी न केवल हमारे सशस्त्र बलों के बलिदान व शौर्य को समझ और सराह सके, बल्कि कैडेट साथियों के साथ ऐसे व्यक्तिगत संबंध भी विकसित कर सके जो उनके जीवन भर कायम रहेंगे। इसके अलावा, प्रशिक्षु अधिकारी स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास और आजीविका, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, जनजातीय कल्याण, पर्यटन, उद्योग, द्वीप विकास आदि जैसे विभिन्न विकासात्मक पहलुओं से भी परिचित हुए।

प्रशिक्षु अधिकारियों को पूर्वोत्तर क्षेत्र में प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वे देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र में सेवा करने की कठिनाइयों और चुनौतियों के साथ-साथ इस क्षेत्र की भविष्य की संभावनाओं और अवसरों को समझ सकें। इसके अलावा, प्रशिक्षु अधिकारियों को देश भर के प्रमुख प्रतिष्ठित संस्थानों में भी प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वे देश की प्रगति में विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र के अपार योगदान को समझ सकें।

नेतृत्व की क्षमता को महत्व: आईएएस प्रशिक्षु अधिकारी देश के भावी पथ प्रदर्शक हैं, इसलिए अकादमी

में स्थित "सरदार पटेल नेतृत्व केंद्र" के अंतर्गत ध्यानपूर्वक तैयार किए गए विभिन्न लीडरशिप मॉड्यूल के माध्यम से उनमें प्रमुख नेतृत्व गुणों को विकसित किया जाता है। लीडरशिप मॉड्यूल के भाग के रूप में, संचार पर मॉड्यूल भी शामिल किया गया है, जो प्रशिक्षु अधिकारियों को अपने संचार कौशल को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करता है।

व्यावहारिक कौशल (सॉफ्ट स्किल्स) पर ध्यान: कार्यक्षेत्र में एक प्रभावी आईएएस अधिकारी बनने के लिए, उनके पास प्रभावी वार्ता क्षमता, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, धैर्य, आत्म-संयम, आत्म-नियंत्रण और दूसरों को ध्यान से सुनने की गहरी समझ जैसे व्यवहारिक कौशल होना आवश्यक है। ये कौशल आईएएस अधिकारी के लिए अपने करियर में प्रभावी और सफल होने के महत्वपूर्ण साधनों में से एक हैं। आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों को अकादमी में विभिन्न नवीन प्रबंधन मॉड्यूल के माध्यम से ये कौशल प्रदान किए जाते हैं।

सार्वजनिक नीति पर नए सिरे से महत्व: आधुनिक शासन में लोक नीति का महत्व समाज को बेहतर जीवन यापन में सक्षम बनाना और वस्तुओं एवं सेवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना है। आईएएस प्रशिक्षुओं अधिकारी को वर्तमान संदर्भ से अवगत कराने और भविष्य के लिए तैयार करने हेतु अकादमी के सभी पाठ्यक्रमों में लोक नीति पर महत्व दिया जा रहा है।

नए संसाधन: अकादमी की क्षमता बढ़ाने के लिए नए संसाधन बनाए जा रहे हैं - डिज-फैक केंद्र हमारे द्वारा संचालित उत्कृष्टता केंद्रों में सबसे नया जुड़ाव है। शार्लेविल ब्लॉक में स्थित यह क्षेत्र अध्ययन और जिला प्रशासन केंद्र, एक ऐसे शिक्षण क्षेत्र के रूप में परिकल्पित है जो ऐतिहासिक और समकालीन ज्ञान भंडार, व्यवहार से प्राप्त विविध अनुभव, उन्नत डेटा विश्लेषण और डैशबोर्डिंग और वास्तविक समय, केस-आधारित शिक्षण को कार्यक्षेत्र अभ्यासकर्ताओं के लिए प्रयोगशाला के रूप में कार्य करता है। इस केंद्र का उद्देश्य ऐसा शिक्षण अनुभव प्रदान करना है जो प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ-साथ कार्यक्षेत्र में विभिन्न क्षमताओं में सेवारत युवा अधिकारियों को जिला परितंत्र (इकोसिस्टम) के बारे में जानने, एक-दूसरे से ज्ञानार्जन और कार्यक्षेत्र अध्ययन, अनुसंधान और विश्लेषण में योगदान करने में सक्षम बनाए।

डिज-फैक केंद्र के उद्देश्यों में निम्नलिखित शामिल हैं:

1. जिले के परितंत्र के ज्ञानार्जन में सक्षम बनाना - जिला राजपत्रों के माध्यम से; भूमि प्रशासन प्रणाली; केंद्र और राज्य सरकार के डेटाबेस; 22 आधिकारिक भाषाओं के लिए उपलब्ध ऑनलाइन भाषा शिक्षण पद्धति के माध्यम से राज्य/जिले की भाषा; महत्वपूर्ण राज्य कानून; परिवीक्षाधीन अधिकारियों/एसडीएम/डीडीओ/जिला मजिस्ट्रेट आदि द्वारा प्रस्तुत पिछले कार्य/परियोजनाएं/शोध प्रबंध

2. परस्पर ज्ञानार्जन को सक्षम बनाना – सर्वोत्तम प्रथाओं तक पहुंच, युवा अधिकारियों द्वारा की गई पहलों के केस स्टडी; डिजिटल डैशबोर्ड तक पहुंच जो परियोजनाओं, कार्यक्रमों और

योजनाओं के एक स्पेक्ट्रम पर विभिन्न जिलों के प्रदर्शन के तुलनात्मक मूल्यांकन और समझ को सक्षम बनाते हैं; स्वांत सुखाय पहल आदि के तहत हर वर्ष प्रभावशाली जिला स्तरीय हस्तक्षेपों की पहचान, विश्लेषण और मूल्यांकन

3. क्षेत्रीय अनुसंधान और अध्ययनों में भाग लेने, उनमें योगदान देने एवं केस स्टडी का दस्तावेजीकरण करने में सक्षम बनाना

डेटा एनालिटिक्स और ई-गवर्नेंस: भविष्य के लिए तैयार रहने हेतु, प्रशिक्षु अधिकारियों को डेटा विश्लेषण जैसे उन्नत सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी उपकरणों से परिचित होना आवश्यक है। जिलों और राज्यों में भारी मात्रा में डेटा उत्पन्न होता है, लेकिन इसका उचित उपयोग नहीं हो पाता है। अतः केंद्रित, लक्षित और समयबद्ध नीतिगत हस्तक्षेपों के लिए विभिन्न स्तरों पर डेटा को एकीकृत और विश्लेषण करने की तत्काल आवश्यकता है। अकादमी भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और इस क्षेत्र के अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ मिलकर डेटा विश्लेषण और ई-गवर्नेंस पर जानकारी प्रदान कर रही है।

ग्रामीण प्रबंधन/ग्रामीण उद्यम और ग्रामीण आपूर्ति श्रृंखला एवं सहकारी समितियों पर ध्यान केंद्रित करना: कृषि पद्धतियों में सुधार लाने, ग्रामीण कृषि आपूर्ति श्रृंखला का बेहतर प्रबंधन करने तथा कृषि आधारित उद्यमों को प्रभावी ढंग से बढ़ावा देने की तत्काल आवश्यकता है। आईएएस अधिकारियों को इन क्षेत्रों के महत्व को समझना चाहिए ताकि वे देश की आर्थिक वृद्धि में प्रभावी और सतत रूप से बेहतर योगदान दे सकें।

मूल्यांकन और आकलन का नया स्वरूप: पारंपरिक आवधिक परीक्षाओं के आयोजन की पद्धति से हटकर, अकादमी ने प्रत्येक शैक्षणिक मॉड्यूल के बाद समवर्ती मूल्यांकन पर जोर देने का निर्णय लिया है। यह मूल्यांकन शोधपत्र प्रस्तुत करने, व्यक्तिगत/छोटे समूह में प्रस्तुति देने, वाद-विवाद और चर्चा आदि के माध्यम से किया जाएगा। इससे आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों के मन में संबंधित क्षेत्र के बारे में नवीन विचार और चिंतन विकसित करने में सहायता मिलेगी। साथ ही, प्रस्तुति, वाद-विवाद, चर्चा आदि का अवसर मिलने से संचार और कौशल का विकास होगा तथा कुछ प्रशिक्षु अधिकारियों के मन में छिपे अवरोध और डर को कम करने में सहायता मिलेगी।

पर्यावरण और वन पर नया मॉड्यूल (मानव-वन्यजीव संघर्ष): मानव अस्तित्व के लिए यह आवश्यक है कि सभी वन्यजीव प्रजातियों और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, संवर्धन और सुरक्षा की जाए। वन क्षेत्रों पर मानव द्वारा तेजी से अतिक्रमण के कारण, कई वन्य प्रजातियों के प्राकृतिक आवास तेजी से सिकुड़ रहे हैं, जिससे देश के विभिन्न हिस्सों में वन्यजीवों और मनुष्यों के बीच बार-बार टकराव और संघर्ष हो रहा है। साथ ही, अवसंरचनात्मक विकास की बढ़ती मांग के कारण, कई प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए पशु और मानव के बीच अति-संवेदनशील

संतुलन को समझना अत्यंत आवश्यक है। इसलिए, इस क्षेत्र में प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से, आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों को दो दिनों के लिए जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान ले जाकर इस संबंध में व्यावहारिक क्षेत्र मॉड्यूल से अवगत कराने का निर्णय लिया गया है। यहां, प्रशिक्षु अधिकारी मानव और वन्यजीवों के बीच संबंध, पुनर्वास, सामान्य प्रशासन और वन/वन्यजीव प्रशासन के बीच प्रभावी समन्वय, पारिस्थितिक पर्यटन की संभावनाएं और चुनौतियां आदि जैसे मुद्दों का अवलोकन और अध्ययन कर सकते हैं।

शारीरिक फिटनेस और खेलों पर नए सिरे से महत्व: प्रशिक्षु अधिकारियों की शारीरिक फिटनेस पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रशिक्षु अधिकारियों को अपनी पसंद के किसी भी खेल को चुनने और उसमें उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, ताकि उनकी शारीरिक और मानसिक फिटनेस के साथ-साथ खेल भावना का विकास हो सके। इसके अलावा, सप्ताहांत में प्रशिक्षु अधिकारियों को गंगा में व्हाइट वाटर राफ्टिंग, ट्रेकिंग, रॉक क्लाइंबिंग आदि जैसे साहसिक खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, ताकि उनके मन और शरीर की क्षमताओं का विस्तार हो सके। इससे वे अपनी क्षमताओं की नई सीमाओं को जान सकेंगे और साहसिक भावना के साथ-साथ अनिश्चित परिस्थितियों का सामना करने की क्षमता भी विकसित कर सकेंगे।

कुल मिलाकर, अकादमी का लक्ष्य युवा आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों में चरित्र और सत्यनिष्ठा के गुणों का निर्माण करना और "अनुशासन और कर्तव्य" की गहन भावना विकसित करना है।

आउटडोर और पाठ्येतर गतिविधियाँ

अकादमी का उद्देश्य न केवल शारीरिक फिटनेस के क्षेत्र में बल्कि उनके चुने हुए खेल में भी उत्कृष्टता का स्तर बढ़ाना है। इसके लिए, देश भर के कुशल प्रशिक्षकों को प्रत्येक प्रशिक्षु के मार्गदर्शन, समर्थन और सहायता के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। यह सुनिश्चित किया जाता है कि पूरे पाठ्यक्रम के दौरान सत्र आकर्षक, रोचक और सबसे महत्वपूर्ण रूप से चोट-मुक्त रहें। पाठ्यक्रम के अंत तक, यह आशा की जाती है कि प्रशिक्षु खेल और शारीरिक फिटनेस से जुड़े मूल्यों जैसे अनुशासन, टीम भावना, सौहार्द और सबसे महत्वपूर्ण रूप से 'शरीर की अंतर्निहित बुद्धिमत्ता' को आत्मसात कर लेंगे, जिसमें प्रशिक्षु अपने शरीर को अच्छी तरह से जानेंगे तथा फिटनेस के क्षेत्र में इसकी आवश्यकताओं को समझेंगे।

सप्ताहांतों पर साहसिक खेल गतिविधियाँ और ट्रेकिंग कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जिन अधिकारियों की रुचियाँ और शौक आधिकारिक कार्य से अलग होते हैं, वे नौकरी से उत्पन्न तनाव का बेहतर ढंग से प्रबंधन कर पाते हैं। प्रशिक्षु अधिकारियों को पाठ्येतर गतिविधियों के माध्यम से रचनात्मक गतिविधियों के प्रति रुचि विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। संगीत, नृत्य और रंगमंच के राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियाँ भी दी गईं।

3 (**i**) आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण-**I** (2023 बैच)

(6 नवंबर, 2023 से 5 अप्रैल, 2024 तक)

कार्यक्रम का उद्देश्य/लक्ष्य समूह	नव नियुक्त आईएएस अधिकारियों के लिए व्यावसायिक पाठ्यक्रम
पाठ्यक्रम समन्वयक	श्री नंद कुमारम, उप निदेशक (वरिष्ठ)
सह पाठ्यक्रम समन्वयक	श्री शेलेश नवाल, उप निदेशक श्रीमती रितिका नरूला, प्रोफेसर डॉ. एकता उनियाल, रीडर श्री रोमियो विंसेंट टेटे, सहायक निदेशक
समापन समारोह के दौरान संबोधन	श्री जगदीप धनखड़, भारत के माननीय उपराष्ट्रपति
प्रतिभागियों की कुल संख्या	184 (181 और 03 आरबीसीएस से) (पुरुष- 107; महिला- 77) आईएएस चरण-**I** के प्रतिभागियों का विवरण अनुबंध - **I** में संलग्न है।

पाठ्यक्रम के लक्ष्य

i. अकादमी का उद्देश्य युवा आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों को नेतृत्व गुणों से परिपूर्ण करके उन्हें वास्तविक कर्मयोगी बनाना है, ताकि वे रचनात्मक एवं सृजनात्मक, कल्पनाशील एवं नवोन्मेषी, सक्रिय एवं विनम्र, पेशेवर एवं प्रगतिशील, ऊर्जावान एवं सक्षम, पारदर्शी एवं प्रौद्योगिकी-सक्षम होने के साथ-साथ प्रभावी सिविल सेवक बनने के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और दृष्टिकोण से परिपूर्ण हों।

ii. नैतिक और विकासात्मक प्रशासन के संबंध में ज्ञानार्जन के अनुभव सृजित करना।

पाठ्यक्रम के उद्देश्य

i. उभरते सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक-कानूनी रुझानों का अखिल भारतीय परिप्रेक्ष्य प्राप्त करना; आईएएस की उभरती भूमिका और अन्य सेवाओं के साथ इसकी साझा प्रशासनिक जिम्मेदारियों की समझ प्राप्त करना।

ii. निम्नलिखित क्षेत्रों में करियर के पहले दशक में प्रशासनिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्राप्त करना:

- कानून और कानूनी उपकरण
- प्रशासनिक नियम, प्रक्रियाएं और कार्यक्रम दिशानिर्देश
- आधुनिक प्रबंधन उपकरण और
- आर्थिक विश्लेषण

iii. आवंटित राज्य की क्षेत्रीय भाषा में दक्षता प्रदर्शित करना ताकि इसके प्रशासनिक और सांस्कृतिक लोकाचार को बेहतर ढंग से समझा जा सके

iv. आवंटित राज्य की सांस्कृतिक और सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की समझ प्राप्त करना

v. पारस्परिक और संगठनात्मक दोनों संदर्भों में प्रभावी लिखित/मौखिक संचार कौशल का प्रदर्शन करें

vi. सही मूल्यों और दृष्टिकोणों का प्रदर्शन करना

vii. शारीरिक फिटनेस बनाए रखना

पाठ्यक्रम अवलोकन और रूपरेखा

मिशन कर्मयोगी के चरण-I कार्यक्रम का पाठ्यक्रम रूपरेखा जानबूझकर उदार भावना और विषयवस्तु को ध्यान में रखकर तैयार की गयी। प्रशिक्षु अधिकारियों को अध्ययन, ज्ञानार्जन और अनुभव करने के लिए पर्याप्त स्थान प्रदान करने के साथ-साथ, यह प्रमुख दक्षताओं, अर्थात् कार्यक्षेत्र ज्ञान (सही ज्ञान), व्यवहारिक (सही दृष्टिकोण) और कार्यात्मक (सही कौशल) प्रदान करने का प्रयास करता है, जो उन्हें भविष्य की जिम्मेदारियों को संभालने और न केवल दिन-प्रतिदिन की कार्य चुनौतियों, बल्कि अप्रत्याशित और आपातकालीन संकटों से भी प्रभावी ढंग से निपटने में सक्षम बनाएगा। 2023 बैच के लिए 22 सप्ताह का आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम, चरण-I, 6 नवंबर, 2023 को शुरू हुआ और 5 अप्रैल, 2024 को समाप्त हुआ। इसके दो मुख्य घटक थे:

क. शीतकालीन अध्ययन दौरा सह भारत दर्शन (25 दिसंबर, 2023 से 2 फरवरी, 2024 तक)

ख. परिसर में आयोजित प्रशिक्षण संबंधी जानकारी भाग 01 (6 नवंबर, 2023 से 25 दिसंबर, 2023 तक)

ग. परिसर में आयोजित प्रशिक्षण सामग्री भाग 02 (12 फरवरी, 2024 से 5 अप्रैल, 2024 तक)

चरण – I का पाठ्यक्रम पूर्णकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है जिसमें पाठ्यचर्या और पाठ्येतर गतिविधियों का विविधता के साथ शामिल है। सामान्य दिन की शुरुआत सुबह 6:40 बजे हैप्पी वैली मैदान में शारीरिक व्यायाम से होती थी। शामें क्लबों और समितियों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों, जिनमें सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शामिल थे, के लिए समर्पित थीं।

बैच प्रोफ़ाइल: आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण-1 (2023-25)

- इस वर्ष के बैच में 181 आईएएस प्रशिक्षु अधिकारी (ओटी) और 03 आरबीसीएस प्रशिक्षु हैं, जो वर्तमान में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।
- आईएएस चरण-1 के प्रशिक्षु अधिकारियों के बैच प्रोफाइल में विषयगत अनुशासन, औसत आयु-वितरण, सामाजिक और लैंगिक विविधता के संदर्भ में विविधता दिखाई देती है।

क. जेंडर विविधता -184 प्रशिक्षु अधिकारियों में से 58% पुरुष और 42% महिलाएँ हैं।

ख. औसत आयु -इस बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों की औसत आयु 26-27 वर्ष के बीच है।

ग. विषयवार अध्ययन विषय - प्रशिक्षु अधिकारियों के विषयों में इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि, मानविकी, सामाजिक विज्ञान और विज्ञान, शुद्ध विज्ञान, चिकित्सा, कानून, इंजीनियरिंग व प्रबंधन तथा वाणिज्य शामिल हैं।

शिक्षण पद्धति और अकादमिक इनपुट

i. आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम का चरण-I सिविल सेवाओं के लिए आवश्यक कौशल सिखाने के लिए तैयार किया गया है, जिसमें विभिन्न क्षेत्र, कार्य और व्यवहार शामिल हैं। इसके अलावा, यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है कि अधिकांश शिक्षण कक्षा सत्रों तक सीमित होने के बजाय अनुभवात्मक और सहपाठी मार्गदर्शन पर आधारित हो।

ii. मॉड्यूल की आवश्यकता के अनुसार कक्षा सत्रों को व्यावहारिक सत्रों या कार्यक्षेत्र भ्रमण के साथ संरचित और समन्वित किया जाता है। उदाहरण के लिए, स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास मॉड्यूल में, प्रशिक्षु अधिकारियों ने देहरादून में बाल चिकित्सालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पतालों और आंगनवाड़ी केंद्रों का दौरा किया ताकि उन्हें स्वास्थ्य एवं महिला विकास अवसंरचना, उनके कामकाज और विभिन्न स्वास्थ्य एवं महिला विकास योजनाओं के कार्यान्वयन का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हो सके।

iii. परिसर में आयोजित शैक्षणिक प्रशिक्षण 6 नवंबर 2023 को शुरू हुआ और 5 अप्रैल 2024 को समाप्त हुआ। जबकि 'भारतीय प्रशासनिक सेवा (प्रशिक्षु अधिकारी अंतिम परीक्षा) विनियम, 1955' के तहत निर्धारित पाठ्यक्रम मूल ढांचा है। आईएएस अधिकारियों की बदलती प्रशिक्षण आवश्यकताओं के अनुरूप इसमें उपयुक्त संशोधन किए गए हैं।

iv. आईएएस प्रोफेशनल कोर्स का चरण-I, जो 22 सप्ताहों का एक सुविचारित कार्यक्रम था, केवल कार्यदिवसों तक ही सीमित नहीं रहा; यह चुनिंदा सप्ताहांतों तक भी विस्तारित रहा और हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता और हमारे सम्मानित अतिथियों के लचीलेपन का प्रमाण था। यह अवधि गहन अध्ययन, व्यक्तिगत विकास और व्यावसायिक उन्नति का एकीकरण थी, जिसे 26 सुविचारित मॉड्यूल के माध्यम से संरचित किया गया था, जिनमें से प्रत्येक का उद्देश्य हमें लोक सेवा की चुनौतियों और जिम्मेदारियों के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करना था।

v. संरचित मॉड्यूल के अलावा, पाठ्यक्रम को ट्यूटर ग्रुपों और ईसीएम सत्रों द्वारा समृद्ध बनाया गया गया, जिससे पारस्परिक अधिगम और साझा अनुभवों का वातावरण तैयार हुआ। ये अंतःक्रियाएँ केवल ज्ञान प्राप्त करने तक सीमित नहीं थीं, बल्कि हमारे राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित भावी पथ प्रदर्शकों का एक समुदाय बनाने के बारे में भी थीं। सप्ताहवार मॉड्यूल का विवरण इस प्रकार है:

सप्ताहवार मॉड्यूल विवरण

क्र.सं.	सप्ताह	मॉड्यूल
1.	सप्ताह-1	डीकंस्ट्रक्शन
2.	सप्ताह-2	खरीद, वित्त और परियोजना प्रबंधन
3.	सप्ताह-3	अनुसंधान पद्धति और मात्रात्मक तकनीकें
4.	सप्ताह-4	शहर आधारित एवं विधि
5.	सप्ताह-5	डेटा साइंस और मशीन लर्निंग एवं सार्वजनिक सेवा वितरण (डीएएमएल)
6.	सप्ताह-6	महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य एवं विधि
7.	सप्ताह-7	राष्ट्रीय सुरक्षा और वन एवं पर्यावरण
8.	सप्ताह-8-14	(शीतकालीन अध्ययन यात्रा) डब्ल्यूएसटी

क्र.सं.	सप्ताह	मॉड्यूल
9.	सप्ताह-15	शिक्षा, आपदा प्रबंधन, अवसंरचना एवं इंजीनियरिंग
10.	सप्ताह-16	सीएपीएफ मॉड्यूल, समष्टि अर्थशास्त्र और उद्योग एवं उद्यमिता
11.	सप्ताह-17	(डेटा साइंस और मशीन लर्निंग और सार्वजनिक सेवा वितरण), सार्वजनिक नीति और नैतिकता
12.	सप्ताह-18	कृषि एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज (आरडीपीआर)
13.	सप्ताह-19	मानव संसाधन प्रबंधन, चुनाव और समष्टि अर्थशास्त्र और आईएमएफ टीम
14.	सप्ताह-20	भू-राजस्व और भू-प्रशासन
15.	सप्ताह-21	जिला प्रशासन (अवलोकन), संचार मॉड्यूल
16.	सप्ताह-22	शासन (सरकारी प्रक्रिया पुनर्रचना) और विधि

विधि, लोक प्रशासन, राजनीति विज्ञान एवं संविधान तथा प्रबंधन एवं अर्थशास्त्र संकायों में पाठ्यक्रम तैयार किए गए। लोक प्रशासन मॉड्यूल को विषयगत आधार पर संरचित किया गया, जिसमें आईएएस अधिकारियों को जिन विभिन्न क्षेत्रों का सामना करना पड़ता है, उन्हें शामिल किया गया। इनके साथ-साथ भाषा और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के सत्र भी आयोजित किए गए।

चूंकि चरण-I का व्यावसायिक पाठ्यक्रम ज्ञान निरंतरता के सिद्धांत पर आधारित है, इसलिए इसे इस प्रकार तैयार किया गया है कि यह फाउंडेशन कोर्स के बाद निरंतरता के अगले स्तर के रूप में कार्य करता है। यह पाठ्यक्रम मिशन कर्मयोगी द्वारा निर्धारित सभी मुख्य दक्षताओं को प्राप्त करने पर जोर देता है, अर्थात् कार्यात्मक (सही कौशल), डोमेन ज्ञान (सही ज्ञान) और व्यवहारिक (सही दृष्टिकोण)।

मॉड्यूल रूपरेखा और विवरण- 22 सप्ताह के इस कार्यक्रम को तीन मुख्य घटकों में संरचित किया गया है:

1) शीतकालीन पूर्व अध्ययन दौरा (7 सप्ताह)

2) शीतकालीन अध्ययन दौरा (7 सप्ताह, जिसमें एक सप्ताह का अवकाश शामिल है)

3) शीतकालीन सत्र के उपरांत अध्ययन दौरा (8 सप्ताह)

मिशन कर्मयोगी का उद्देश्य एक ऐसे पाठ्यक्रम के माध्यम से रचनात्मकता, सक्रियता, व्यावसायिकता, पारदर्शिता और नवाचार जैसे गुणों से युक्त आदर्श सिविल सेवकों का विकास करना है जो डोमेन ज्ञान, कार्यात्मक कौशल और व्यवहार प्रशिक्षण को एकीकृत करता है। यह दृष्टिकोण प्रशासनिक पथ प्रदर्शकों को राष्ट्र और उसके नागरिकों की प्रभावी ढंग से सेवा करने के लिए तैयार करता है। तदनुसार, पाठ्यक्रम को इस प्रकार संरचित किया गया है कि इसमें डोमेन, कार्यात्मक और व्यवहारिक पहलुओं को पाठ्यक्रम डिजाइन में शामिल किया गया है। अकादमिक मॉड्यूल का विवरण इस प्रकार है:

1. शीतकालीन पूर्व अध्ययन दौरा अकादमिक मॉड्यूल

क. 2023 बैच की शुरुआत एक व्यापक सप्ताह भर चलने वाले डीकंस्ट्रक्शन मॉड्यूल से हुई, जिसके दौरान क्षेत्र और सचिवालय दोनों स्तरों के वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न विषयगत क्षेत्रों से संबंधित संभावनाओं, चुनौतियों और अनुभवों के बारे में जानकारी साझा की।

विषयक्षेत्र कौशल के संदर्भ में, मॉड्यूल में निम्नलिखित शामिल हैं:

क. विधि - आदेश लेखन के मूल सिद्धांत, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, दंड प्रक्रिया संहिता, तलाशी एवं ज़ब्ती और जांच एवं अप्राकृतिक मृत्यु, उत्तराधिकार अधिनियम, संपत्ति हस्तांतरण अधिनियम एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 पर आदेश लेखन और लेखन।

ख. शहरी विकास - शहरी शासन और योजना, शहरी आवासन और शहरी परिवहन, नगरपालिका वित्तपोषण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और शहरी अवसंरचना परियोजनाएं।

ग. स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास - राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई)। सार्वजनिक स्वास्थ्य में मानव संसाधन, स्वास्थ्य पोषण अभियान और मिशन शक्ति के लिए खरीद।

घ. वित्तीय प्रबंधन और खरीद - परियोजना प्रबंधन, वित्त की संरचना, परियोजना नकदी प्रवाह, सरकारी खातों का बजट बनाना, पूंजी बजट बनाना, परियोजना समीक्षा निगरानी और सार्वजनिक खरीद।

ङ. डेटा साइंस और मशीन लर्निंग (डीएएमएल) - सार्वजनिक सेवा प्रदायगी और सार्वजनिक नीति के अनुकूलन में डीएएमएल का उपयोग, विनियमन में सांख्यिकीय अवधारणाओं का अनुप्रयोग, सांख्यिकी को कवर करने वाली मात्रात्मक तकनीकें और डेटा विज़ुअलाइज़ेशन के उपकरण।

च. राष्ट्रीय सुरक्षा - राष्ट्रों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों की भूमिका, राष्ट्रीय लचीलेपन में सीएपीएफ की प्रमुख भूमिका, समुद्री सुरक्षा के माध्यम से सीमाओं की सुरक्षा और उग्रवाद का मुकाबला: राष्ट्रीय रक्षा में उग्रवाद विरोधी रणनीतियों से निपटने की रणनीतियाँ।

बुनियादी पाठ्यक्रम (14 सप्ताह) में पहले से ही प्रशिक्षित चिकित्सकों को एक्सेल की मूल बातें, एडवांस्ड एक्सेल, एसक्यूएल, पॉवर बीआई जैसी जानकारी प्रदान की जा चुकी है, लेकिन चरण-1 के प्रशिक्षण में सांख्यिकी और अनुसंधान पद्धति को कवर करने वाली मात्रात्मक तकनीकों पर बहुत जोर दिया गया है, साथ ही प्रभावी निर्णय लेने और सार्वजनिक सेवा वितरण में तेजी लाने के लिए डेटा साइंस और मशीन लर्निंग का उपयोग किया गया है।

व्यवहारिक कौशल के संदर्भ में, नेतृत्व, नैतिकता और संचार पर आधारित मॉड्यूल को विशेष रूप से इस समूह के लिए तैयार किया गया है ताकि उन्हें व्यवहारिक कौशल प्रदान किए जा सकें जो नेतृत्व और समन्वय के पदों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

2) शीतकालीन अध्ययन दौरा (डब्ल्यूएसटी)

आईएएस चरण-1 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में छह सप्ताह तक चलने वाले शीतकालीन अध्ययन दौरे (डब्ल्यूएसटी) के रूप में परिसर से बाहर और अनुभवात्मक शिक्षा शामिल है, जिसके बाद एक सप्ताह के ग्रामीण दौरे होते हैं, जिसमें नीचे सूचीबद्ध विभिन्न अटैचमेंट शामिल हैं। इससे प्रशिक्षु अधिकारियों को हमारे देश की विविधता का अनुभव करने और अनेक संगठनों के कामकाज को करीब से देखने और समझने का अवसर मिलता है। प्रशिक्षु अधिकारियों को लगभग 18-20 के समूहों में विभाजित किया जाता है, जिनमें से प्रत्येक समूह देश भर में लगभग 20,000 किलोमीटर की यात्रा करता है।

क. रक्षा (सेना, वायुसेना और नौसेना) - जम्मू सेक्टर, श्रीनगर सेक्टर, III और IV कोर

ख. द्वीप - अंडमान व निकोबार और लक्षद्वीप

ग. निजी क्षेत्र - मारुति सुजुकी प्लांट, टी-हब, रिलायंस पेट्रोकेमिकल, टाटा मोटर्स और इंफोसिस

घ. सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयाँ (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम) - ओएनजीसी, एनटीपीसी, एचएएल, बीएचईएल, औरभिलाई इस्पात संयंत्र (एसएआईएल)

ङ. बड़े सार्वजनिक ट्रस्ट - माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड, स्वर्ण मंदिर, काशी विश्वनाथ मंदिर औरमहाकाल पब्लिक ट्रस्ट, उज्जैन (म.प्र.)

च. गैर सरकारी संगठन - अक्षय पात्र फाउंडेशन, ग्राम्य विकास मंच, रामकृष्ण मिशन संस्थान, (डब्ल्यूबी प्रधान और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन/सहगल फाउंडेशन)

छ. वन एवं पर्यावरण - कान्हा राष्ट्रीय उद्यान, सुंदरबन राष्ट्रीय उद्यान, गिर राष्ट्रीय उद्यान, ताडोबा टाइगर रिजर्व राष्ट्रीय उद्यान और नामदाफा राष्ट्रीय उद्यान

ज. बंदरगाह/पोर्ट ट्रस्ट- विशाखापत्तनम पोर्ट ट्रस्ट, श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट ट्रस्ट, कोलकाता, जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट, कोचीन पोर्ट ट्रस्ट और कांडला पोर्ट ट्रस्ट

झ. शहरी - अमृतसर, भोपाल, रायपुर और वाराणसी में स्मार्ट सिटी परियोजना, नमामि गंगा परियोजनाएँ औरमिनजुर समुद्री जल विलवणीकरण संयंत्र, महानगर जल आपूर्ति सीवरेज बोर्ड, बीएमसी और आगरा विकास प्राधिकरण

ञ. बड़ी अवसंरचना परियोजना - बेंगलुरु मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन, लखनऊ मेट्रो, नया पंबन रेल पुल और कमुथी सौर ऊर्जा परियोजना, तुमकुर मेगा फूड पार्क, और इंदौर बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (बीआरटीएस)

ट. राष्ट्रीय महत्व के संस्थान/वैज्ञानिक प्रतिष्ठान - राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग केंद्र (इसरो), टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च, आईसीएमआर - वेक्टर कंट्रोल रिसर्च सेंटर, आईएसआरओ राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और कलपक्कम परमाणु संयंत्र

शीतकालीन अध्ययन यात्रा से पहले, विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों के विशेषज्ञों/अभ्यासकर्ताओं/वरिष्ठ अधिकारियों को प्रत्येक प्रशिक्षण केंद्र का व्यापक अवलोकन देने के लिए सत्र आयोजित करने के लिए आमंत्रित किया गया, ताकि वे प्रशिक्षण केंद्रों के कामकाज, अपनी भूमिका और जिम्मेदारियों को समझ सकें और प्रमुख ज्ञानार्जन को दस्तावेज़ित कर सकें, जिनका उपयोग भविष्य के बैचों के लिए ज्ञान साझा करने के लिए किया जाएगा।

3) शीतकालीन अध्ययन यात्रा के बाद के अकादमिक मॉड्यूल- शीतकालीन अध्ययन दौरे (डब्ल्यूएसटी) के बाद निम्नलिखित मॉड्यूल कवर किए जाते हैं।

क. शिक्षा - शिक्षा की प्रणाली और संरचना, नई शिक्षा नीति, विद्यालयों में नवाचार, निपुण भारत (बुनियादी शिक्षा), प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता - तृतीय पक्ष की भूमिका।

ख. उद्योग एवं इंजीनियरिंग - अनुभवात्मक शिक्षण के भाग के रूप में, अवसंरचना परियोजनाओं और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने, सड़कों, राज्य राजमार्ग परियोजनाओं, पीएम ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत ग्रामीण सड़कों, क्षेत्र निरीक्षण और एमजीएनआरईजीए स्थलों के दौरे की व्यवस्था की गई।

ग. ग्रामीण विकास और पंचायती राज (आरडीपीआर) - जोखिम प्रबंधन - पीएमएफबीवाई, जलसंभर (वाटरशेड) दृष्टिकोण के माध्यम से ग्रामीण आजीविका में वृद्धि, एमएसपी और खरीद संचालन, जल जीवन मिशन, सिंचाई प्रबंधन, जलसंभर विकास और मनरेगा के माध्यम से नदी का पुनरुद्धार।

घ. कृषि - कृषि में मूल्य श्रृंखला को बढ़ावा देना, परिवारिक संगठन (एफपीओ) की भूमिका, कृषि प्रबंधन में डिजिटल प्रौद्योगिकी, पोषण, आय और पारिस्थितिकी को बढ़ावा देने में बागवानी की भूमिका, किसानों की आय दोगुनी करना।

ङ. भू-राजस्व एवं प्रशासन - भूमि प्रबंधन, पंजीकरण के साथ भूमि अभिलेखों का एकीकरण, स्वामित्व, डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी), भूमि सर्वेक्षण तकनीकें और भूमि सर्वेक्षण पर व्यावहारिक प्रशिक्षण।

च. अर्थशास्त्र- मैक्रो-प्रूडेंशियल नीतियां: डिजाइन और उपकरण, भारत में राज्य वित्त, सार्वजनिक ऋण स्थिरता, निगरानी और मूल्यांकन के उपकरण और इसका क्षेत्र अनुप्रयोग और बाह्य क्षेत्र, पूंजी प्रवाह और उनका प्रबंधन

छ. जिला प्रशासन- जिला प्रशासन का अवलोकन, कानून और व्यवस्था, जन प्रतिनिधियों के साथ वार्तालाप, क्षेत्र स्तरीय केस स्टडी, जिला प्रशिक्षण

पाठ्यक्रम के अभिन्न अंग के रूप में, उपर्युक्त मॉड्यूल में शिक्षा, अवसंरचना एवं अभियांत्रिकी तथा वन एवं पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में क्षेत्र भ्रमण और व्यावहारिक प्रशिक्षण शामिल हैं। उदाहरण के लिए, अवसंरचना एवं अभियांत्रिकी मॉड्यूल में, प्रशिक्षु अधिकारियों ने मनरेगा से संबंधित ग्रामीण विकास कार्यों को समझने के लिए उत्तराखंड के विभिन्न जिलों का दौरा किया ताकि:

क. जलसंभर, सिंचाई और बाढ़ प्रबंधन, कृषि और पशुधन संबंधी कार्य, मत्स्य पालन आदि जैसे विभिन्न प्रकार के कार्यों को समझ सकें।

ख. फील्ड निरीक्षण कैसे करें

ग. मनरेगा आदि में कार्यों को स्वीकृत करने की प्रक्रिया और प्रमुख परिणाम

इन भ्रमणों ने प्रशिक्षु अधिकारियों को प्रशासनिक कार्यों की बारीकियों को गहराई से समझने, जमीनी स्तर पर किए जाने वाले विभिन्न कार्यों को प्रत्यक्ष रूप से देखने और इन क्षेत्रों में निहित चुनौतियों की जानकारी प्राप्त करने का अमूल्य अवसर प्रदान किया। आईएएस के लिए प्रासंगिक मॉड्यूल जैसे ग्रामीण प्रबंधन और ग्रामीण उद्यमिता, पर्यावरण मॉड्यूल के लिए जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान, शिमला, ऋषिकेश और हर्षिल की यात्राएं, जिला प्रशासन, स्वास्थ्य एवं पोषण, कृषि, शिक्षा, ऊर्जा, महिला एवं बाल विकास, अनुसंधान पद्धति आदि को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है ताकि प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों और संस्थानों से प्राप्त जानकारी के साथ-साथ क्षेत्र का व्यापक अवलोकन प्रदान किया जा सके। इस वर्ष कुछ विकासात्मक मॉड्यूल जैसे स्वास्थ्य, शहरी विकास आदि के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण भी जोड़ा गया है, जिसमें प्रशिक्षुओं से एक दिन के लिए क्षेत्र में जाकर तात्कालिक वातावरण में रहकर सीखने की अपेक्षा की जाती है।


आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण - **I** के बाद प्रशिक्षण:

आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण - I को पूरा करने के बाद, प्रशिक्षु अधिकारी अपने-अपने राज्य के विभिन्न प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थानों (एटीआई) में 52 सप्ताह का गहन जिला प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। प्रशिक्षुओं अधिकारियों को जिला प्रशिक्षण के लिए जिलों में तैनाती दी जाती है तथा उन्हें 52 सप्ताह का विस्तृत कार्यक्रम दिया जाता है, जिसमें उन्हें शासन की संरचना और संस्कृति, क्षेत्र और विषय, प्रबंधन और विनियमन, कार्य करके सीखना, राज्य स्तर पर व्यापक परिदृश्य, जिला प्रशासन - कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट का कार्यालय, शहरी शासन - नगर निगम और विभिन्न विभागों में लाभार्थी-उन्मुख योजनाओं के डिजाइन और कार्यान्वयन को समझने का अनुभव प्राप्त होता है।

इसके बाद 8 सप्ताह का सहायक सचिव कार्यक्रम (एएसपी) होता है, जिसमें प्रशिक्षु अधिकारियों को भारत सरकार के मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिव के रूप में नियुक्त किया जाता है और उन्हें भारत सरकार के कामकाज के बारे में जानकारी दी जाती है।

सहायक सचिव कार्यक्रम (एएसपी) पूरा होने के बाद, प्रशिक्षु अधिकारी लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम के चरण – II के 6 सप्ताह का प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं, जहां वे 52 सप्ताह के जिला प्रशिक्षण पर अपनी प्रस्तुति देंगे और अपना शोध प्रबंध लिखेंगे।

प्रशिक्षु अधिकारियों की शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ उनके पाठ्येतर विकास पर विशेष जोर दिया गया। सुबह अनिवार्य शारीरिक गतिविधि और शाम को खेल/घुड़सवारी का आयोजन किया जाता है। प्रशिक्षु अधिकारियों को कोई एक खेल खेलने और उसमें उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया ताकि वह खेल उनके जीवन का अभिन्न अंग बना रहे। उन्हें सप्ताहांत में नियमित रूप से ट्रेकिंग, रिवर राफ्टिंग और अन्य विभिन्न साहसिक खेलों जैसी गतिविधियों से अवगत कराया गया। इसी प्रकार, प्रशिक्षु अधिकारियों से भारत के विभिन्न राज्यों की कला और संस्कृति का प्रतिनिधित्व करने वाली सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने की अपेक्षा की गई, साथ ही वे प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक संध्याओं में भी शामिल हुए। उन्हें संगीत, चित्रकला, फोटोग्राफी आदि जैसी समृद्ध गतिविधियों में ज्ञानार्जन और आजीवन रुचि विकसित करने का अवसर मिला। विभिन्न समितियों और क्लबों को वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, प्रतियोगिताओं और चर्चाओं के माध्यम से अकादमी के वातावरण को पोषित और जीवंत बनाने के लिए अपनी गतिविधियों का आयोजन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।


LBSNAA
Batch Profile PH-I2023
Azadi ka Amrit Mahotsav
IAS Officer Trainees: 181
RBCS Officer Trainees: 03
Total 184
77 42%
107 58%
Highest Stream
Arts 41
Arts & Management 2
Commerce 5
Engineering 99
Engineering & Management 2
Law 5
Management 3
Medicine 10
Pure Sciences 17
Social Group
EWS 9 14
GENERAL 34 32
OBC 19 33
SC 12 17
ST 4 10
Female Male
Average Age
Male, 26.78
Female, 26.29
Age Distribution
22-24 12 19
25-27 47 51
28-30 14 24
31-34 4 12
Above 34 0 1
Female Male


Cadre Wise Gender Distribution
12
10
8
6
4
2
0
5 10
3 3
5 4
7 4
1 3
7 1
2 5
1 1
5
2 2
3 5
1 8
6 6
1 2
1
5 3
2 3
2 7
2 1
1
4 7
2 5
5
7 9
2 6 7
AGMUT
Andhra Pradesh
Assam Meghalaya
Bihar
Chhattisgarh
Gujarat
Haryana
Himachal Pradesh
Jharkhand
Karnataka
Kerala
Madhya Pradesh
Maharashtra
Manipur
Nagaland
Odisha
Punjab
Rajasthan
RBCS
Sikkim
Tamil Nadu
Telangana
Tripura
Uttar Pradesh
Uttarakhand
West Bengal
Female
Male

Domicile State Wise Gender Distribution
25
20
15
10
5
0
3 3
1
4 11
8 4
6 4
1 5
2
3 2
4 2
4 6
3 6
2
1 1
4
1
1
3 1
4 18
2
4 4
3 11
17 21
2 2
ANDHRA PRADESH
ARUNACHAL PRADESH
BIHAR
DELHI
HARYANA
JAMMU AND KASHMIR
JHARKHAND
KARNATAKA
KERALA
MADHYA PRADESH
MAHARASHTRA
MANIPUR
NAGALAND
ODISHA
OTHER
PUNJAB
RAJASTHAN
ROYAL BHUTAN
TAMIL NADU
Telangana
UTTAR PRADESH
UTTARAKHAND
Female
Male

आईएएस चरण - I (2023 बैच) के प्रतिभागी

राज्य से प्रतिभागी	पुरुष	महिला	प्रतिभागी
अगमुट	10	05	15
आंध्र प्रदेश	03	03	06
असम-मेघालय	04	05	09
बिहार	04	07	11
छतीसगढ़	03	01	04
गुजरात	01	07	08
हरियाणा	05	02	07
हिमाचल प्रदेश	01	01	02
झारखंड	05	00	05
कर्नाटक	02	02	04
केरल	05	03	08
मध्य प्रदेश	08	01	09
महाराष्ट्र	06	06	12
मणिपुर	02	01	03
नागालैंड	00	01	01
ओडिशा	03	05	08
पंजाब	03	02	05
राजस्थान	07	02	09

राज्य से प्रतिभागी	पुरुष	महिला	प्रतिभागी
रॉयल भूटान सिविल सेवा	01	02	03
सिक्किम	01	00	01
तमिलनाडु	07	04	11
त्रिपुरा	05	00	05
तेलंगाना	05	02	07
उत्तर प्रदेश	09	07	16
उत्तराखंड	00	02	02
पश्चिम बंगाल	07	06	13
कुल	107	77	184

3 (**ii**) सहायक सचिव कार्यक्रम 2022 बैच (20 मई-12 जुलाई, 2024)

माननीय प्रधानमंत्री जी के दृष्टिकोण के अनुरूप वर्ष 2015 में शुरू किया गया सहायक सचिव कार्यक्रम (एएसपी), भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों के दो वर्षीय प्रशिक्षण का अभिन्न हिस्सा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नव-नियुक्त अधिकारियों को भारत सरकार के कामकाज से संरचित रूप से परिचित कराना है, जिससे उन्हें राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य और नीति निर्माण तथा अंतर-मंत्रालयी समन्वय की गहरी समझ प्राप्त हो सके।

पिछले आठ सप्ताह में, 2022 बैच के 181 आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों ने 46 मंत्रालयों और विभागों के माध्यम से सहायक सचिव कार्यक्रम में भाग लिया। यह कार्यक्रम, उनके 2 वर्षीय प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे इन युवा अधिकारियों को भारत सरकार के कामकाज की गहन समझ प्रदान करने के लिए विचारपूर्वक तैयार किया गया है, जिससे उन्हें अपने कैडर राज्यों में प्रभावी पथप्रदर्शक और परिवर्तन कर्ता बनने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्राप्त हो सके।

इस कार्यक्रम के दौरान, प्रशिक्षु अधिकारियों ने केंद्र सरकार की कार्य पद्धति से परिचय, मंत्रालय/विभागों से परिचय, अंतर-क्षेत्रीय संपर्क और गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकातों सहित विभिन्न मॉड्यूल में प्रतिभाग लिया। उन्होंने राष्ट्रीय जांच एजेंसी, खुफिया ब्यूरो, भारतीय लोक प्रशासन संस्थान और विदेश मंत्रालय

जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों का दौरा किया। इन अनुभवों ने न केवल उनकी समझ को व्यापक बनाया बल्कि सहयोग और समन्वय की भावना को भी बढ़ावा दिया, जो प्रभावी शासन के लिए आवश्यक है।

प्रशिक्षु अधिकारियों को राष्ट्रपति महोदया, उपराष्ट्रपति महोदय, प्रधानमंत्री महोदय और कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने सहायक सचिव कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह के दौरान प्रधानमंत्री महोदय के प्रधान सचिव के साथ भी वार्तालाप करने का अवसर मिला। इसके अतिरिक्त, संसद, राजघाट और प्रधानमंत्री संग्रहालय (पीएम संग्रहालय) के दौरे ने उन्हें हमारे राष्ट्र की लोकतांत्रिक विरासत और हमारे नेताओं के अमूल्य योगदान की गहन समझ प्रदान की।

कार्यक्रम का महत्वपूर्ण पहलू सहकर्मी ज्ञानार्जन (पीयर लर्निंग) सत्र रहे। पहले सत्र में अंतर-क्षेत्रीय सहकर्मी ज्ञानार्जन पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसका उद्देश्य आईएएस प्रशिक्षुओं अधिकारियों के बीच उनके नियुक्त वाले मंत्रालय/विभाग के संगठनात्मक ढांचे, प्रमुख योजनाओं, बजट, विभिन्न मंत्रालयों/विभागों तथा राज्यों के साथ समन्वय एवं उनके जिला प्रशिक्षण अनुभव को संबंधित मंत्रालयों/विभागों व प्रमुख संस्थानों के अनुभव से जोड़ने के संदर्भ में ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना था।

दूसरे सहकर्मी ज्ञानार्जन अभ्यास का उद्देश्य अंतर-क्षेत्रीय सह-शिक्षण पर केंद्रित रहा, ताकि आईएएस प्रशिक्षु अधिकारी पहले सहकर्मी-ज्ञानार्जन अभ्यास से प्राप्त ज्ञान का उपयोग करते हुए विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों के बीच अंतर्संबंधों की व्यापक समझ विकसित कर सकें। प्रशिक्षुओं ने सहयोगपूर्वक विस्तृत केस स्टडी तैयार की, जिसमें स्पष्ट उद्देश्य/समस्या विवरण, प्रासंगिक योजनाओं और संस्थानों का जुड़ाव, सभी हितधारकों के दृष्टिकोण को समझना, चुनौतियों का पूर्वानुमान, कार्य योजना की रूपरेखा तथा प्रगति की निगरानी के लिए प्रमुख प्रदर्शन संकेतक स्थापित किए गए। इस अभ्यास का लक्ष्य प्रशिक्षुओं में सहयोग, टीम वर्क और ज्ञान साझाकरण को बढ़ावा देना था, जिससे जटिल प्रशासनिक चुनौतियों का समाधान करने में उनकी रचनात्मकता और दूरदर्शिता की क्षमता विकसित हो सके।

6 जुलाई 2024 को सिरी फोर्ट स्टेडियम में सहायक सचिव XI और कैबिनेट सचिव XI के बीच आयोजित क्रिकेट मैच जैसे अनौपचारिक आयोजनों ने वरिष्ठ और कनिष्ठ अधिकारियों के बीच संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ बनाया, जिससे सौहार्द को बढ़ावा मिला है। अधिकारियों द्वारा तैयार किए गए नीति विश्लेषण पत्र उनके संबंधित सचिवों को प्रस्तुत किए गए। इसके अतिरिक्त, 14 मंत्रालयों/विभागों के सहायक सचिवों ने अपने-अपने मंत्रालयों/विभागों के लिए चैटबॉट विकसित करने में स्वेच्छा से योगदान दिया।

सहायक सचिव कार्यक्रम 2022 बैच ने अधिकारियों को उनके कैडर राज्यों में अधिक जिम्मेदारियों और चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। अब वे व्यापक वृहद परिप्रेक्ष्य और नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करने की क्षमता से लैस हैं, जिससे बेहतर अंतर-क्षेत्रीय समन्वय और अलगाव को दूर किया जा सके।

अनुबंध: क

सहायक सचिव कार्यक्रम – मॉड्यूल		
क्र.सं.	मॉड्यूल	विषय/गतिविधि
1	परिचय	केंद्र सरकार की कार्य पद्धति का परिचय
2	मंत्रालय/विभाग का अनुभव	मंत्रालय/विभाग का अनुभव
		प्रमुख योजनाओं का अनुभव
		आई-गॉट पर केवाईएम मॉड्यूल
		डेस्क अटैचमेंट (विभिन्न पदानुक्रमिक स्तरों पर)
3	मंत्रालय/विभाग का अनुभव	आई-गॉट के माध्यम से ई-ऑफिस पर व्यावहारिक प्रशिक्षण
		बैठकों में भाग लेना
		कार्य आवंटन आदेश के अनुसार फ़ाइलें/नोटिंग से संबंधित कार्य करना
		विश्लेषणात्मक नोट तैयार करना
		कैबिनेट नोट तैयार करने में अध्ययन और सहायता करना
		संसदीय समिति के मामलों से अवगत होना

सहायक सचिव कार्यक्रम – मॉड्यूल		
क्र.सं.	मॉड्यूल	विषय/गतिविधि
		मंत्रालयों/विभागों (दिल्ली के भीतर) के अंतर्गत आने वाले संगठनों का दौरा
4	अंतर-क्षेत्रीय अनुभव	अंतर-विभागीय बैठकों में भाग लेना
		अन्य महत्वपूर्ण मंत्रालयों/कार्यालयों का दौरा
		अन्य परस्पर संबंधित मंत्रालयों पर संक्षिप्त जानकारी
		अन्य सहकर्मियों से ज्ञानार्जन
		सहकर्मी ज्ञानार्जन के लिए नोट तैयार करना
5	गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठक	1. राष्ट्रपति 2. उपराष्ट्रपति 3. प्रधानमंत्री 4. राज्य मंत्री 5. मंत्रिमंडल सचिव 6. प्रधानमंत्री के निजी सलाहकार के साथ बैठक
6	राजधानी भ्रमण	महत्वपूर्ण स्थानों/स्मारकों का भ्रमण: 1. संसद 2. प्रधानमंत्री संग्रहालय 3. भारत मंडपम
		सप्ताहांतों में अनौपचारिक बातचीत
7	व्यावहारिक अनुभव	4 सप्ताह का पूर्ण प्रभार
8	संक्षिप्त जानकारी और समापन	सचिव के साथ वार्तालाप समापन समारोह

3 (iii) आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण-II (2022 बैच)

लक्ष्य समूह	जिला प्रशिक्षण के बाद आईएएस प्रशिक्षु अधिकारी
पाठ्यक्रम समन्वयक	श्री गणेश शंकर मिश्रा, उप निदेशक (वरिष्ठ)
सह-पाठ्यक्रम समन्वयक	डॉ. अनुपम तलवार, उप निदेशक
	सुश्री अश्वती एस, उप निदेशक
	श्री गौतम थपलियाल, सहायक निदेशक
समापन भाषण	श्री राजीव कुमार, मुख्य चुनाव आयुक्त
प्रतिभागियों की कुल संख्या	184 प्रशिक्षु अधिकारी (181 आईएएस प्रशिक्षु अधिकारी और रॉयल भूटान सिविल सेवा से 3 प्रशिक्षु अधिकारी)

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में 15 जुलाई से 23 अगस्त, 2024 तक आयोजित इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य 184 अधिकारी प्रशिक्षुओं को सेवा के प्रारंभिक वर्षों के लिए आवश्यक प्रशासनिक कौशल और पेशेवर दक्षता से लैस करना रहा। पाठ्यक्रम को माननीय प्रधानमंत्री जी के विजन - आईएएस अधिकारी के व्यक्तित्व की पुनर्कल्पना के अनुरूप विचारपूर्वक तैयार किया गया। इसमें मिशन कर्मयोगी द्वारा अनिवार्य मुख्य दक्षताओं को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें अनामिकता, योग्यता और संयम के गुणों पर बल दिया गया। पाठ्यक्रम की संरचना पांच आवश्यक स्तंभों पर आधारित रही: कार्य निष्पादन, प्रशासकों के लिए बुनियादी उपकरण, ज्ञान अंतर को समाप्त करना, अनुभव साझाकरण कार्यशालाएं और विधि मॉड्यूल, साथ ही प्रशिक्षुओं को अधिकारी में परिवर्तित करने पर विशेष ध्यान दिया गया।

प्रशिक्षण की प्रमुख विशेषता व्यावहारिक अनुभव पर जोर देना रही। प्रशिक्षु अधिकारियों ने मसूरी में सीपीडब्ल्यूडी द्वारा प्रबंधित सिविल निर्माण स्थलों के क्षेत्र निरीक्षण में भाग लिया, अवसंरचना विकास परियोजनाओं का विश्लेषण किया और विस्तृत निरीक्षण रिपोर्ट तैयार कीं। उन्होंने स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और यातायात जाम जैसी स्थानीय समस्याओं से निपटने के लिए सामुदायिक केंद्रित अभ्यासों में भी हिस्सा लिया।

पाठ्यक्रम में सार्वजनिक खरीद, वित्तीय प्रबंधन, पारस्परिक संबंध, डीआईवाई आईटी उपकरण और शासन के मूल सिद्धांतों सहित विविध विषयों को शामिल किया गया। पाठ्यक्रम में नैतिकता, कानून व्यवस्था, आपदा प्रबंधन और सामुदायिक सहभागिता पर मॉड्यूल भी शामिल रहे। वरिष्ठ आई.ए.एस. अधिकारियों

द्वारा संचालित अनुभव-साझाकरण कार्यशालाओं ने क्षेत्रीय तैनाती और प्रशासनिक निर्णय लेने की प्रक्रिया से संबंधित बहुमूल्य जानकारी प्रदान की गई।

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

सप्ताह 1 परिप्रेक्ष्य में आईएएस, नेतृत्व मॉड्यूल, पर्यावरण और विकास का संतुलन: सतत शासन पर अभ्यासकर्ता का दृष्टिकोण, खरीद सिद्धांत, सरकारी खरीद में दर तर्कसंगतता, आईटी उपकरणों का उपयोग करके कार्यालय उत्पादकता में सुधार, कार्यस्थल प्रबंधन के लिए योग सिद्धांत, पीएम गतिशक्ति, सार्वजनिक नीति के लिए भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी, पोषण एवं फिटनेस, (पॉश) पीओएसएच अधिनियम, वित्त विभाग के परिप्रेक्ष्य, शासन को

मजबूत करना: विधायिका और कार्यपालिका के बीच परस्पर क्रिया को समझना, समान लोगों के बीच नेतृत्व

सप्ताह 2 प्रशासकों के लिए नैतिकता, विकास के इंजन के रूप में एमएसएमई को सक्षम बनाना: जिला और राज्य प्रशासकों की भूमिका, आपदा जोखिम को कम करना और प्रबंधन के लिए क्षमता निर्माण: समग्र दृष्टिकोण, मानसिक स्वास्थ्य, राज्यों में व्यापार करने में सुगमता में सुधार: केरल का अनुभव, शासन के भविष्य का मार्गदर्शन, स्थिरता, जलवायु परिवर्तन और प्रमुख क्षेत्रों पर विकास के प्रभाव, समझौता वार्ता मॉड्यूल, सार्वजनिक क्षेत्र में लागत लाभ विश्लेषण

सप्ताह 3 पूर्वोत्तर पर परिप्रेक्ष्य, राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए समग्र सरकारी दृष्टिकोण: अंतर-एजेंसी समन्वय में प्रशासक की भूमिका, मिशन कर्मयोगी – सरकारी कर्मचारियों की क्षमता निर्माण, भारत में भूमि अभिलेख, व्यवहारिक अर्थशास्त्र और सार्वजनिक नीति, शहरी अवसंरचना विकास: मुद्दे और चुनौतियाँ, वन अधिकार अधिनियम और जनजातीय कल्याण, हरित पर्यटन स्थल का विकास – स्टैच्यू ऑफ यूनिटी से ज्ञानार्जन, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, विकसित भारत के लिए रेलवे, स्वमित्वा – भूमि शासन

सप्ताह 4 और सप्ताह 5 अध्ययन दौरा

सप्ताह 6 ग्रामीण शहरी निरंतरता: कृषि एवं मूल्य को उजागर करना, सरकारी सेवा प्रदायगी और कार्य कुशलता में बदलाव लाने में एआई की भूमिका, व्यापक आर्थिक परिप्रेक्ष्य: प्रमुख कारक, चुनौतियाँ और नीति, विकसित भारत का निर्माण: विकास और पहुंच में सड़क अवसंरचना की भूमिका, सरकारी संचार, प्रभावी शासन के लिए प्रभाव को अधिकतम करना, राज्य और बाजार, किसानों के कल्याण और विकसित भारत के लिए कृषि परिवर्तन, आईसीटी, सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली, विकसित भारत में नवीकरणीय ऊर्जा - गुजरात से ज्ञानार्जन, सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी)

प्रतिभागियों को राज्य, सार्वजनिक नीति या प्रशासन में रुचि के किसी भी विषय पर उनके द्वारा किए गए किसी भी हस्तक्षेप (इंटरवेंशन) पर 1500 शब्दों का निबंध/शोध पत्र अपने सुझावों के साथ प्रस्तुत करना था।

प्रतिभागियों का मूल्यांकन 100 अंकों में से किया गया, जिनमें से 30 अंक बहुविकल्पीय प्रश्न प्रकार की परीक्षा के लिए, 20 अंक केस स्टडी के लिए, 15 अंक समूह प्रस्तुति के लिए, 15 अंक फील्ड इंटरवेंशन समूह गतिविधि के लिए और 20 अंक निदेशक मूल्यांकन के लिए निर्धारित थे।

एक्सपोजर विजिट/ट्रेक

(i) सेंट्रल विस्टा (नई संसद) और पुरानी संसद

(ii) वन अनुसंधान संस्थान का दौरा

(iii) टिहरी का दौरा

(iv) जॉर्ज एवरेस्ट की ट्रेकिंग

अध्ययन दौरा

पाठ्यक्रम में 2 सप्ताह लंबे अध्ययन दौरे की सुविधा प्रदान की गई। प्रतिभागियों को इस तरह से समूहों में विभाजित किया गया कि उन्हें देश के उन हिस्सों का दौरा करने का अवसर मिले जहां उन्होंने सेवा नहीं की है। अध्ययन दौरे का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को सेना/वायु सेना/नौसेना, अर्धसैनिक बलों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और बड़े सार्वजनिक क्षेत्र अवसंरचना परियोजनाओं के साथ अटैचमेंट द्वारा राष्ट्रीय मुद्दों से परिचित कराना था।

वीवीआईपी मुलाकात (कॉल ऑन)

इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों ने 7 मार्च, 2025 को राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में भारत के माननीय राष्ट्रपति जी से मुलाकात की।

पाठ्यक्रम समन्वयक की टिप्पणी

126वें इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रतिभागियों को शासन, लोक प्रशासन और सिविल सेवाओं की विकसित भूमिका की व्यापक समझ प्रदान करने के लिए संरचित किया गया। कार्यक्रम को पाँच विषयगत क्षेत्रों के संदर्भ में आयोजित किया गया:

1. प्राथमिक क्षेत्र
2. द्वितीयक क्षेत्र
3. तृतीयक क्षेत्र
4. शासन
5. व्यावसायिक और व्यक्तिगत विकास

इस कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों को सार्वजनिक नीति और प्रशासन पर अखिल भारतीय परिप्रेक्ष्य से लैस करना रहा, साथ ही मिशन कर्मयोगी के अनुरूप डोमेन ज्ञान, कार्यात्मक क्षमताओं और व्यावहारिक दक्षताओं का निर्माण भी शामिल था।

कार्यक्रम के प्रमुख घटकों में निम्नलिखित शामिल रहे:

- नेतृत्व मॉड्यूल (1.5 दिन): आत्मचिंतन और नेतृत्व कौशल के विकास को प्रोत्साहित किया गया।
- समझौता वार्ता मॉड्यूल (1 दिन): प्रशासनिक संदर्भों के लिए प्रासंगिक वार्ता रणनीतियों को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।
- परियोजना प्रबंधन और लागत-लाभ विश्लेषण: सार्वजनिक परियोजनाओं में बेहतर निर्णय लेने के लिए उपकरण से सशक्त बनाने वाले व्यावहारिक सत्र।
- प्रौद्योगिकी सत्र: इसमें एआई उपकरणों पर प्रदर्शन और चर्चाएँ शामिल रही, जो आधुनिक शासन में उनकी प्रासंगिकता पर जोर देती हैं
- स्वास्थ्य गतिविधियाँ: दैनिक शारीरिक और मानसिक फिटनेस सत्रों ने व्यावसायिक प्रभावशीलता के लिए व्यक्तिगत स्वास्थ्य बनाए रखने के महत्व को बढ़ावा दिया गया।

विषयवस्तु के संदर्भ में, कार्यक्रम ने दस प्रमुख शासन क्षेत्रों को व्यापक रूप से संबोधित किया गया:

- कृषि
- संसाधन
- अवसंरचना
- वाणिज्य और उद्योग
- सामाजिक एवं कल्याण
- प्रौद्योगिकी
- शासन
- सुरक्षा एवं विदेश मामले

कार्यक्रम के दौरान महत्वपूर्ण गतिविधियों में से एक भारत के माननीय राष्ट्रपति जी के साथ संवाद रहा, जिसके माध्यम से राष्ट्र निर्माण और सिविल सेवकों की भूमिका के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्रदान की

गई। इसके अतिरिक्त, संसद का दौरा और माननीय सांसद डॉ. फौजिया खान के साथ संवादात्मक सत्र ने विधायी प्रक्रियाओं और कार्यपालिका-विधायिका संबंधों की गहन समझ विकसित करने मे सहायता की।

प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण भाग दो सप्ताह का अध्ययन दौरा रहा। प्रतिभागियों को पाँच समूहों में विभाजित किया गया तथा उन्होंने 18 राज्यों के 28 स्थानों का दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य शासन के विभिन्न मॉडलों, विकास परियोजनाओं और नवोन्मेषी प्रथाओं से परिचित कराना था। इससे टीम वर्क, अनुकूलनशीलता और आपसी सम्मान जैसे जीवन कौशल विकसित करने में भी मदद मिली।

प्रतिभागियों ने अपने अध्ययन दौरों से अर्जित किए विस्तृत निष्कर्ष प्रस्तुत किए, जो गहन शोध, व्यावहारिक अंतर्दृष्टि और आलोचनात्मक विश्लेषण को दर्शाते थे। इन प्रस्तुतियों ने सहपाठियों से ज्ञानार्जन और साझा विकास के लिए मंच के रूप में कार्य किया।

इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक आयोजन और सहपाठी शिक्षण सत्र भी शामिल रहे। इन गतिविधियों से प्रतिभागियों के बीच सहयोग, रचनात्मकता और सौहार्द को बढ़ावा मिला, जिससे समग्र शिक्षण अनुभव बेहतर बना।

कार्यक्रम के दौरान, प्रतिभागियों ने निरंतर निम्नलिखित विशेषताओं का प्रदर्शन किया:

- रणनीतिक सोच और नेतृत्व
- सहयोग करने और अनुकूलन करने की तत्परता
- विनम्रता और व्यावसायिकता
- ज्ञानार्जन के प्रति उन्मुक्तता
- टीम भावना और परस्पर सहयोग
- आत्म-विकास के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता

इस बैच के वरिष्ठ अधिकारियों का योगदान विशेष रूप से महत्वपूर्ण रहा। उनके अनुभव, उन्मुक्तता और मार्गदर्शन की भावना ने चर्चाओं और ज्ञानार्जन की प्रक्रियाओं को और भी गहन बना दिया।

126वें इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम ने अकादमिक शिक्षा, व्यावहारिक अनुभव और व्यक्तिगत विकास के अवसरों का संतुलित मंच प्रदान किया, जिसका उद्देश्य सक्षम, सहानुभूतिशील और भविष्य के लिए तैयार सिविल सेवकों का समूह तैयार करना रहा।

प्रतिभागियों का विवरण

126वें इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम में 18 विभिन्न कैडरों के प्रतिभागी शामिल रहे। विवरण निम्नानुसार है:-

राज्य	महिला	पुरुष	अधिकारियों की संख्या
आंध्र प्रदेश	2	-	2
असम- मेघालय	1	-	1
बिहार	1	10	11
गुजरात	-	2	2
हिमाचल प्रदेश	-	5	5
झारखंड	-	2	2
कर्नाटक	1	2	3
केरल	1	5	6
मध्य प्रदेश	2	14	16
महाराष्ट्र	-	6	6
मेघालय	-	2	2
ओडिशा	3	3	6
पंजाब	3	4	7
राजस्थान	-	12	12
सिक्किम	4	4	8
तेलंगाना	1	3	4
त्रिपुरा	-	1	1
उत्तराखंड	2	1	3
कुल योग	21	76	97

प्रतिभागियों की मूल्यांकन रिपोर्ट इस प्रकार है:-

ग्रेड	प्रतिभागियों की संख्या
ए+	12
ए	65
बी+	19
बी	1

4 (**vi**) संयुक्त मध्यावधि सेवा प्रशिक्षण कार्यक्रम का चौथा राउंड

<table>
<tr><td>पाठ्यक्रम का नाम</td><td colspan="3">चौथा संयुक्त मध्यावधि सेवा प्रशिक्षण कार्यक्रम (सीएमसीटीपी)</td></tr>
<tr><td>अवधि</td><td colspan="3">10 से 14 फरवरी, 2025</td></tr>
<tr><td>पाठ्यक्रम समन्वयक</td><td colspan="3">सुश्री रितिका नरूला</td></tr>
<tr><td>सह पाठ्यक्रम समन्वयक</td><td colspan="3">श्री शैलेश नवाल,
सुश्री दीप जे कॉन्ट्रैक्टर
श्री प्रेम कुमार वी.आर.
श्री अरविंद कुमार</td></tr>
<tr><td rowspan="2">प्रतिभागियों की संख्या</td><td>कुल</td><td>पुरुष</td><td>महिला</td></tr>
<tr><td>142</td><td>119</td><td>23</td></tr>
<tr><td>प्रतिभागी बैच</td><td colspan="3">15 सेवाओं के 2004 बैच के अधिकारी</td></tr>
<tr><td>पाठ्यक्रम का उद्घाटन</td><td colspan="3">श्री श्रीराम तरणिकांति, निदेशक, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी</td></tr>
<tr><td>समापन संबोधन</td><td colspan="3">श्री अमिताभ कांत, जी20 शेरपा एवं पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नीति आयोग</td></tr>
</table>

पाठ्यक्रम का लक्ष्य एवं उद्देश्य

संयुक्त मध्यावधि सेवा प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न सरकारी सेवाओं के वरिष्ठ अधिकारियों को एक मंच प्रदान करना है ताकि सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके, नेतृत्व क्षमता को बढ़ाया जा सके तथा राष्ट्रीय गौरव एवं मिशन की साझा भावना को विकसित किया जा सके। तालमेल, समग्र सरकारी दृष्टिकोण और राष्ट्रीय आकांक्षाओं के साथ सामंजस्य को बढ़ावा देकर, यह कार्यक्रम पथ प्रदर्शनकों को प्रभावी ढंग से तैयार करने, ज्ञानार्जन और कार्य करने के लिए सशक्त बनाता है। कार्यक्रम का उद्देश्य सिविल सेवकों के बीच सौहार्द विकसित करने, राष्ट्रीय आकांक्षाओं और चुनौतियों की सामान्य समझ को बढ़ावा देने और अधिकारियों को समग्र सरकारी दृष्टिकोण अपनाने में सहायता करने का अवसर प्रदान करना रहा।

पाठ्यक्रम की रूपरेखा

संयुक्त मध्यावधि सेवा प्रशिक्षण कार्यक्रम (सीएमसीटीपी) माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व को एकीकृत करने और साझा राष्ट्रीय दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आरंभ की गई विशिष्ट पहल है। सीएमसीटीपी का पहला चरण अखिल भारतीय सेवाओं और अन्य केंद्रीय समूह 'क' सेवाओं के उन अधिकारियों के लिए आयोजित किया गया था जिन्होंने 1999 और 2000 की सिविल सेवा परीक्षा (अर्थात 2000 और 2001 बैच) उत्तीर्ण की थी। सीएमसीटीपी का चौथा चरण 10 फरवरी से 14 फरवरी 2025 तक लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में आयोजित किया गया। सीएमसीटीपी के इस चरण में अखिल भारतीय सेवाओं और समूह 'क' केंद्रीय सिविल सेवाओं के 2004 बैच (सिविल सेवा परीक्षा, 2003) के अधिकारियों के साथ-साथ रॉयल भूटान सेवाओं के अधिकारी भी शामिल रहे। सीएमसीटीपी का यह चौथा चरण शासन के चार महत्वपूर्ण विषयों को शामिल करता है:

1. सरकार का समग्र दृष्टिकोण
2. नेतृत्व
3. सिविल सेवकों के लिए समझौता वार्ता कौशल
4. विकसित भारत

विषयगत इनपुट

दिवस 1 - 10 फ़रवरी, 2025

सत्र 1 - 2 : पाठ्यक्रम का संक्षिप्त विवरण और उद्घाटन

सत्र 3 : अधिक दबाव वाली भूमिकाओं में स्वास्थ्य को बनाए रखना - सुश्री रुजुता दिवाकर (पोषण विशेषज्ञ)

सत्र 4 : सेवा मार्ग (वॉक वे ऑफ सर्विस): विकास और परिवर्तन की यात्रा - श्री टी.के. मनोज कुमार, आईएएस (सेवानिवृत्त)

दूसरा दिवस - 11 फरवरी, 2025

सत्र 1 : राष्ट्रों, संगठनों और व्यक्तियों से लचीला वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण - सुश्री राधिका गुप्ता, एमडी एवं सीईओ, एडलवाइस एमएफ

सत्र 2 – 4 : सिविल सेवकों के लिए वार्ता - सुश्री निधि शर्मा, आईआरएस (सेवानिवृत्त) और डॉ. प्रेम सिंह, आईएएस (सेवानिवृत्त)

तीसरा दिवास - 12 फरवरी, 2025

सत्र 1 – 3 : संगठनात्मक उत्कृष्टता के लिए सहयोगात्मक नेतृत्व पर व्याख्यान - श्री राज राजेश्वर उपाध्याय, निदेशक, एएईआई

सत्र 4 : कार्यालय उत्पादकता बढ़ाने के लिए एआई उपकरणों का उपयोग – कार्यों के लिए उपकरण - एनआईसी प्रशिक्षण इकाई टीम, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी

चौथा दिवस - 13 फरवरी, 2025

सत्र 1 : सहकर्मी ज्ञानार्जन

सत्र 2: पैनल चर्चा: नीति एवं कार्यान्वयन परिणामों के लिए अंतर-एजेंसी समन्वय, श्री के. इंजीनियर, आईआरएस, श्री राहुल सिंह, आईएएस, श्री राज कुमार श्रीवास्तव, आईएफएस

सत्र 3 और 4: विकसित भारत के लिए उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र के माध्यम से विकास को गति प्रदान करना - श्री रितेश अग्रवाल, संस्थापक एवं सीईओ, ओयो

आउटडोर और अन्य गतिविधियाँ: तैराकी, साइकिल चलाना, जिम, योग, ज़ुम्बा, पैदल चलना, क्रिकेट और सांस्कृतिक गतिविधियाँ

पाठ्यक्रम समन्वयक की टिप्पणी:

मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत आयोजित संयुक्त मध्यावधि सेवा प्रशिक्षण कार्यक्रम (सीएमसीटीपी) में अखिल भारतीय सेवाओं और ग्रुप 'क' केंद्रीय सिविल सेवाओं के 2004 बैच (सिविल सेवा परीक्षा, 2003) के अधिकारियों के साथ-साथ रॉयल भूटान सेवाओं के अधिकारियों को भी शामिल किया गया। इस व्यापक कार्यक्रम का उद्देश्य सामरिक नेतृत्व, अंतर-क्षेत्रीय सहयोग और समग्र सरकारी दृष्टिकोण जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए मध्यावधि सेवा वाले सिविल सेवकों की रणनीतिक क्षमताओं को बढ़ाना था।

इस कार्यक्रम में प्रभावी नेतृत्व, सिविल सेवा के लिए उपयुक्त समझौता वार्ता कौशल और विकसित भारत-2047 के लिए साझा दृष्टिकोण विकसित करने जैसी महत्वपूर्ण दक्षताओं पर भी जोर दिया गया। टीम वर्क और सहयोग को बढ़ावा देकर, सीएमसीटीपी ने अधिकारियों को सहानुभूति के साथ नेतृत्व करने, सार्थक परिवर्तन लाने और तेजी से विकसित हो रहे शासन परिदृश्य में नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार किया।

इस कार्यक्रम में व्यापक और सूक्ष्म दृष्टिकोणों के बीच संतुलन बनाए रखने पर भी जोर दिया गया, जिससे अधिकारियों की प्रशासनिक जटिलताओं से निपटने की क्षमता मजबूत हुई। 15 सेवाओं के 142 अधिकारियों

के साथ आयोजित संरचित समूह गतिविधियों में अनुकूली नेतृत्व और सहयोगात्मक समस्या-समाधान को बढ़ावा दिया गया।

ज्ञान साझा करने की पारंपरिक पद्धति से हटकर, यह पाठ्यक्रम साथियों द्वारा संचालित ज्ञान के आदान-प्रदान का केंद्र बन गया, जहाँ संवादात्मक चर्चाओं और टीम अभ्यासों ने नीतिगत नवाचार को बढ़ावा दिया। अकादमिक प्रशिक्षण के अलावा, टीम भावना और सौहार्द भी अभिन्न अंग रहे, जिससे दीर्घकालिक व्यावसायिक संबंध सुनिश्चित हुए।

कक्षा में प्रशिक्षण के अलावा, तैराकी, साइकिल चलाना, जिम, योग, ज़ुम्बा, सैर, क्रिकेट मैच और सांस्कृतिक गतिविधियों जैसी पाठ्येतर गतिविधियाँ भी पाठ्यक्रम का अभिन्न हिस्सा बनी। इन गतिविधियों ने अकादमिक कार्यक्रम को आदर्श संतुलन प्रदान किया, जिससे प्रतिभागियों में शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्वास्थ्य और टीम भावना को बढ़ावा मिला।

अकादमी गतिविधियाँ:

सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम

1. शहरी प्रशासकों के लिए नगरपालिका वित्त

दिनांक: 23 से 27 सितंबर 2024

कुल प्रतिभागी: 32 (5 महिला, 27 पुरुष)

पाठ्यक्रम समन्वयक: डॉ. बगादी गौतम, उप निदेशक (वरिष्ठ)

डॉ. बगादी गौतम के समन्वय से आयोजित "शहरी प्रशासकों के लिए नगरपालिका वित्त" विषय पर सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य नगरपालिका वित्त के प्रमुख पहलुओं में शहरी प्रशासकों की क्षमता का निर्माण करना रहा। 23 से 27 सितंबर 2024 तक आयोजित इस कार्यक्रम में राजस्व सृजन मॉडल, बजट निर्माण, राजकोषीय स्थिरता और लेखापरीक्षा तंत्र जैसे विषयों को शामिल किया गया। व्यावहारिक सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को शहरी स्थानीय निकायों में वित्तीय नियोजन और जवाबदेही को समझ प्राप्त करने में सहायता मिली। कुल 32 अधिकारियों (5 महिला, 27 पुरुष) ने इस पाठ्यक्रम में भाग लिया और शहरी प्रशासन में वित्तीय शासन को मजबूत करने के लिए बहुमूल्य जानकारी प्राप्त की।

2. शासन क्षेत्र के लिए "विकसित भारत @ 2047 के विजन के लिए रोडमैप" (एसजीओ-09)

दिनांक: 7-8 नवंबर, 2024

कुल प्रतिभागी: 32 (6 महिला, 26 पुरुष)

पाठ्यक्रम समन्वयक: श्री गणेश शंकर मिश्रा, उप निदेशक (वरिष्ठ)

शासन क्षेत्र के लिए "विकसित भारत @ 2047 के विजन के लिए रोडमैप" (एसजीओ-09) विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन इंदिरा भवन परिसर, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में 7-8 नवंबर, 2024 को किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों के बीच संरचित विचार-विमर्श और मंथन को बढ़ावा देना रहा ताकि शासन सुधारों और संस्थागत सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान देने के साथ, विकसित भारत @ 2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप कार्रवाई योग्य विचार और अनुशंसाओं पर कार्य किया जा सके।

इस कार्यशाला में भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों और राज्य सरकारों से संबंधित 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया। विचार-विमर्श को संवादात्मक प्रारूप में आयोजित किया गया ताकि विभिन्न कार्यक्षेत्रों के बीच ज्ञानार्जन, सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान और सहयोगात्मक समस्या-समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

कार्यशाला का शुभारंभ विचार-मंथन सत्रों की संरचना की रूपरेखा प्रस्तुत करने वाले संबोधन से हुआ, जिसके उपरांत उद्देश्यों, कार्यप्रणाली और अपेक्षित परिणामों पर संक्षिप्त जानकारी प्रदान की गई। साथी

प्रतिभागियों को अलग-अलग सत्रों में शामिल किया गया, जिसमें संबंधित मंत्रालयों/विभागों ने प्रारंभिक जानकारी प्रदान की, जिसके बाद प्रतिभागी केंद्रित विचार-मंथन का हिस्सा बने।

ब्रेकआउट सत्र निम्नलिखित दिशा-निर्देशों के अनुसार आयोजित किए गए: प्रतिभागियों को पाँच समूहों में बांटा गया, जिनमें से प्रत्येक समूह एक विशिष्ट क्षेत्रीय लक्ष्य पर केंद्रित रहा। उम्मुक्त संवाद को सुगम बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक समूह ने निर्धारित गोल मेज के चारों ओर स्थान ग्रहण किया। लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के एक संकाय सदस्य ने समूह सूत्रधार/संचालक के रूप में कार्य किया, ताकि चर्चाओं का मार्गदर्शन किया जा सके तथा प्रमुख उद्देश्यों के साथ तालमेल सुनिश्चित किया जा सके। समूह के सदस्यों ने विचार-विमर्श का संचालन करने के लिए अध्यक्ष का चुनाव किया। प्रतिनिधियों को उनकी प्राथमिकताओं के आधार पर समूह में आवंटित किया गया। संबंधित मंत्रालयों/विभागों के प्रतिनिधियों ने प्रारंभिक सुझाव दिए, जिसके उपरांत चर्चा और विचार-मंथन किया गया। नामित प्रतिवेदक (आरएफ/टीए) ने फ्लिप चार्ट पर विचारों और सुझावों को प्रलेखित किया तथा बेहतरी के लिए प्रमुख निष्कर्षों का संकलन किया। दूसरे दिन, प्रत्येक समूह ने पूर्ण सत्र से पहले अपने निष्कर्षों का सारांश प्रस्तुत करते हुए पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत की।

दूसरे दिन के सत्र में विचारों को व्यावहारिक क्षेत्रों में वर्गीकृत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसके बाद व्यापक अवलोकन के लिए साझा क्षेत्र में ब्रेनस्टॉर्मिंग फ्लिप चार्ट प्रदर्शित किए गए। इसके बाद उप-समूहों द्वारा प्रस्तुतियाँ एवं खुलकर चर्चा हुई, जिससे प्रतिभागियों को विचारों की समानताओं, प्राथमिकता निर्धारण और प्रस्तावित हस्तक्षेपों की व्यवहार्यता पर सामूहिक रूप से विचार-विमर्श करने का अवसर मिला।

कार्यशाला की चर्चाएँ निम्नलिखित सत्र लक्ष्यों के विषय में संरचित रहीं: (i) सिविल सेवा सुधार – कार्मिक नीतियाँ और प्रबंधन (ii) प्रदर्शन को अनुकूलित करना – न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन (iii) सार्वजनिक सेवा प्रदायगी में परिवर्तन – सुलभ, कुशल और नागरिक-केंद्रित (iv) सभी के लिए न्याय – त्वरित, सुलभ और प्रभावी न्याय प्रदायगी प्रणाली (v) जन-संवाद से जन-भागीदारी – सशक्त सामुदायिक भागीदारी के साथ कार्यशाला का समापन हुआ। इसमें प्रमुख सुझावों के संकलन और शासन क्षेत्र में विकसित भारत @ 2047 के रोडमैप को आगे बेहतर बनाना तथा एकीकरण के लिए कार्रवाई योग्य विषयों की पहचान की गई। विचार-विमर्श के दौरान प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई तथा शासन प्रणालियों को सुदृढ़ करने, नागरिक-केंद्रित सेवा प्रदायगी को बेहतर बनाने एवं संस्थागत प्रभावशीलता में सुधार की दिशा में बहुमूल्य सुझाव प्रदान किए गए।

3. परिवहन, रसद और मल्टी-मॉडल एकीकरण

दिनांक: 18 से 22 नवंबर 2024
कुल प्रतिभागी: 50 (10 महिला, 40 पुरुष)

पाठ्यक्रम समन्वयक: श्री राजेश मीणा, उप निदेशक

श्री राजेश मीणा के समन्वय से आयोजित परिवहन, रसद और बहु-मॉडल एकीकरण पाठ्यक्रम भारत में विकसित हो रहे परिवहन तंत्र पर केंद्रित रहा। 18 से 22 नवंबर 2024 तक आयोजित इस कार्यक्रम में एकीकृत परिवहन योजना, सतत रसद और बहु-मॉडल समाधानों के माध्यम से कार्बन फुटप्रिंट को कम करने पर बल दिया गया। 50 प्रतिभागियों (10 महिला, 40 पुरुष) के साथ, इस पाठ्यक्रम ने रसद क्षेत्र में दक्षता और लचीलापन बढ़ाने में प्रशासन की गहन रुचि को दर्शाया। अंतःक्रियात्मक सत्रों और प्रकरण अध्ययनों (केस स्टडीज़) ने राष्ट्रीय और क्षेत्रीय परिवहन नेटवर्क में सुधार के लिए नीतिगत ढांचों और कार्यान्वयन रणनीतियों पर व्यावहारिक दृष्टिकोण प्रदान किए।

4. कौशल मिशन के माध्यम से जनसांख्यिकीय लाभांश प्राप्त करना

दिनांक: 2 से 6 दिसंबर 2024
कुल प्रतिभागी: 39 (13 महिला, 26 पुरुष)
पाठ्यक्रम समन्वयक: श्री शैलेश नवाल, उप निदेशक

कौशल मिशन के माध्यम से जनसांख्यिकीय लाभांश प्राप्त करने पर आधारित सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम 2 से 6 दिसंबर 2024 तक आयोजित किया गया, जिसमें 13 महिला अधिकारियों सहित 39 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संरचित कौशल विकास पहलों के माध्यम से भारत के युवाओं की क्षमता का दोहन करना था। चर्चा के प्रमुख विषयों में स्किल इंडिया मिशन जैसे राष्ट्रीय ढांचे, अभिनव कार्यान्वयन मॉडल और कौशल विकास को बाजार की जरूरतों के अनुरूप ढालने के सर्वोत्तम तरीके शामिल रहे। विशेष रूप से महिला अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी ने मानव पूंजी विकास के लिए समावेशी नीति निर्माण में बढ़ती रुचि और भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश को साकार करने में कौशल विकास की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर किया।

5. विकसित भारत के लिए अवसंरचना निर्माण

दिनांक: 16 से 20 दिसंबर 2024
कुल प्रतिभागी: 47 (10 महिला, 37 पुरुष)
पाठ्यक्रम समन्वयक: श्री राजेश मीणा, उप निदेशक

16 से 20 दिसंबर 2024 तक आयोजित 'विकसित भारत के लिए अवसंरचना निर्माण' पर आधारित सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम में अवसंरचना-आधारित विकास के माध्यम से विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत के रोडमैप पर ध्यान केंद्रित किया गया। 47 अधिकारियों (10 महिला, 37 पुरुष) की भागीदारी वाले इस पाठ्यक्रम में महत्वपूर्ण अवसंरचना क्षेत्रों, नवीन वित्तपोषण मॉडलों और स्थिरता

संबंधी पहलुओं पर गहन चर्चा की गई। एकीकृत योजना, सार्वजनिक-निजी भागीदारी और हरित अवसंरचना पर विशेष बल दिया गया। बड़ी संख्या में प्रतिभागियों की भागीदारी ने विकसित भारत की परिकल्पना को प्राप्त करने में अवसंरचना विकास के रणनीतिक महत्व को उजागर किया और अधिकारियों को राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर परिवर्तनकारी परियोजनाओं का नेतृत्व करने के लिए आवश्यक ज्ञान से लैस किया।

6. विद्युत वितरण कंपनियों में प्रशासनिक चुनौतियाँ और अवसर

दिनांक: 6 से 10 जनवरी, 2025
कुल प्रतिभागी: 47 (10 महिला, 37 पुरुष)
पाठ्यक्रम समन्वयक: सुश्री अंकिता ढांडा, सहायक निदेशक

6 से 10 जनवरी 2025 तक आयोजित "विद्युत वितरण कंपनियों में प्रशासनिक चुनौतियाँ और अवसर" विषय पर सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्युत क्षेत्र में कार्यरत 42 अधिकारियों (3 महिला, 39 पुरुष) ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस पाठ्यक्रम में वितरण कंपनियों द्वारा सामना की जाने वाली प्रमुख प्रशासनिक और परिचालन चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिनमें निजीकरण, सुधार रणनीतियों और सेवा प्रदायगी में आने वाली बाधाओं से संबंधित मुद्दे शामिल हैं। इसने विभिन्न राज्य उपयोगिताओं के तकनीकी और प्रशासनिक पेशेवरों के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए मंच प्रदान किया। सत्रों को व्यावहारिक अंतर्दृष्टि और नीतिगत दृष्टिकोण प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया था, जिससे टिकाऊ और कुशल विद्युत वितरण प्रथाओं की गहन समझ को बढ़ावा मिला।

7. सिविल सेवकों के लिए खरीद एवं संविदा प्रबंधन

दिनांक: 27 से 31 जनवरी, 2025
कुल प्रतिभागी: 31 (03 महिला, 28 पुरुष)
पाठ्यक्रम समन्वयक: श्री गणेश शंकर मिश्रा, उप निदेशक (वरिष्ठ)

सरकारी कर्मचारियों के लिए "खरीद एवं अनुबंध प्रबंधन" विषय पर सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम 27 से 31 जनवरी 2025 तक आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न सरकारी विभागों के 31 प्रतिभागियों (3 महिला, 28 पुरुष) ने भाग लिया। इस मॉड्यूल में लोक सेवा प्रदायगी में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक खरीद नियमों, ई-खरीद प्रणालियों और प्रभावी अनुबंध वार्ता तकनीकों का व्यापक अध्ययन शामिल था। लक्षित समूह के साथ, कार्यक्रम ने वास्तविक दुनिया की खरीद संबंधी चुनौतियों का समाधान करने के लिए अंतःक्रियात्मक सत्रों, गहन चर्चाओं और केस-आधारित शिक्षण को सुगम बनाया। प्रतिभागियों ने कानूनी ढाँचों, जोखिम न्यूनीकरण और सर्वोत्तम प्रथाओं की व्यावहारिक

जानकारी प्राप्त की, जिससे जवाबदेही और व्यावसायिकता के साथ सार्वजनिक खरीद प्रक्रियाओं का प्रबंधन करने की उनकी क्षमता में वृद्धि हुई।

8. प्रशासकों के लिए नगरीय प्रशासन

दिनांक: 10 से 14 फरवरी, 2025
कुल प्रतिभागी: 42 (11 महिला, 31 पुरुष)
पाठ्यक्रम समन्वयक: श्री राजेश मीणा, उप निदेशक

10 से 14 फरवरी 2025 तक आयोजित "प्रशासकों के लिए नगरपालिका शासन" विषय पर सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम में शहरी शासन के प्रमुख पहलुओं का पता लगाने के लिए 42 प्रतिभागियों (11 महिला, 31 पुरुष) ने भाग लिया। पाठ्यक्रम में विकेंद्रीकरण, नागरिक सहभागिता, शहरी नीति कार्यान्वयन और सेवा प्रदायगी तंत्र जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया। शहरी चुनौतियों के प्रबंधन में प्रशासनिक क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से तैयार किए गए सत्रों ने नवीन प्रथाओं और सहभागी शासन पर संवाद को प्रोत्साहित किया। अपेक्षाकृत संतुलित लैंगिक प्रतिनिधित्व ने लोक प्रशासन में समावेशिता के महत्व को उजागर किया। केस स्टडी और विशेषज्ञ संवाद के माध्यम से, प्रतिभागियों ने नगरपालिका संस्थानों को मजबूत करने और शहरी प्रबंधन परिणामों में सुधार करने के लिए व्यावहारिक उपकरण संबंधी ज्ञान अर्जित किया।

9. सतत ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में अग्रसर

दिनांक: 24 से 28 फरवरी, 2025
कुल प्रतिभागी: 43 (4 महिला, 39 पुरुष)
पाठ्यक्रम समन्वयक: श्री गणेश शंकर मिश्रा, उप निदेशक (वरिष्ठ)

24 से 28 फरवरी 2025 तक आयोजित "सतत ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में अग्रसर" प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी और ऊर्जा क्षेत्र की पृष्ठभूमि से 43 प्रतिभागियों (4 महिला, 39 पुरुष) ने भाग लिया। पाठ्यक्रम में उभरती प्रौद्योगिकियों, नवीकरणीय ऊर्जा वित्तपोषण तंत्र और दीर्घकालिक स्थिरता लक्ष्यों को प्राप्त करने के उद्देश्य से अभिनव राज्य-स्तरीय नीतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया। चर्चाओं में स्वच्छ ऊर्जा समाधानों के एकीकरण और प्रभावी कार्यान्वयन के लिए आवश्यक प्रशासनिक रणनीतियों पर जोर दिया गया। कार्यक्रम ने ऊर्जा परिदृश्य में हो रहे बदलावों की गहन जानकारी प्रदान की, लेकिन महिलाओं की सीमित भागीदारी ने लैंगिक विविधता को बढ़ावा देने और ऊर्जा और स्थिरता क्षेत्रों में महिलाओं के अधिक प्रतिनिधित्व को प्रोत्साहित करने के महत्व को रेखांकित किया।

10. भूमि प्रशासन: मुद्दे, चुनौतियाँ और तकनीकी हस्तक्षेप

दिनांक: 3 से 7 मार्च, 2025
कुल प्रतिभागी: 71 (14 महिला, 57 पुरुष)
पाठ्यक्रम समन्वयक: श्री प्रेम कुमार वी.आर., उप निदेशक

3 से 7 मार्च 2025 तक आयोजित "भूमि शासन: मुद्दे, चुनौतियाँ और तकनीकी हस्तक्षेप" विषय पर सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सबसे अधिक भागीदारी दर्ज की गई, जिसमें 71 अधिकारियों (14 महिला, 57 पुरुष) ने भाग लिया। इस पाठ्यक्रम में भूमि शासन के बहुआयामी पहलुओं पर चर्चा की गई, जिसमें कानूनी ढाँचे, प्रशासनिक चुनौतियाँ और जीआईएस तथा डिजिटल भूमि अभिलेखों जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों की भूमिका पर विशेष ध्यान दिया गया। इसने विकास, योजना और विवाद समाधान में भूमि के महत्व को रेखांकित किया। प्रतिभागियों ने भूमि अधिग्रहण, भूमि स्वामित्व सुरक्षा, विवाद समाधान और भूमि प्रशासन में पारदर्शिता जैसे विषयों पर चर्चा की। विविध भागीदारी ने पाठ्यक्रम की अंतर-क्षेत्रीय प्रासंगिकता और अधिक कुशल, न्यायसंगत और प्रौद्योगिकी-आधारित भूमि प्रबंधन प्रथाओं के लिए संस्थागत क्षमता बढ़ाने में इसकी भूमिका को दर्शाया।

11. वित्तीय समावेशन और विकास के लिए ऋण वृद्धि

दिनांक: 17 से 21 मार्च, 2025
कुल प्रतिभागी: 31 (6 महिला, 25 पुरुष)
पाठ्यक्रम समन्वयक: श्री गणेश शंकर मिश्रा, उप निदेशक (वरिष्ठ)

वित्तीय समावेशन और विकास के लिए ऋण वृद्धि पर आधारित सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम 17 से 21 मार्च 2025 तक आयोजित किया गया, जिसमें सामाजिक क्षेत्र के विभागों और वित्तीय संस्थानों का प्रतिनिधित्व करने वाले 31 प्रतिभागियों (6 महिला, 25 पुरुष) ने भाग लिया। इस पाठ्यक्रम में समावेशी विकास और जमीनी स्तर पर विकास को बढ़ावा देने में डिजिटल वित्तीय सेवाओं, सूक्ष्म ऋण प्रणालियों और स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के संबंधों की भूमिका का पता लगाया गया। अंतःक्रियात्मक सत्रों और प्रकरण अध्ययन (केस स्टडी) के माध्यम से, प्रतिभागियों ने वंचित आबादी के बीच ऋण और वित्तीय साक्षरता तक पहुंच बढ़ाने की रणनीतियों का अध्ययन किया। कार्यक्रम ने समान आर्थिक भागीदारी को बढ़ावा देने वाले नीतिगत ढांचों और कार्यान्वयन मॉडलों पर जोर दिया तथा वित्तीय समावेशन को सतत और व्यापक विकास परिणामों के लिए प्रमुख कारक के रूप में उजागर किया।

अकादमी में अनुसंधान केंद्र

अकादमी के केंद्रों की स्थापना शासन के प्रमुख क्षेत्रों में नीतिगत और कार्यान्वयन दोनों दृष्टिकोणों से अनुसंधान शुरू करने का मार्ग प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। अनुसंधान का उद्देश्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में योगदान देना और उसे नई अंतर्दृष्टि प्रदान करना है। ये केंद्र (जैसे बीएनवाईसीआरएस) अधिकतर संबंधित मंत्रालयों द्वारा वित्त पोषित होते हैं, या एनजीसीसी और सीडीएम की तरह आत्मनिर्भर होते हैं तथा विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय वित्त पोषण एजेंसियों के साथ सहयोग करते हैं। अकादमी के आदेशपत्र से जुड़े क्षेत्रों पर क्रियात्मक अनुसंधान करने और प्रशिक्षण इनपुट में योगदान देने के लिए विभिन्न अनुसंधान केंद्र स्थापित किए गए हैं।

6 (**i**) बीएन युगांधर ग्रामीण अध्ययन केंद्र

केंद्र का विजन

"भूमि, ग्रामीण विकास, कृषि आंदोलन, आजीविका, जेंडर और पंचायती राज से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर प्रशिक्षण, अनुसंधान और नीतिगत विचार-विमर्श के लिए एक वातावरण बनाने और उसे बढ़ावा देने में सहायता करना।"

केंद्र का मिशन

" "प्रशिक्षु अधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण सामग्री और मैनुअल तैयार करना, अनुसंधान संबंधी अध्ययन कार्य करना, कार्यशालाओं और नीतिगत संगोष्ठियों का आयोजन करना, सहयोगी संगठनों और पेशेवर व्यक्तियों के साथ समन्वय स्थापित करना, पत्रिकाओं, शोध पत्रों, रिपोर्टों आदि का प्रकाशन सुनिश्चित करना तथा नीति बनाने या उसमें परिवर्तन करने के लिए सरकारी एजेंसियों में अनुसंधान आधारित ज्ञान का प्रसार करना तथा युवा पेशेवरों को देश की सामाजिक-आर्थिक वास्तविकताओं से रूबरू कराना।"

केंद्र की संक्षिप्त पृष्ठभूमि

बी. एन. युगांधर ग्रामीण अध्ययन केंद्र (बीएनवाईसीआरएस), जिसकी स्थापना 1989 में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में हुई, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए भूमि अभिलेखों के आधुनिकीकरण, भूमि सुधार, कृषि संबंधों और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों में नीतिगत अनुशंसाओं और प्रकाशनों के लिए अनुसंधान अध्ययन, सेमिनार और कार्यशालाओं का आयोजन करते हुए अग्रणी संस्थान के रूप में उभरकर आया है। केंद्र "जर्नल ऑफ लैंड एंड रूरल स्टडीज" एक अर्ध-वार्षिक पीयर-रिव्यू जर्नल प्रकाशित करता है, जिसे सेज पब्लिकेशंस-नई

दिल्ली द्वारा प्रकाशित किया जाता है तथा इसके माध्यम से उपर्युक्त विषयों पर अंतर्राष्ट्रीय शोध को प्रसारित/साझा करता है।

बीएनवाईसीआरएस विभिन्न बैचों के आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों की 4000 से अधिक ग्राम अध्ययन रिपोर्टों का संग्रहण करता है तथा भारत के गांवों में भूमि सुधार, भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण और सामाजिक-आर्थिक पहलुओं से संबंधित जानकारी के दस्तावेजीकरण, विश्लेषण और प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन संग्रहों में ग्रामीण जीवन के विभिन्न पहलुओं पर रिपोर्टें शामिल हो सकती हैं, जिनमें सामाजिक-आर्थिक स्थिति, कृषि, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, बुनियादी ढांचा और सांस्कृतिक प्रथाएं सम्मिलित हैं। इस केंद्र ने अब तक ज्ञान साझाकरण, क्षमता निर्माण और नीतिगत समर्थन जैसे विभिन्न उद्देश्यों की पूर्ति के लिए 60 से अधिक कार्यशालाओं/सम्मेलनों का आयोजन किया है। इस केंद्र ने भूमि सुधार, कृषि संबंध, भूमि अभिलेख प्रबंधन और भूमि राजस्व प्रशासन, भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण और सामाजिक-आर्थिक मुद्दों से संबंधित 130 से अधिक प्रकाशन प्रकाशित किए हैं। डेटाबेस प्रबंधन इस केंद्र की एक और प्रमुख गतिविधि है और प्रशिक्षु अधिकारियों के माध्यम से और अनुसंधान अध्ययन करते समय एकत्र किए गए प्राथमिक डेटा को आगे उपयोग के लिए व्यवस्थित रूप से संग्रहित किया गया है।

बीएनवाईसीआरएस को भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित और समर्थित किया जाता है। इस केंद्र का नेतृत्व शासी निकाय द्वारा किया जाता है जिसमें लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के निदेशक, अध्यक्ष के रूप में और लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और संबंधित क्षेत्रों के प्रख्यात विशेषज्ञ/शिक्षाविद सदस्य के रूप में शामिल हैं।

गतिविधियाँ

क. प्रशिक्षण कार्यक्रम

क.1 आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण-**I** के लिए गतिविधियाँ

क.1.1 भूमि प्रशासन मॉड्यूल

केंद्र ने आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम के प्रथम चरण के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए भूमि प्रशासन मॉड्यूल का आयोजन मार्च-अप्रैल 2024 में किया। केंद्र वर्तमान में चल रहे चरण-I पाठ्यक्रम में भूमि प्रशासन मॉड्यूल का आयोजन कर रहा है।

मॉड्यूल के लिए तैयार की गई पाठ्य सामग्री में भूमि प्रणालियों, भूमि सुधारों और संबंधित नीतिगत मुद्दों का संक्षिप्त ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य दिया गया तथा देश की भूमि रिकॉर्ड प्रणाली, देश में डिजिटल इंडिया भूमि रिकॉर्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी) के तहत उपलब्धियों, भूमि अधिग्रहण के

मुद्दों और चुनौतियों पर प्रकाश डाला गया जिसमें आरएफसीटीएलएआरआर के मुद्दों और जटिलताओं, राजस्व प्रशासन के प्रमुख कार्यों आदि को शामिल किया गया।

इस मॉड्यूल के तहत, 'राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में भूमि प्रशासन - इतिहास, संगठनात्मक संरचना और अभिलेखों का आधुनिकीकरण' विषय पर विशेष विषय-वस्तु शामिल की गई और विभिन्न राज्यों जैसे आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मिजोरम, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, अंडमान और निकोबार द्वीप, लक्षद्वीप और पुडुचेरी के विषय विशेषज्ञों द्वारा संवर्ग-वार आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए राज्य विशिष्ट प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए।

केंद्र ने आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए भारतीय सर्वेक्षण विभाग, देहरादून और जिला सर्वेक्षण एवं सेटलमेंट कार्यालय, देहरादून के साथ समन्वय करके 'सर्वेक्षण तकनीकों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण' का आयोजन किया। यह कार्यक्रम राजस्व सर्वेक्षण के दौरान पारंपरिक और आधुनिक सर्वेक्षण उपकरणों तथा उनकी उपयोगिता को प्रदर्शित करने पर केंद्रित रहा।







भूमि सर्वेक्षण पर व्यावहारिक प्रशिक्षण की तस्वीरें

क.1.2 कृषि मॉड्यूल

केंद्र ने 2023 बैच के आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण-I में इसकी शुरूआत के लिए तीन दिवसीय 'कृषि मॉड्यूल' को



डिजाइन तथा तैयार किया। मॉड्यूल में स्वतंत्रता के बाद के समय में कृषि के विकास, हरित क्रांति (जीआर), जलवायु अनुकूल कृषि (सीआरए) और कृषि-जैव विविधता के वर्तमान मुद्दे, राज्यों में कृषि और संबद्ध क्षेत्र विभागों की प्रशासनिक व्यवस्था, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन (एनआरएम), कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के विकास के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं तथा कृषि विपणन के मुद्दे शामिल रहें।

कृषि और संबद्ध क्षेत्र से संबंधित राज्य-विशिष्ट इनपुट प्रदान करने के लिए विभिन्न राज्यों के विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया।

क.2 आईएएस व्यावसायिक पाठ्यक्रम चरण-II: जिला प्रशिक्षण

ग्राम अध्ययन असाइनमेंट (वीएसए)

केंद्र ने 2023-25 बैच के आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए ग्रामीण अध्ययन असाइनमेंट (जिला प्रशिक्षण असाइनमेंट का एक प्रमुख हिस्सा) आयोजित किया। इस अवधि के दौरान, केंद्र को 2022-24 बैच के आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों से 169 सामाजिक-आर्थिक (एसई) और 173 भूमि प्रशासन (एलए) ग्राम अध्ययन रिपोर्टें प्राप्त हुईं। प्रशिक्षण परिप्रेक्ष्य के अलावा, इन रिपोर्टों का उपयोग 'ग्रामीण भारत की सामाजिक-आर्थिक रूपरेखा' और 'भारत में भूमि सुधार' विषय पर प्रकाशन तैयार करने के लिए किया जा रहा है। वर्ष 2023-25 बैच के आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए ग्राम अध्ययन असाइनमेंट पर जिला प्रशिक्षण मैनुअल में व्यापक संशोधन किया गया है।







मुख्य चुनाव आयुक्त समाप्न भाषण देते हुए और 2022 बैच के प्रशिक्षु अधिकारी उन्हें सम्मानित करते हुए।

क.3 कार्यक्षेत्र अध्ययन एवं अनुसंधान कार्यक्रम (एफएसआरपी)

ग्रामीण विकास और ग्रामीण संस्थानों के कामकाज के प्रति प्रशिक्षु अधिकारियों को जागरूक करने के उद्देश्य से, नवंबर 2024 के दौरान 13 राज्यों (आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश) के 40 जिलों के 80 जनजातीय गांवों में 99वें फाउंडेशन कोर्स के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए फील्ड स्टडी रिसर्च प्रोग्राम (एफएसआरपी, जिसे पहले ग्राम भ्रमण कार्यक्रम के नाम से जाना जाता था) का आयोजन किया गया। इसके अलावा, 99वें फाउंडेशन कोर्स के एफएसआरपी का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और जनजातीय विकास योजनाओं की संतृप्ति का अध्ययन करना रहा। प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा तैयार किए गए 80 जनजातीय गांवों की एफएसआरपी रिपोर्टों का दस्तावेजीकरण किया गया है।



ख. अनुसंधान गतिविधियाँ

क्र.सं.	शीर्षक	स्थिति
1	भूमि अभिलेखों की गुणवत्ता पर मूल्यांकन अध्ययन (जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश)	पूर्ण
2	शहरी और ग्रामीण भूमि प्रबंधन: कर्नाटक और तमिलनाडु में संघर्ष और चुनौतियाँ	पूर्ण
3	भूमि बैंक और लंबित मुद्दे: महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश का मामला	पूर्ण
4	साझा संपत्ति संसाधन (सीपीआर): ओडिशा और मध्य प्रदेश में प्रथाएं, कानून और चुनौतियां	पूर्ण
5	पूर्वोत्तर राज्यों में भूमि शासन: प्रथागत और स्वदेशी कानूनों पर नीति सुधारों और क्षेत्रीय पहलों की स्थिति और प्रभाव (छठी अनुसूची क्षेत्र): असम और त्रिपुरा	असम और त्रिपुरा की मसौदा रिपोर्ट प्राप्त हुई है
6	हिंदू उत्तराधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2005 के लागू होने के बाद महिलाओं द्वारा भूमि स्वामित्व की स्थिति: राजस्थान, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और ओडिशा	प्रक्रियाधीन
7	कानूनी भूमि दस्तावेज के रूप में संपत्ति कार्ड की सीमा और उपयोग का अध्ययन	प्रारंभिक दौरा पूर्ण हो चुका है और विस्तृत अध्ययन प्रक्रियाधीन है

ग. कार्यशालाएँ/ संगोष्ठी/ एक्सपोजर कार्यक्रम

क्र.सं.	शीर्षक	स्थिति
1	भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण पर राज्य अधिकारियों के सहक्रमी ज्ञानार्जन (पीयर लर्निंग) पर राज्य स्तरीय कार्यशालाएँ: स्थिति और चुनौतियाँ और भूमि स्वामित्व पर अंतर्राष्ट्रीय प्रथाओं से ज्ञानार्जन के लिए एक्सपोजर विजिट	उत्तराखंड, सिक्किम, पुडुचेरी और अन्य राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के राज्य/केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव में कार्य पूर्ण हो गया है
2	भूमि शासन पर कार्यशाला: मुद्दे और चुनौतियाँ	मार्च, 2025
3	भूमि प्रशासन में सुधार के लिए भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी की भूमिका पर राष्ट्रीय कार्यशाला	
4	पूर्वोत्तर राज्यों में भूमि शासन पर क्षेत्रीय कार्यशाला: प्रथागत और स्वदेशी कानूनों पर नीति सुधारों और क्षेत्रीय पहलों की स्थिति और प्रभाव (छठी अनुसूची क्षेत्र)	असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम में कार्य पूर्ण हो चुका है
5.	सरकारी कार्यक्रमों का "ग्रामीण विकास: संतृप्ति दृष्टिकोण" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम	1-5 जुलाई, 2024

घ. प्रकाशन

क्रं.सं.	शीर्षक
वर्तमान प्रकाशन	
1.	जर्नल ऑफ़ लैंड एंड रूरल स्टडीज़ (खंड 13, अंक 1: जनवरी 2025)
2.	जर्नल ऑफ लैंड एंड रूरल स्टडीज (खंड 12, अंक 2: जुलाई 2024)
3,	जर्नल ऑफ लैंड एंड रूरल स्टडीज (खंड 12, अंक 1: जनवरी 2024)
4.	जम्मू और कश्मीर में भूमि अभिलेखों की गुणवत्ता पर मूल्यांकन अध्ययन

क्रं.सं.	शीर्षक
वर्तमान प्रकाशन	
5.	लद्दाख में भूमि अभिलेखों की गुणवत्ता पर मूल्यांकन अध्ययन
6.	उत्तराखंड में भूमि अभिलेखों की गुणवत्ता पर मूल्यांकन अध्ययन
7.	उत्तर प्रदेश में भूमि अभिलेखों की गुणवत्ता पर मूल्यांकन अध्ययन
आगामी प्रकाशन	
8.	ग्रामीण भारत का सामाजिक-आर्थिक रूपरेखा (श्रृंखला IV)
9.	जर्नल ऑफ लैंड एंड रूरल स्टडीज (खंड 13, अंक 2: जुलाई 2025)
10	भारत में भूमि सर्वेक्षण पर पुस्तिका (खंड-2)
11.	शहरी और ग्रामीण भूमि प्रबंधन: कर्नाटक और तमिलनाडु में संघर्ष और चुनौतियाँ
12.	भूमिक बैंक और लंबित मुद्दे: महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश का मामला
13	साझा संपत्ति संसाधन (सीपीआर): मध्य प्रदेश और ओडिशा में कार्य पद्धतियां, कानून और चुनौतियां
14.	पूर्वोत्तर राज्यों में भूमि शासन: प्रथागत और स्वदेशी कानूनों पर नीति सुधारों और क्षेत्रीय पहलों की स्थिति और प्रभाव (छठी अनुसूची क्षेत्र): असम और त्रिपुरा

ङ. उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) की स्थापना

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी के बी. एन. युगांधर ग्रामीण अध्ययन केंद्र द्वारा भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग द्वारा अनुमोदित डीआईएलआरएमपी के तहत उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जा रहा है। इस उत्कृष्टता केंद्र ने 10 फरवरी, 2025 को देहरादून स्थित राजस्व बोर्ड में उत्तराखंड के अधिकारियों के लिए "नक्शा" विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया।

च. जर्नल ऑफ लैंड एंड रूरल स्टडीज (जेएलआरएस)



जर्नल ऑफ लैंड एंड रूरल स्टडीज, पीयर-रिव्यूड जर्नल है, जिसे 2012 से केंद्र की ओर से सेज पब्लिकेशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रकाशित

किया जा रहा है। इस जर्नल को प्रकाशन नैतिकता समिति (सीओपीई) की सदस्यता प्राप्त है। यह प्रिंट (आईएसएसएनः 2321-0249) और ऑनलाइन (आईएसएसएनः 2321-7464) दोनों प्रारूपों में उपलब्ध है। वर्तमान में इसकी अनुमानित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विक्रय की जाने वाली प्रतियों की संख्या लगभग 10,446 है।

संदर्भित अवधि के दौरान, केंद्र ने खंड 13 अंक 1 (जनवरी, 2025) प्रकाशित किया है और खंड 13 अंक 2 (जुलाई, 2025) में प्रकाशन के लिए चयनित शोधपत्र/लेख प्रस्तुत किए हैं। इनका विवरण इस प्रकार हैः

खंड 12 अंक 2 (जुलाई, 2024) इसमें शामिल लेख और पुस्तक समीक्षाएँ इस प्रकार हैंः

1. टेनेंसी एंड इंटर-लिंकेजेज़ इन रूरल इंडियाः ए स्टडी ऑफ़ टू विलेजेज़ इन वेस्ट गोदावरी डिस्ट्रिक्ट
   — मुरली डी. ए. एवं आर. विजय
2. एन इवैल्युएशन ऑफ़ कमांड एग्रीकल्चर एंड फूड सिक्योरिटी अमंग कम्यूनल फार्मर्स इन रूरल ज़िम्बाब्वे— फराई मुसोंज़ा एवं प्रॉमिस माचिंगो हलुंगवानी
3. केस स्टडी ऑफ़ अन्ना प्रथा इन रूरल एरियाज़ ऑफ़ बुंदेलखंड रीजन— प्रिया सिंह
4. विमेन्स लैंड एक्सेस एंड जेंडर्ड आउटकम्स इन नॉर्दर्न घाना— नेल्सन न्याबान्यी एन-यानबिनी एवं जस्टिस कुफ़ौर ओवुसु-अनसा
5. रूरल विमेन्स बार्गेनिंग ओवर लैंड ओनरशिपः एविडेंस फ्रॉम एरेबल क्रॉप फार्मिंग हाउसहोल्ड्स इन साउथवेस्ट, नाइजीरिया— चिओमा पैट्रिशिया अदेकुन्ले, एस्थर तोलुवाटोपे तोलोरुंजु, ओलादेजी सोलोमन ओलादेले एवं अदेलेके साबितु कोस्टर
6. ए कम्पेरेटिव स्टडी ऑन अल्टरनेटिव लाइवलीहुड्स एंड रिलेशन बिटवीन लैंडहोल्डिंग ऑन द कोस्टल विमेन कल्टीवेटर्स ऑफ़ नेबरिंग पंचायत्स ऑफ़ वेस्ट बंगाल एंड ओडिशा— निलय बनर्जी
7. बुक रिव्यूः टिम बार्टली, द पॉलिटिक्स ऑफ़ लैंड समीक्षाः पल्लवी काबड़े

खंड 13 अंक 1 (जनवरी, 2025)

1. एब्सेंटी लैंडओनर्स एंड देयर इम्पैक्टः ए विलेज-लेवल स्टडी इन आंध्र प्रदेश एंड तेलंगाना— वाई. श्रीनिवासुलु
2. रिकंस्ट्रक्टिंग लैंड डिस्कोर्सः ए पर्सपेक्टिव ऑफ़ द ज़ेमे ट्राइब ऑफ़ नॉर्थईस्ट इंडिया— गैतुआंग न्यूमे एवं सुमा स्कारिया
3. ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया—एन अप्रेज़ल ऑफ़ एग्रीकल्चरल लैंड यूज़ इन उत्तर प्रदेशः ए रीजनल एनालिसिस— मोहम्मद असलम एवं शाहाब फ़ज़ल
4. विमेन्स लैंड ओनरशिप इन इंडियाः द इम्पैक्ट ऑफ़ कास्ट एंड रिलिजन— के. आर. मलारचित्रा एवं पी. ससिरेखा
5. गैरान लैंड क्वेश्चन्स इन मराठवाड़ाः ऑब्ज़र्वेशन्स फ्रॉम ए विलेज स्टडी— नागेश्वर बनसोडे

6. इंस्टीट्यूशनल ड्युएलिटी इन लैंड एडमिनिस्ट्रेशन: इनसाइट्स फ्रॉम कोलैबोरेटिव गवर्नेंस इन घाना— अब्दुल-सलाम इब्राहिम, बर्नार्ड अफ़ीक आकानपाबदाई आकानबांग, इब्राहिम याकूबू, अब्राहम मार्शल नुनबोगु, मोसेस कंसांगा एवं विंसेंट कुईरे
7. बुक रिव्यू: यूनाइटेड नेशन्स ह्यूमन सेटलमेंट्स प्रोग्राम – (यूएन- हैबिटैट), हैंडलिंग लैंड: इनोवेटिव टूल्स फ़ॉर लैंड गवर्नेंस एंड सिक्योर टेन्योर- समीक्षा: कप्पेय यादागिरि एवं वम्शिका चेन्नुर

6 (**ii**) नेशनल जेंडर एवं चाइल्ड सेंटर

नेशनल जेंडर एवं चाइल्ड सेंटर के बारे में:-

केंद्र की स्थापना 1995 में की गई, जिसका मुख्य उद्देश्य सरकार में नीति, कार्यक्रम निर्माण और कार्यान्वयन में जेंडर एवं बाल अधिकारों को मुख्यधारा में लाना है। नेशनल जेंडर और चाइल्ड सेंटर, अकादमी के तत्वावधान में एक क्षमता-निर्माण केंद्र है, जो जेंडर समानता, बाल अधिकार और महिला सशक्तिकरण विषय पर कार्य करते हुए जेंडर को मुख्यधारा में लाने तथा विभिन्न संस्थानों के साथ तालमेल बनाने की प्रतिबद्धता के अधिदेश से प्रेरित है।

इस दिशा में कार्य करते हुए, केंद्र, अपनी स्थापना के बाद से ही, जेंडर संवेदनशीलता और जेंडर विश्लेषण एवं जेंडर नियोजन के लिए क्षमताओं को बढ़ाने हेतु प्रशिक्षकों और नीति निर्माताओं के लिए प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण सहित विषयगत कार्यशालाओं, कार्यक्रमों और प्रशिक्षण को तैयार करने तथा संचालित करने में सक्रिय रूप से शामिल रहा है। स्थापना के बाद से, केंद्र ने लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में सभी पाठ्यक्रमों में जेंडर प्रशिक्षण को मुख्यधारा में लाने में सफलता प्राप्त की है, जैसे कि अखिल भारतीय/केंद्रीय सेवाओं के अधिकारियों के लिए विभिन्न पहलुओं पर कार्यक्रम के अलावा, सभी स्तरों पर आईएएस अधिकारियों के लिए इंडक्शन प्रशिक्षण और सेवाकालीन मध्यावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना।

वर्ष 2024-2025 में केंद्र द्वारा निम्नलिखित परियोजनाएं/गतिविधियां संचालित की गईं:

1. जेंडर संवेदनशील शासन को बढ़ावा देने पर सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम, 22 से 26 जुलाई, 2024

जेंडर-संवेदनशील शासन को बढ़ावा देने पर सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम 22 से 26 जुलाई 2024 तक इंदिरा भवन, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में नेशनल जेंडर एवं चाइल्ड सेंटर (एनजीसीसी), लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी द्वारा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (एमडब्ल्यूसीडी) और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के सहयोग से आयोजित किया गया। पांच

दिवसीय इस कार्यक्रम का उद्देश्य 5 से 14 वर्ष की सेवा वाले सिविल सेवकों की क्षमता का निर्माण करना रहा, ताकि वें शासन प्रक्रियाओं में जेंडर परिप्रेक्ष्य को एकीकृत कर सकें और समावेशी नीति निर्माण एवं कार्यान्वयन को बेहतर बना सकें।

जेंडर संवेदनशील शासन (जीआरजी) समावेशी विकास का महत्वपूर्ण स्तंभ है, क्योंकि यह सुनिश्चित करता है कि शासन प्रणालियों के भीतर सभी जेंडरों की विविध आवश्यकताओं और अनुभवों को मान्यता दी जाए और उनका समाधान किया जाए। इसी विजन के अनुरूप, प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों को विभिन्न क्षेत्रों और विभागों में जेंडर संवेदनशील शासन को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक वैचारिक समझ, विश्लेषणात्मक उपकरण और व्यावहारिक रणनीतियों से लैस करना रहा। सुनियोजित सत्रों के माध्यम से, प्रतिभागियों को लोक नीति में जेंडर को मुख्यधारा में लाना, जेंडर समानता के लिए संस्थागत तंत्र, शासन में अंतरसंबंध और समावेशी सेवा प्रदायगी मॉडल तैयार करना जैसे महत्वपूर्ण विषयों से अवगत कराया गया।

इस कार्यक्रम में असम, झारखंड, नई दिल्ली, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, हरियाणा, बिहार, केरल, तेलंगाना, तमिलनाडु, गोवा, उत्तर प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात और पंजाब सहित 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 48 सिविल सेवकों ने प्रतिभाग किया। इस विविध समूह ने क्षेत्रीय अनुभवों, चुनौतियों और जेंडर समानता को बढ़ावा देने वाले अभिनव दृष्टिकोणों के जीवंत आदान-प्रदान को संभव बनाया।

प्रशिक्षण के प्रमुख उद्देश्यों में जेंडर समानता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, विभागीय योजना और कार्यान्वयन में जेंडर परिप्रेक्ष्य को शामिल करने की क्षमता विकसित करना तथा जेंडर रूप से संवेदनशील नीति निर्माण और प्रशासन को आगे बढ़ाने के लिए व्यावहारिक उपकरण प्रदान करना शामिल रहें। इस कार्यक्रम ने समावेशी, न्यायसंगत और सभी नागरिकों, विशेष रूप से महिलाओं और हाशिए पर जीवन-यापन कर रहे जेंडरों की आकांक्षाओं के प्रति उत्तरदायी शासन के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को सुदृढ़ किया।

2. क्षमता निर्माण कार्यक्रम: “परिवर्तन के प्रवर्तक – जेंडर समानता को बढ़ावा देने वाले कानूनों के प्रभावी कार्यान्वयन को गति प्रदान करना”

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के नेशनल जेंडर एवं चाइल्ड सेंटर (एनजीसीसी) ने राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) के सहयोग से अग्रणी क्षमता निर्माण कार्यक्रम - "परिवर्तन के प्रवर्तक - जेंडर-समावेशी कानूनों के प्रभावी कार्यान्वयन को गति प्रदान करना" - शुरू किया है। यह पहल एनजीसीसी और एनसीडब्ल्यू के बीच व्यापक विचार-विमर्श के बाद परिकल्पित की गई है, जिसमें जिला मजिस्ट्रेटों (डीएम) और जिला कलेक्टरों (डीसी) की जेंडर-केंद्रित नीतियों को प्रभावी जमीनी स्तर पर लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया गया है। नीति प्रवर्तन और स्थानीय शासन में उनकी

विशिष्ट स्थिति को देखते हुए, प्रशासकों के इस संवर्ग को राष्ट्रव्यापी जेंडर समानता को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण श्रंखला के रूप में पहचाना गया है।

एनसीडब्ल्यू और एनजीसीसी, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी की समर्पित टीम द्वारा विचारपूर्वक तैयार किया गया यह परिवर्तनकारी कार्यक्रम जेंडर समानता को बढ़ावा देने वाले शासन की परिकल्पना पर आधारित है। यह कार्यक्रम पीसीपीएएनडीटी अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम, घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम और जेंडर हिंसा एवं भेदभाव से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण कानूनों जैसे महत्वपूर्ण कानूनी ढांचों के कार्यान्वयन पर केंद्रित है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जमीनी स्तर के प्रशासकों को व्यावहारिक ज्ञान, उपकरण और रणनीतियों से सशक्त बनाना है ताकि वे व्यवस्थागत चुनौतियों का समाधान कर सकें और महिलाओं के लिए सुरक्षित एवं अधिक समावेशी वातावरण का निर्माण कर सकें।

पहला कार्यक्रम: 16-18 दिसंबर, 2024 | केरल

केरल में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम जिला मजिस्ट्रेट/कलेक्टरों और वरिष्ठ क्षेत्रीय अधिकारियों के लिए तैयार किया गया। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन श्रीमती शारदा मुरलीधरन, मुख्य सचिव, केरल और श्रीमती मीनाक्षी नेगी, सदस्य सचिव, राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने किया। कार्यक्रम में संवादात्मक कार्यशालाओं, विषय विशेषज्ञों के नेतृत्व वाले सत्रों, गहन केस स्टडी और सहयोगात्मक समूह चर्चाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिनका उद्देश्य प्रतिभागियों को जेंडर समानता में आने वाली बाधाओं और शासन के माध्यम से उन्हें दूर करने के तरीकों के बारे में बेहतर समझ प्रदान करना था। कार्यक्रम का समापन विचार-विमर्श सत्रों और कार्रवाई के लिए व्यक्तिगत प्रतिबद्धताओं के साथ हुआ। कार्यक्रम में 10 राज्यों (अरुणाचल प्रदेश, गुजरात, झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश) के कुल 35 अधिकारियों - जिनमें मुख्य रूप से जिला मजिस्ट्रेट शामिल थे, ने प्रतिभाग किया।

दूसरा कार्यक्रम: 17-19 मार्च, 2025 | गोवा

पहले चरण में रखी गई नींव पर आगे बढ़ते हुए, दूसरे कार्यक्रम ने अपने दायरे को बढ़ाते हुए जेंडर कानूनों, विशेष रूप से पीसीपीएएनडीटी और यौन उत्पीड़न अधिनियमों के लिए आख्यान-सृजन, रणनीतिक संचार, कानूनी पैरवी और बेहतर प्रवर्तन तंत्र को शामिल किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन श्री प्रमोद, माननीय मुख्यमंत्री, गोवा सरकार और श्रीमती विजया राहटकर, अध्यक्ष, एनसीडब्ल्यू ने किया। इसमें पीड़ितों की सशक्त गवाही, जमीनी स्तर पर अनुभव प्राप्त करने के दौरे और समावेशी नीति निर्माण पर गहन समूह अभ्यास पर जोर दिया गया। यह पहल सार्वजनिक प्रशासन में जेंडर समानता को संस्थागत रूप देने और पूरे भारत में समावेशी विकास को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम रही।

अरुणाचल प्रदेश, असम, गुजरात, हरियाणा, केरल, महाराष्ट्र, मेघालय, नागालैंड, उत्तर प्रदेश और गोवा सहित 10 राज्यों के कुल 35 वरिष्ठ अधिकारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

3. दिनांक 3-4 मार्च 2025 को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में "भारत में महिला कार्यबल भागीदारी में सुधार" विषय पर गोलमेज (राउंड टेबल) चर्चा

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के नेशनल जेंडर एवं चाइल्ड सेंटर (एनजीसीसी) ने श्रम एवं रोजगार मंत्रालय (एमओएलई) के सहयोग से 3 और 4 मार्च 2025 को मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में "भारत में महिला कार्यबल भागीदारी में सुधार" विषय पर दो दिवसीय गोलमेज सम्मेलन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में नीति निर्माताओं, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, उद्योग जगत के नेताओं और संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों सहित 31 प्रतिभागियों ने भाग लिया और भारत के सामाजिक-आर्थिक विकास लक्ष्यों के अनुरूप कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए व्यावहारिक रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया।

चर्चाओं में बच्चों और बुजुर्गों की देखभाल के बुनियादी ढांचे में सुधार के माध्यम से देखभाल संबंधी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने; महिलाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने, विशेष रूप से हरित ऊर्जा, डिजिटल अर्थव्यवस्था और एआई जैसे उभरते क्षेत्रों में; जेंडर-संवेदनशील बुनियादी ढांचे और वेतन समानता सहित सुरक्षित और न्यायसंगत कार्यस्थलों का निर्माण करने; और भर्ती में पक्षपात को दूर करने और लचीले कार्य मॉडल का समर्थन करने के लिए प्रौद्योगिकी और एआई का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा तैयार की गई टास्क फोर्स रिपोर्ट गोलमेज सम्मेलन का एक प्रमुख आकर्षण रही और इसने गहन विचार-विमर्श का आधार प्रदान किया। देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र, रोजगार एवं कौशल विकास का भविष्य, सुरक्षित एवं न्यायसंगत कार्यस्थल और एआई एवं डिजिटल हस्तक्षेप - इन चार महत्वपूर्ण विषयगत स्तंभों पर आधारित यह रिपोर्ट महिलाओं की आर्थिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक ढांचा प्रस्तुत करती है। चर्चाओं में न केवल क्षेत्रीय अंतर्दृष्टि और प्रत्यक्ष अनुभवों के आधार पर इन विषयों का विश्लेषण किया गया, बल्कि सरकार, उद्योग और नागरिक समाज को शामिल करते हुए एक दूरदर्शी, सहयोगात्मक रोडमैप भी तैयार किया गया। इस सामूहिक विजन का उद्देश्य पूरे भारत में सतत, समावेशी और जेंडर समानता वाली कार्यबल भागीदारी को बढ़ावा देना है।

4. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह – 7-8 मार्च, 2025

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के भाग के रूप में, नेशनल जेंडर एवं चाइल्ड सेंटर (एनजीसीसी) ने समाज सेवा समिति के सहयोग से लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया।

7 मार्च 2025 को, स्थानीय महिलाओं को अकादमी में अपने हस्तशिल्प का प्रदर्शन करने के लिए आमंत्रित किया गया। इस पहल ने उन्हें अपने कौशल को प्रदर्शित करने, पारंपरिक शिल्पों को पुनर्जीवित करने और स्थायी आजीविका के अवसरों को बढ़ावा देने का मंच प्रदान किया।

यह उत्सव 8 मार्च को चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता वार्ता के साथ जारी रहा, जिससे महिला कर्मचारियों को अपने स्वास्थ्य व कल्याण के प्रबंधन में मूल्यवान जानकारी प्राप्त करने के लिए सार्थक मंच मिला।

इस कार्यक्रम में प्रशिक्षु अधिकारियों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जो महिलाओं को सशक्त बनाने, सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने के प्रति लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह समारोह अकादमी के उस विजन का प्रमाण था जिसके तहत महिला नेतृत्व वाली पहलों को सक्षम बनाया जाता है तथा रचनात्मक एवं समग्र मंचों के माध्यम से सामुदायिक सहभागिता को समर्थन दिया जाता है।

6 (iii) आपदा प्रबंधन केंद्र

पृष्ठभूमि: आपदा प्रबंधन केंद्र (सीडीएम), लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी उत्कृष्ट अनुसंधान और क्षमता निर्माण केंद्र है, जो आईएएस और अन्य समूह-क सिविल सेवाओं के अधिकारियों को भर्ती के समय और मध्यावधि सेवा अवधि स्तर पर आपदा न्यूनीकरण के विभिन्न पहलुओं में प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ-साथ क्रियात्मक अनुसंधान परियोजनाओं, सर्वोत्तम प्रथाओं के प्रलेखन, प्रकरण अध्ययनों (केस स्टडीज), शिक्षण सामग्री आदि का संचालन करता है। वर्ष 2003 से, गृह मंत्रालय, भारत सरकार और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार नियमित वित्तीय सहायता प्रदान करके सीडीएम के प्रयासों में सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

1. स्थापना: 2003

2. उद्देश्य:

- विशेष क्षेत्रीय कार्यशालाओं/प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से आपदा प्रबंधन पर लक्षित व्यापक क्षमता निर्माण (क्षेत्र, आपदा की प्रकृति और प्रमुख फोकस क्षेत्रों/ भारत सरकार की

प्राथमिकताओं के आधार पर) प्रदान करने के लिए एक प्रमुख राष्ट्रीय संस्था के रूप में कार्य करना।

- केंद्र, भारतीय प्रशासनिक सेवाओं और अन्य सिविल सेवाओं से संबंधित अधिकारियों को भर्ती के स्तर के साथ-साथ सेवाकालीन स्तर पर भी आपदा जोखिम प्रबंधन और न्यूनीकरण के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान करता है।
- आपदाओं का वास्तविक समय के आधार पर दस्तावेजीकरण (कमियां, ज्ञानार्जन और सर्वोत्तम कार्य प्रणालियां)

3. उद्देश्य

- एसीएम/जीबीएम के निर्देशों के अनुसार पाठ्यक्रम निर्माण, अनुसंधान, मॉड्यूल विकास और प्रदायगी सहित पाठ्यक्रमों की विषयक्षेत्र (डोमेन) आवश्यकताओं को पूरा करना
- आपदा प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में अखिल भारतीय सेवाओं और केंद्रीय सिविल सेवाओं के प्रशिक्षु अधिकारियों, मध्यावधि सेवा वाले सिविल सेवकों के साथ अन्य हितधारकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार करना और उन्हें लागू करना।
- मांग के अनुसार संबंधित हितधारकों को आपदा प्रबंधन में प्रशिक्षण कार्यक्रम/संगोष्ठियाँ/कार्यशालाएं आयोजित करना और परामर्श सेवाएं प्रदान करना।
- शोध अध्ययन/परियोजनाएं, केस स्टडी करना और शोध पत्र, लेख, पत्रिकाएं, पुस्तकें आदि प्रकाशित करना ताकि शोध और नवीनतम ज्ञान का प्रसार हो सके।
- आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में अनुसंधान, क्रियान्वयन, कार्यान्वयन और प्रशिक्षण में संलग्न शैक्षणिक या अन्य संस्थानों के साथ विश्व के किसी भी भाग (राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय) में संकाय सदस्यों की सेवा के आदान-प्रदान, दस्तावेजों/सूचनाओं, विद्वानों के आदान-प्रदान और सामान्यतः ऐसे तरीकों से सहयोग करना/गठबंधन बनाना/संबद्धता स्थापित करना जो उनके साझा उद्देश्यों के लिए सहायक हों।
- नीतिगत पहलों या नीतिगत बदलावों के लिए संबंधित मंत्रालय या सरकारी एजेंसी को आवश्यक डेटासेट, विचार और केस स्टडी उपलब्ध कराना।
- केंद्र द्वारा निर्दिष्ट उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक समझे जाने वाले फेलोशिप, छात्रवृत्ति, पुरस्कार और पदक का प्रावधान करना और प्रदान करना।
- केंद्र द्वारा अपने उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक समझे जाने वाले संरक्षण, संबद्धता और अन्य प्रकार की पेशेवर, मानद या तकनीकी सदस्यता या पद सृजित करना।

4. गतिविधियाँ

यह केंद्र आपदा जोखिम प्रबंधन के क्षेत्र में आईएएस और अन्य समूह-क सेवाओं की क्षमता निर्माण में सक्रिय रूप से शामिल रहा है। कुछ गतिविधियाँ इस प्रकार हैं:

- आवश्यकता आकलन पर क्षमता निर्माण
- प्रशिक्षणबद्ध क्रियात्मक अनुसंधान और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में समर्थन
- निगरानी और मूल्यांकन
- क्षमता निर्माण के लिए सहयोग और साझेदारी
- आपदाओं का वास्तविक समय के आधार पर दस्तावेजीकरण
- मॉक ड्रिल
- सूचीबद्ध एजेंसियां और विषय-विशेषज्ञ
- डीडीएमपी, स्कूल सुरक्षा लेखापरीक्षा, ओडीएमपी के लिए परामर्श सेवाएं
- आईआरएस और डीडीएमपी का प्रभाव विश्लेषण
- ऑनलाइन/एमओओसी पाठ्यक्रमों की तैयारी
- सहकर्मी-समीक्षित प्रकाशन
- मॉडल योजनाओं का विकास
- अनुभव आदान-प्रदान हेतु मंच
- प्रशिक्षण में लक्षित क्षमता निर्माण/ क्षेत्र-आधारित विजन


5. केंद्र द्वारा किए गए प्रकाशन अनुसंधान आदि

सीडीएम ने भारत में आपदा शासन पर 10 केस स्टडी पुस्तकों की श्रृंखला (आईएसबीएन: 978-81-928670-8-3) में लगभग 64 केस स्टडी प्रकाशित की हैं; आपदा प्रतिक्रिया और प्रबंधन जर्नल (आईएसएसएन: 2347-2553) के 10 खंडों में 51 शोध लेख और कोविड शासन पर विशेष श्रृंखला (आईएसबीएन: 978-81-928670-8-3) के 12 खंडों में 77 केस स्टडी और शोध लेख (6 खंड प्रकाशित और 6 खंड) केंद्र की स्थापना से लेकर आज तक प्रकाशित किए हैं। केंद्र ने चार प्रमुख शोध अध्ययन भी किए हैं:-

1. केरल में बाढ़, 2018: कारणों की जांच और जोखिम न्यूनीकरण रणनीति,

2. आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भीषण गर्मी (हीट वेव) प्रबंधन: भीषण गर्मी संबंधी दिशा-निर्देशों और संबंधित कार्य योजनाओं की प्रभावकारिता

3. बहुस्तरीय शासन के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए वास्तविक समय में शहरी बाढ़ पूर्वानुमान और आपदा पूर्व चेतावनी स्थानिक निर्णय समर्थन प्रणाली: चेन्नई शहर की केस स्टडी"



4. केरल के वायनांड जिले में चोरालमाला-मुंडाकाई भूस्खलन पर केस स्टडी: प्रतिक्रिया और आगे के उपाय।

A Case Study on
Chooralmala - Mundakai Landslide
in Wayanad District, Kerala

Response and Beyond



Submitted by

Centre for Disaster Management (CDM)
Lal Bahadur Shastri National Academy of Administration
Mussoorie, Uttarakhand -248179

Submitted to

National Disaster Management Authority (NDMA)
Government of India, New Delhi - 110029

क्र.सं.	प्रकाशन अंक	वर्ष
1	केस स्टडी पुस्तक श्रृंखला-9 "भारत में आपदा शासन" पर (आईएसबीएन: 978-81-928670-8-3; श्रृंखला-8)	2024
2	"आपदा प्रतिक्रिया और प्रबंधन" पर जर्नल खंड-XI और श्रृंखला-01 (आईएसएसएन: 2347-2553; खंड IX, अंक 1)	2024
3	भारत में कोविड-19 शासन पर विशेष केस स्टडी पुस्तक श्रृंखला (आईएसबीएन: 978-81-928670-6-9; श्रृंखला-1)	2024
4	भारत में कोविड-19 शासन पर विशेष केस स्टडी पुस्तक श्रृंखला (आईएसबीएन: 978-81-928670-6-9; श्रृंखला-2)	2024
5	भारत में कोविड-19 शासन पर विशेष केस स्टडी पुस्तक श्रृंखला (आईएसबीएन: 978-81-928670-6-9; श्रृंखला-3)	2024
6	भारत में कोविड-19 शासन पर विशेष केस स्टडी पुस्तक श्रृंखला (आईएसबीएन: 978-81-928670-6-9; श्रृंखला-4)	2024
7	भारत में कोविड-19 शासन पर विशेष केस स्टडी पुस्तक श्रृंखला (आईएसबीएन: 978-81-928670-6-9; श्रृंखला-5)	2024
8	भारत में कोविड-19 शासन पर विशेष केस स्टडी पुस्तक श्रृंखला (आईएसबीएन: 978-81-928670-6-9; श्रृंखला-6)	2024

6. आयोजित प्रशिक्षण एवं कार्यशालाएँ

इस वित्तीय वर्ष में अकादमी कैलेंडर के अनुसार, सीडीएम ने एफसी, आईटीपी, चरण- I, II, एमसीटीपी चरण- III, IV के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए आपदा निवारण/शमन, तैयारी और विनियोजन, प्रतिक्रिया और बेहतर पुनर्प्राप्ति, पुनर्वास और पुनर्निर्माण पर विभिन्न आंतरिक क्षमता निर्माण मॉड्यूल शामिल किए।

सीडीएम ने आईएएस/आईपीएस/आईएफएस और केंद्रीय एवं राज्य सिविल सेवा अधिकारियों जैसे विभिन्न समूहों के लिए कई विशिष्ट और क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम और कार्यशालाएं आयोजित की।

2024-25				
क्र.सं.	कार्यशालाएँ/शिक्षण कार्यक्रम/प्रशिक्षण कार्यक्रम	लक्षित समूह	दिनांक	प्रतिभागियों की संख्या
1	सामुदायिक स्तर पर आपदा शमन में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण	सरकारी क्षेत्र में कार्यरत वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकीविद	21-25 अक्टूबर 2024 (5 दिन)	22
2	जलवायु जोखिम प्रबंधन: नीति और शासन	सरकारी क्षेत्र में कार्यरत वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीविद	09-13 दिसंबर 2024 (5 दिन)	23
3	जिला और राज्य स्तर पर आपदा जोखिम प्रबंधन को पेशेवर बनाने पर संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम (जेटीपी)	आईएएस/आईपीएस/आईएफओएस; वरिष्ठ राज्य सिविल सेवा अधिकारी और सशस्त्र बलों के अधिकारी	26-28 दिसंबर, 2024	50
4	एर्नाकुलम, केरल में "आपदा जोखिम शमन और प्रबंधन" पर अनुकूलित क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम	केरल राज्य सिविल सेवा विभाग (केएसडीएमए) में आईएएस और वरिष्ठ राज्य सिविल सेवा अधिकारी	29 जनवरी से 01 फरवरी, 2025 तक	23
5	बदलती जलवायु में स्थानीय लचीलापन के निर्माण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम	सरकारी क्षेत्र में कार्यरत वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकीविद	03-07 फरवरी, 2025	24
6	आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी	सरकारी क्षेत्र में कार्यरत वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकीविद	17-21 मार्च 2025	21





आईएएस, आईपीएस, आईएफओएस अधिकारियों; वरिष्ठ राज्य सिविल सेवा अधिकारियों और सशस्त्र बलों के अधिकारियों के लिए "जिला और राज्य स्तर पर आपदा जोखिम प्रबंधन का व्यवसायीकरण" पर संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम (जेटीपी), 26-28 दिसंबर 2024 को आयोजित किया गया।



17-21 मार्च 2025 को आयोजित सरकारी क्षेत्र में कार्यरत वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकीविदों के लिए "आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी" कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में आपदा प्रबंधन केंद्र (सीडीएम), लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के निदेशक महोदय का संबोधन।



9-13 दिसंबर 2024 को आयोजित सरकारी क्षेत्र में कार्यरत वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकीविदों के लिए "जलवायु जोखिम प्रबंधन: नीति और शासन" विषय पर कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के निदेशक महोदय का संबोधन।



केरल के एर्नाकुलम में आईएएस अधिकारियों और वरिष्ठ राज्य सिविल सेवा अधिकारियों के लिए आयोजित "आपदा जोखिम शमन और प्रबंधन" पर अनुकूलित क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के भाग के रूप

में भूस्खलन स्थलों का दौरा, जिसका आयोजन केएसडीएमए द्वारा 29 जनवरी से 1 फरवरी 2025 तक किया गया।





जिला आपदा प्रबंधन योजना (डीडीएमपी) की समीक्षा, चरण-1 बैच 2024 के लिए

7. सीडीएम की अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियाँ

- सीडीएम ने प्रशिक्षु अधिकारियों और अकादमी कर्मचारियों के लिए भूकंप सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, खोज एवं बचाव और आतंकवादी हमले के मॉक ड्रिल आयोजित किए।
- फाउंडेशन कोर्स के दौरान रूट मैप तैयार करके और वायरलेस कम्युनिकेशन सेट और मैपिंग और ट्रैकिंग के लिए जीपीएस के संचालन पर प्रशिक्षु अधिकारियों का उन्मुखीकरण करके सीडीएम ने संपूर्ण हिमालय अध्ययन यात्रा की योजना और समन्वय में सक्रिय रूप से योगदान लिया।

6 (**iv**) सरदार पटेल नेतृत्व केंद्र



सरदार पटेल नेतृत्व केंद्र का उद्घाटन 31 अक्तूबर, 2021 को डॉ. जितेंद्र सिंह, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान, प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष विभाग ने किया। इस केंद्र को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में राष्ट्र को समर्पित किया गया।

केंद्र का लक्ष्य सिविल सेवकों की भावी पीढ़ियों के लिए क्षमता विकास की नींव रखना है ताकि वे दुनिया भर में नेतृत्व की सर्वोत्तम कार्यविधियों से ज्ञान प्राप्त कर सकें और साथ ही अपने सांस्कृतिक लोकाचार, मूल्यों और जमीनी स्तर पर जुड़े रहें। माननीय मंत्री महोदय ने कहा कि सुशासन के लिए फील्ड अधिकारियों के साथ-साथ नीति निर्धारण स्तर के अधिकारियों में भी अच्छे नेतृत्व कौशल की आवश्यकता है। सरदार पटेल नेतृत्व केंद्र का लक्ष्य भारत के सिविल सेवकों को निरंतर अध्ययन और ज्ञानार्जन के अवसर प्रदान करने के लिए संसाधन केंद्र के रूप में विकसित करना है।

इस केंद्र की स्थापना का लक्ष्य सिविल सेवकों को सरदार पटेल नेतृत्व केंद्र के साथ लगातार संपर्क में रहने में सक्षम बनाना है। यह ऐसी इकाई है जो उन्हें अपने व्यक्तिगत लक्ष्य में बेहतर कौशल और मार्गदर्शन प्रदान कर सकती है।

उल्लिखित पाठ्यक्रमों के दौरान निम्नलिखित नेतृत्व और समझौता वार्ता मॉड्यूल आयोजित किए गए:

- 16 अप्रैल, 2024- विकसित भारत क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम में कौशल विकास की भूमिका पर आधारित सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत भारतीय कौशल विकास सेवा के अधिकारियों के लिए समझौता वार्ता और संचार मॉड्यूल पर एक दिवसीय सत्र आयोजित किया गया।

- 9 और 10 जुलाई, 2024 - हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान (एचआईपीए), शिमला में नेतृत्व और समझौता वार्ता मॉड्यूल पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 26 प्रतिभागियों के लिए किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य एचपीएससी अधिकारियों को प्रशासकों के लिए नेतृत्व और समझौता वार्ता से परिचित कराना और सिमुलेशन अभ्यासों के माध्यम से यह समझाना था कि वे अपने दैनिक कार्यों में विभिन्न परिस्थितियों को कितनी प्रभावी ढंग से प्रबंधित सकते हैं।

- 14 अगस्त, 2024 - द्वितीय चरण के 184 प्रतिभागियों के लिए समझौता वार्ता मॉड्यूल आयोजित किया गया। इस मॉड्यूल का मुख्य उद्देश्य संगठनात्मक लक्ष्यों और व्यावसायिक ईमानदारी को बनाए रखते हुए सहयोगात्मक संबंध बनाने, संघर्षों को सुलझाने और पारस्परिक रूप से लाभकारी परिणाम प्राप्त करने के लिए एक अधिकारी की क्षमताओं को बढ़ाना था।

- 9-10 सितंबर, 2024 - अकादमी में 99वें फाउंडेशन कोर्स के 653 प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए नेतृत्व मॉड्यूल आयोजित किया गया। इस मॉड्यूल का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को नेतृत्व के बुनियादी कौशलों से परिचित कराना था, जिसमें नेतृत्व की अवधारणा की समझ, हमारे जीवन में आदर्शों का प्रभाव, प्रभावी प्रतिक्रिया कैसे दें, टीम सदस्य के रूप में अधिकारी की भूमिका, सुनने और मौखिक संचार का महत्व आदि शामिल रहें।

- 19 सितंबर, 2024 - गुवाहाटी स्थित असम प्रशासनिक कर्मचारी महाविद्यालय में 83 प्रतिभागियों के लिए नेतृत्व और संचार पर एक दिवसीय मॉड्यूल का आयोजन किया गया। इस मॉड्यूल का मुख्य उद्देश्य अधिकारियों के नेतृत्व कौशल और संचार रणनीतियों को मजबूत करना था, ताकि वे प्रभावी ढंग से टीमों का प्रबंधन कर सकें, विचारपूर्वक निर्णय ले सकें तथा जमीनी स्तर पर शासन और प्रशासनिक परिणामों को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न हितधारकों के साथ जुड़ सकें।

- 7 नवंबर, 2024 - अकादमी में 99वें फाउंडेशन कोर्स के लिए समझौता वार्ता मॉड्यूल आयोजित किया गया। इस मॉड्यूल का मुख्य उद्देश्य प्रशासकों के लिए समझौता वार्ता कौशल, समझौता वार्ता शैलियों और सिमुलेशन का परिचय देना था ताकि इन ज्ञानार्जन और कौशलों को परिदृश्यों में प्रभावी ढंग से प्रयोग में लाया जा सके।

- 23 और 24 दिसंबर, 2024 - लोक सेवा में नेतृत्व करने वाले अग्रणी व्यक्तियों के लिए समझौता वार्ता की कला और विज्ञान तथा भावनात्मक बुद्धिमत्ता और समझौता वार्ता का उपयोग विषय पर चरण III के 156 प्रतिभागियों के लिए दो दिवसीय समझौता वार्ता मॉड्यूल आयोजित किया गया। इस मॉड्यूल का मुख्य उद्देश्य लोक सेवा में नेतृत्व करने वाले अग्रणी व्यक्तियों को

समझौता वार्ता के सिद्धांतों और गतिशीलता की व्यापक समझ प्रदान करना था। इस मॉड्यूल का लक्ष्य प्रतिभागियों को समझौता वार्ता प्रक्रियाओं में भावनात्मक बुद्धिमत्ता (ईआई) को प्रमुख उपकरण के रूप में उपयोग करने के लिए सशक्त बनाना था।

- 23 जनवरी, 2025 - लोक सेवा में अग्रणी व्यक्तियों के लिए समझौता वार्ता पर चरण IV के 52 प्रतिभागियों के लिए एक दिवसीय वार्ता मॉड्यूल आयोजित किया गया। इस मॉड्यूल का उद्देश्य व्यावहारिक रणनीतियाँ विकसित करना, हितधारकों का विश्वास बढ़ाना और समझौता वार्ता में जटिल, उच्च जोखिम वाले परिदृश्यों को प्रबंधित करना तथा तालमेल बनाने, तनाव कम करने और उपयोगी संप्रेषण को बढ़ावा देने की क्षमता विकसित करना था।

- 11 और 12 फरवरी, 2025 - चौथे संयुक्त मध्यावधि सेवा प्रशिक्षण कार्यक्रम के 142 प्रतिभागियों के लिए डेढ़ दिवसीय वार्ता मॉड्यूल आयोजित किया गया। इस मॉड्यूल का प्राथमिक उद्देश्य व्यावहारिक वार्ता रणनीतियों को विकसित करना, हितधारकों का विश्वास बढ़ाना और जटिल, उच्च जोखिम वाली स्थितियों को प्रभावी ढंग से संभालना रहा। इसके अतिरिक्त, इसका उद्देश्य प्रभावी संचार को बढ़ावा देना था, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि प्रतिभागी चुनौतीपूर्ण वार्ता वातावरण में सफल परिणाम प्राप्त करने के लिए सक्षम हों।

- 17 और 18 फरवरी, 2025 - 126वें इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम के 97 प्रतिभागियों के लिए दो दिवसीय लीडरशिप मॉड्यूल आयोजित किया गया। इस मॉड्यूल का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को नेतृत्व की बुनियादी कौशलों से परिचित कराना रहा, जिसमें नेतृत्व की अवधारणा की समझ, मूल्यों का महत्व, प्रभावी प्रतिक्रिया देने का तरीका, सुनने और मौखिक संचार का महत्व आदि शामिल थे।

- 27 फरवरी, 2025 - 126वें इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 97 प्रतिभागियों के लिए समझौता वार्ता मॉड्यूल आयोजित किया गया। इस मॉड्यूल का प्राथमिक उद्देश्य प्रतिभागियों को प्रभावी समझौता वार्ता के लिए व्यावहारिक रणनीतियों से लैस करना, हितधारकों के साथ विश्वास स्थापित करना और जटिल, उच्च जोखिम वाली स्थितियों से निपटना सिखाना था। इस मॉड्यूल का उद्देश्य समझौता वार्ता के दौरान सफल परिणाम सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी संप्रेषण कौशल को बढ़ावा देना भी रहा।

6 (v) स्वास्थ्य एवं पोषण केंद्र

यह केंद्र लोक प्रणाली प्रबंधन केंद्र (सीपीएसएम) - लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के तत्वावधान में स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य अधिकारियों (सिविल सेवाओं में प्रवेश करने वाले युवा अधिकारियों के साथ-साथ अन्य मध्य-स्तरीय और वरिष्ठ अधिकारियों) में समग्र रूप से सोचने और

कार्य करने की क्षमता विकसित करना और भोजन संबंधी ऐसी नीतियों और कार्यों को बढ़ावा देना है जो लोगों और ग्रह दोनों के लिए स्वस्थ की दृष्टि से उपयुक्त हों।

यह केंद्र सीपीएसएम - लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों (जैसे सिविल सेवकों के लिए इंडक्शन ट्रेनिंग, एमसीटीपी, नगरपालिकाओं आदि के लिए अन्य विशेष कार्यक्रम) में सतत खाद्य प्रणालियों और सुरक्षित एवं स्वस्थ भोजन को बढ़ावा देने के उपायों पर व्यापक प्रशिक्षण मॉड्यूल संबंधी कार्य करता है, जिससे नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य और कल्याण पर ध्यान केंद्रित किया जा सके।

25 मार्च, 2025 को आयोजित आयुर्वेद आहार प्रदर्शनी और प्रकृति विश्लेषण कार्यशाला

कार्यक्रम समन्वयक	डॉ. अनुपम तलवार, उप निदेशक एवं केंद्र निदेशक
सह समन्वयक	डॉ. गीता देवी, आयुर्वेद वेलनेस सेंटर की पंचकर्म रेजिडेंट डॉक्टर
पाठ्यक्रम का उद्घाटन	श्री श्रीराम तरणिकांति, निदेशक, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी

विषय विशेषज्ञ

- डॉ. गीता देवी, पंचकर्म रेजिडेंट डॉक्टर, आयुर्वेद वेलनेस सेंटर

आयोजन भागीदारी

- आयुर्वेद वेलनेस सेंटर, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी

प्रतिभागी

- आईएएस चरण - I के प्रशिक्षु अधिकारी (2024 बैच), 126वें इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागी, अकादमी के संकाय और कर्मचारी।

पाठ्यक्रम की गतिविधियाँ, इनपुट और मुख्य बिंदु

स्वास्थ्य एवं पोषण केंद्र ने आयुर्वेद वेलनेस सेंटर, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के सहयोग से आईएएस चरण- I के प्रशिक्षु अधिकारियों (2024 बैच), 126वें इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम के

प्रतिभागियों, अकादमी के संकाय सदस्य और कर्मचारियों के लिए 25 मार्च, 2025 को "आयुर्वेद आहार प्रदर्शनी और प्रकृति विश्लेषण कार्यशाला" का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य आयुर्वेद की आहार पद्धतियों को दैनिक जीवन में शामिल करने के लिए व्यापक ज्ञान और व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। आयुर्वेद वेलनेस सेंटर की पंचकर्म विशेषज्ञ डॉ. गीता देवी द्वारा प्रतिभागियों को आयुर्वेद के आधारभूत सिद्धांतों, इसके समग्र विजन और प्रकृति विश्लेषण में हो रहे नवीनतम विकास, जिसमें आयुर्जेनोमिक्स भी शामिल है, से भी परिचित कराया गया।












6 (**vi**) सार्वजनिक प्रणाली प्रबंधन केंद्र (सीपीएसएम)

सीपीएसएम के बारे में:

लोक प्रबंधन प्रणाली केंद्र की स्थापना एक संस्था के रूप में की गई है, जिसका उद्देश्य भर्ती स्तर और मध्यावधि सेवा वाले सिविल सेवकों के साथ-साथ अन्य हितधारकों के लिए अनुसंधान करना और प्रशिक्षण/क्षमता निर्माण गतिविधियों का आयोजन करना है। केंद्र का मुख्य कार्य क्षेत्र सार्वजनिक प्रणालियों का कुशल और प्रभावी प्रबंधन है। प्रभावी और कुशल प्रबंधन अनिवार्य रूप से आंतरिक प्रणालियों और परियोजना निष्पादन क्षमताओं पर निर्भर करता है। इसलिए, परियोजना प्रबंधन में अनुसंधान और क्षमता निर्माण केंद्र के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। अवसंरचना परियोजनाएं, विशेष रूप से सार्वजनिक निर्माण कार्य, ऐसे क्षेत्र हैं जिनसे सभी स्तरों के आईएएस अधिकारियों को संबद्ध होते हैं। सार्वजनिक निर्माण प्रबंधन की गहन समझ रखने वाले विषय विशेषज्ञों द्वारा अनुसंधान और क्षमता निर्माण, अकादमी द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षण में इस कमी को पूरा करेगा। सार्वजनिक प्रणाली प्रबंधन केंद्र द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-2025 के दौरान निम्नलिखित पाठ्यक्रम/सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए:

1. आईएसडीएस अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम

   दिनांक: 15 से 26 अप्रैल, 2024
   कुल प्रतिभागी: 40 प्रतिभागी
   पाठ्यक्रम समन्वयक: श्री शैलेश नवाल, उप निदेशक

भारतीय कौशल विकास सेवा (आईएसडीएस) के अधिकारियों के लिए 15 से 26 अप्रैल 2024 तक आयोजित दो सप्ताह का क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम, स्किल इंडिया मिशन के अंतर्गत कौशल विकास पहलों में शामिल अधिकारियों की कार्यात्मक दक्षताओं और प्रशासनिक क्षमताओं को उल्लेखनीय

रूप से बढ़ाने के लिए तैयार किया गया। इस गहन कार्यक्रम में विभिन्न स्तरों पर कौशल विकास कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत श्रृंखला को शामिल किया गया। कौशल विकास परियोजनाओं के अनुरूप परियोजना प्रबंधन तकनीकों पर जोर दिया गया, जिससे अधिकारी कार्यक्रमों की कुशलतापूर्वक योजना बनाने, उन्हें क्रियान्वित करने और उनकी निगरानी करने में सक्षम हुए। प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदायगी प्रबंधन, डेटा विश्लेषण और प्रभाव मूल्यांकन में सहायक उन्नत डिजिटल उपकरणों से परिचित कराया गया, जिससे बेहतर निर्णय लेने और संसाधनों के आवंटन में सुविधा हुई। इसके अलावा, प्रशिक्षण में उद्योग भागीदारों के साथ सहयोग के महत्व पर बल दिया गया, जिसमें सार्वजनिक-निजी भागीदारी और हितधारकों की सहभागिता के लिए रणनीतियों का पता लगाना शामिल रहा ताकि कौशल विकास को बाजार की बदलती मांगों के अनुरूप बनाया जा सके। संवादात्मक सत्रों, केस स्टडीज और समूह अभ्यासों के माध्यम से, अधिकारियों ने कौशल विकास पारिस्थितिकी तंत्र में आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए व्यावहारिक अंतर्दृष्टि प्राप्त की। कार्यक्रम में नीतिगत समझ और प्रशासनिक सुधारों पर भी ध्यान केंद्रित किया गया जिससे कार्यान्वयन ढांचे को मजबूत किया जा सके। प्रतिभागियों से प्राप्त प्रतिक्रिया ने तकनीकी और प्रबंधकीय कौशल को बढ़ाने में पाठ्यक्रम के महत्व को उजागर किया, जो स्किल इंडिया मिशन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस प्रकार, क्षमता निर्माण की इस पहल ने आईएसडीएस अधिकारियों को देश भर में कौशल विकास कार्यक्रमों की गुणवत्ता और पहुंच में सुधार के लिए आवश्यक ज्ञान और उपकरण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

2. राज्यसभा सचिवालय और संबद्ध मंत्रालयों के अधिकारियों के लिए प्रथम क्षमता निर्माण कार्यक्रम (लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में)

   दिनांक: 22 अप्रैल से 03 मई, 2024
   कुल प्रतिभागी: 40 प्रतिभागी
   पाठ्यक्रम समन्वयक: श्री रोमियो विंसेंट टेटे, सहायक निदेशक

राज्यसभा सचिवालय और संबद्ध मंत्रालयों के अधिकारियों के लिए पहला क्षमता निर्माण कार्यक्रम 22 अप्रैल से 3 मई 2024 तक लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में आयोजित किया गया। दो सप्ताह के इस गहन प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिकारियों के विधायी प्रक्रियाओं, नीति निर्माण और अंतर-संस्थागत समन्वय में कौशल को बढ़ाना था। विभिन्न संबद्ध मंत्रालयों और राज्यसभा सचिवालय के प्रतिभागियों ने संसदीय प्रक्रियाओं, शासन और लोक प्रशासन में सर्वोत्तम प्रथाओं पर केंद्रित सत्रों में भाग लिया। कार्यक्रम में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को समर्थन देने के लिए विधायी अनुसंधान में सुधार, सहयोगात्मक नीति निर्माण को बढ़ावा देने और प्रशासनिक प्रभावशीलता को मजबूत करने के महत्व पर बल दिया गया। व्यावहारिक अभ्यासों और केस स्टडीज़ ने प्रतिभागियों को संसदीय शासन में शामिल भूमिकाओं और जिम्मेदारियों की सूक्ष्म समझ विकसित करने में सक्षम बनाया। प्रतिक्रिया से पता चला

कि पाठ्यक्रम ने विधायी मामलों में योगदान करने की प्रतिभागियों की क्षमता में उल्लेखनीय सुधार किया और सचिवालय तथा संबद्ध मंत्रालयों के बीच समन्वय को बढ़ाया, जिससे संस्थागत प्रभावशीलता को सुदृढ़ किया गया।

3. नगरपालिका वित्त पर एक दिवसीय कार्यशाला

दिनांक: 30 मई, 2024
कुल प्रतिभागी: 15 प्रतिभागी
पाठ्यक्रम समन्वयक: सुश्री छवि भारद्वाज, उप निदेशक (वरिष्ठ)

30 मई 2024 को आयोजित नगरपालिका वित्त पर एक दिवसीय कार्यशाला में नगरपालिका प्रशासकों, पेशेवरों और विशेषज्ञों को शहरी वित्त और शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) की राजकोषीय स्थिरता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ लाया गया। कार्यशाला में बढ़ते शहरीकरण के दबाव के बीच राजस्व जुटाने, बजट प्रबंधन और वित्तीय नियोजन में नगरपालिकाओं के सामने आने वाली समकालीन चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया। सत्रों में नवीन वित्तीय साधनों को अपनाने, पारदर्शी लेखांकन के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने और स्थानीय स्तर पर वित्तीय शासन ढांचे को मजबूत करने के महत्व पर बल दिया गया। प्रतिभागियों ने नगरपालिका अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण की आवश्यकताओं पर संवादात्मक चर्चा में भाग लिया, संसाधन आवंटन में सुधार और राजकोषीय अनुशासन को बढ़ाने की रणनीतियों का पता लगाया। कार्यशाला ने यूएलबी में राजकोषीय स्वायत्तता को बढ़ावा देने और राजस्व विविधीकरण को प्रोत्साहित करने में राज्य और केंद्र सरकार के समर्थन की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। ज्ञान के आदान-प्रदान और सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देकर, कार्यशाला का उद्देश्य नगरपालिका अधिकारियों को वित्तीय बाधाओं को प्रभावी ढंग से दूर करने के लिए सशक्त बनाना था, जिससे शहरी सेवा प्रदायगी और अवसंरचना विकास में सुधार हो सके। कुल मिलाकर, यह आयोजन देश भर की नगरपालिकाओं के सतत वित्तीय स्वास्थ्य के लिए आवश्यक समझ को बढ़ाने और सुधारों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण मंच सिद्ध हुआ।

4. चिंतन शिविर (कर्मयोगी प्रभाग, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, नई दिल्ली के सहयोग से)

दिनांक: 6-7 जून, 2024
कुल प्रतिभागी: 75 प्रतिभागी
पाठ्यक्रम समन्वयक: सुश्री अश्वती एस, उप निदेशक

नई दिल्ली स्थित कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के कर्मयोगी प्रभाग के सहयोग से 6 से 7 जून 2024 तक आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर, मिशन कर्मयोगी ढांचे के कार्यान्वयन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चिंतनशील और रणनीति-केंद्रित बैठक के रूप में कार्य किया। इस बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों और

हितधारकों को एक साथ लाया गया ताकि नागरिक-केंद्रित दृष्टिकोणों के माध्यम से सार्वजनिक सेवा प्रदायगी की पुनर्कल्पना की जा सके, जिसमें कार्य-निष्पादन-आधारित ज्ञानार्जन और राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं के साथ संस्थागत पुनर्गठन पर जोर दिया गया। सत्रों ने प्रशासनिक सुधारों और नेतृत्व विकास पर गहन आत्मनिरीक्षण को बढ़ावा दिया, जिससे प्रतिभागियों को चपलता, नवाचार और जवाबदेही को बढ़ावा देकर सरकारी प्रभावशीलता को बढ़ाने के तरीकों पर विचार-विमर्श करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में डिजिटल उपकरणों को एकीकृत करने, दक्षता ढांचे को अपनाने और सिविल सेवाओं में निरंतर शिक्षा को समाहित करने पर कार्यशालाएं शामिल रहीं। चर्चाओं में नीति को क्रिया में बदलने, संस्थागत समन्वय और शासन में उत्कृष्टता और नैतिकता की संस्कृति को बढ़ावा देने में आने वाली चुनौतियों पर भी विचार किया गया। चिंतन शिविर ने सार्वजनिक सेवा परिवर्तन के प्रति नवीकृत प्रतिबद्धता के लिए उत्प्रेरक का कार्य किया, जिससे नागरिकों की बदलती जरूरतों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए व्यक्तिगत क्षमताओं को व्यापक संस्थागत लक्ष्यों के साथ संरेखित किया जा सके।

5. आपराधिक कानून सुधारों पर क्षमता निर्माण और जागरूकता कार्यक्रम

दिनांक: 24-28 जून, 2024
कुल प्रतिभागी: 45 प्रतिभागी
पाठ्यक्रम समन्वयक: सुश्री अंजु चौधरी, रीडर, विधि

आपराधिक कानून सुधारों पर क्षमता निर्माण और जागरूकता कार्यक्रम, जो 24 से 28 जून 2024 तक आयोजित किया गया था, का उद्देश्य अधिकारियों को आपराधिक न्याय प्रणाली में हाल के विधायी परिवर्तनों और सुधारों से परिचित कराना था। इस कार्यक्रम में कानून प्रवर्तन अधिकारियों, अभियोजकों और प्रशासनिक अधिकारियों को प्रख्यात न्यायविदों और शिक्षाविदों के साथ प्रमुख संशोधनों, कार्यान्वयन चुनौतियों और न्याय प्रदायगी पर व्यापक प्रभावों पर चर्चा करने के लिए एक साथ लाया गया। सत्रों में प्रक्रियात्मक सुधार, पीड़ितों से संबंधित अधिकार, वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र और कानूनी ढांचे के आधुनिकीकरण जैसे विषयों को शामिल किया गया। अंतःक्रियात्मक चर्चाओं और केस स्टडी ने प्रतिभागियों को कानून प्रवर्तन और न्यायिक प्रक्रियाओं पर इन सुधारों के व्यावहारिक प्रभाव को समझने में सहायता की। प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों की सुधारों को प्रभावी ढंग से लागू करने की क्षमता को बढ़ाना, कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देना और अधिक उत्तरदायी और कुशल आपराधिक न्याय प्रणाली में योगदान देना रहा। प्रतिक्रिया ने बदलते कानूनी परिदृश्य के प्रति अधिकारियों को संवेदनशील बनाने तथा निष्पक्षता एवं सत्यनिष्ठा के साथ विधि के शासन को बनाए रखने की प्रतिबद्धता को बढ़ावा देने में कार्यक्रम की भूमिका को उजागर किया।

6. राज्यसभा सचिवालय और संबद्ध मंत्रालयों के अधिकारियों के लिए द्वितीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम (एमसीआरएचआरडीआई, हैदराबाद में)

दिनांक: 14-25 अक्टूबर, 2024
कुल प्रतिभागी: 44 प्रतिभागी
पाठ्यक्रम समन्वयक: डॉ. बगादी गौतम, उप निदेशक (वरिष्ठ) और;
श्री रोमियो विंसेंट टेटे, प्रोफेसर

राज्यसभा सचिवालय और संबद्ध मंत्रालयों के अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम का दूसरा चरण 14 से 25 अक्टूबर 2024 तक हैदराबाद स्थित एमसीआर मानव संसाधन विकास संस्थान (एमसीआरएचआरडीआई) में आयोजित किया गया। पहले कार्यक्रम के आधारभूत ज्ञान पर आधारित इस पाठ्यक्रम में विधायी अनुसंधान पद्धतियों, नीति विश्लेषण और डिजिटल शासन उपकरणों का गहन अध्ययन किया गया। कार्यक्रम में लोकतांत्रिक शासन को मजबूत करने में साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण और विधायी निगरानी की भूमिका पर बल दिया गया। प्रतिभागियों ने प्रकरण अध्ययन (केस स्टडी) और कार्यक्षेत्र दौरे (फील्ड विजिट) के माध्यम से क्षेत्रीय विकास मॉडल और शासन नवाचारों का अध्ययन किया, जिससे अंतर-शिक्षा और व्यावहारिक समझ को बढ़ावा मिला। सत्रों में पारदर्शिता, नागरिक सहभागिता और अंतर-सरकारी समन्वय जैसी शासन में उभरती चुनौतियों को भी शामिल किया गया। अकादमिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभवों के साथ जोड़कर, कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों को जटिल विधायी वातावरण में कार्य करने, प्रभावी नीति कार्यान्वयन को बढ़ावा देने और संसदीय कार्यों में सार्थक योगदान देने के लिए उन्नत कौशल से लैस करना रहा।

7. सचिवालय के अधिकारियों के लिए क्षमता विकास कार्यक्रम का तीसरा चरण (यशदा, पुणे में)

दिनांक: 17-28 फरवरी, 2025
कुल प्रतिभागी: 26 प्रतिभागी
पाठ्यक्रम समन्वयक: श्री शैलेश नवाल, उप निदेशक और;
श्री रोमियो विंसेंट टेटे, प्रोफेसर

सचिवालय के अधिकारियों के लिए क्षमता विकास कार्यक्रम का तीसरा संस्करण 17 से 28 फरवरी 2025 तक पुणे स्थित यशदा में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पिछले सत्रों में प्रस्तुत प्रमुख विषयों को सुदृढ़ किया गया, साथ ही क्षेत्रीय संदर्भ के अनुरूप स्थानीय शिक्षा और नेतृत्व विकास को भी शामिल किया गया। प्रतिभागियों ने सार्वजनिक नीति निर्माण, विधायी प्रक्रियाओं और अंतर-सरकारी समन्वय पर व्यापक सत्रों में भाग लिया ताकि विधायी प्रशासन में उनकी प्रभावशीलता को बढ़ाया जा सके। भूमिका-आधारित नेतृत्व विकास पर विशेष ध्यान दिया गया, जिससे जटिल शासन चुनौतियों के प्रबंधन और सहयोगात्मक निर्णय लेने को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कौशल विकसित हुए। शासन सिद्धांतों की

गहरी समझ और अनुप्रयोग के लिए व्यावहारिक अभ्यास, केस स्टडी और सहकर्मी शिक्षण के अवसर प्रदान किए गए। कार्यक्रम में लोक सेवा में नैतिक नेतृत्व, पारदर्शिता और नवाचार के महत्व पर भी बल दिया गया। प्रतिभागियों से प्राप्त प्रतिक्रिया से ज्ञात हुआ कि उनकी संबंधित भूमिकाओं में विधायी और प्रशासनिक जिम्मेदारियों को निभाने में उनका आत्मविश्वास और क्षमता में बढ़ोतरी हुई है।

पर्वतमाला हिमालय और पूर्वोत्तर आउटडोर लर्निंग एरिना (जिसे पहले पूर्वोत्तर अध्ययन केंद्र के नाम से जाना जाता था) सार्वजनिक प्रणाली प्रबंधन केंद्र (सीपीएसएम) के तत्वावधान में स्थित है।

पर्वतमाला हिमालय और पूर्वोत्तर आउटडोर लर्निंग एरिना (जिसे पहले उत्तर पूर्व अध्ययन केंद्र के नाम से जाना जाता था) के बारे में:

पूर्वोत्तर क्षेत्र की नीतियों के कार्यान्वयन से जुड़े पूर्वोत्तर के सिविल सेवकों और भारत सरकार के अधिकारियों को उचित रूप से प्रेरित और संवेदनशील बनाना अत्यंत महत्वपूर्ण है, ताकि सरकारी नीतियों और कार्यक्रमों पर सही ढंग कार्य किया जा सकें तथा इस क्षेत्र से सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त की जा सकें, जिससे वे स्थानीय आकांक्षाओं और वास्तविकताओं के अनुरूप अधिकाधिक रूप से ढल सकें। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए, पर्वतमाला हिमालय और पूर्वोत्तर आउटडोर लर्निंग एरिना, जिसे औपचारिक रूप से पूर्वोत्तर अध्ययन केंद्र के रूप में जाना जाता है, की स्थापना लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में अकादमी के निदेशक की अध्यक्षता में और पूर्वोत्तर परिषद (एनईसी) के सहयोग से की गई है। इस केंद्र के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-2025 के दौरान एक सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

1. हिमालयी और पूर्वोत्तर राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में सुशासन प्रदायगी

   दिनांक: 15-19 जुलाई, 2024
   कुल प्रतिभागी: 36 प्रतिभागी
   पाठ्यक्रम समन्वयक: श्री अभिराम जी शंकर, उप निदेशक

पर्वतमाला हिमालयी एवं पूर्वोत्तर आउटडोर लर्निंग एरिना के अंतर्गत 15 से 19 जुलाई 2024 तक आयोजित हिमालयी एवं पूर्वोत्तर राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में सुशासन प्रदान करने पर सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में हिमालयी एवं पूर्वोत्तर क्षेत्रों के सामने आने वाली विशिष्ट शासन संबंधी चुनौतियों का समाधान किया गया, जिसमें अनुकूलनशील योजना, जलवायु परिवर्तन से निपटने की क्षमता और सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील विकास रणनीतियों पर विशेष ध्यान दिया गया। क्षेत्र के प्रशासकों एवं नीति निर्माताओं सहित प्रतिभागियों ने क्षेत्रीय सामाजिक-आर्थिक गतिशीलता, पर्यावरणीय अतिसंवेदनशीलताओं और सतत विकास पद्धतियों की अपनी समझ को बढ़ाने के

लिए डिज़ाइन किए गए सत्रों में भाग लिया। कार्यक्रम में समावेशी और संदर्भ-विशिष्ट समाधान सुनिश्चित करने के लिए पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक शासन ढांचे के साथ एकीकृत करने के महत्व पर बल दिया गया। क्षेत्रीय दौरों और संवादात्मक कार्यशालाओं ने इन विविध क्षेत्रों की सांस्कृतिक संरचना का सम्मान करते हुए रसद और अवसंरचना संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए व्यावहारिक अंतर्दृष्टि प्रदान की। अधिकारियों को क्षेत्रीय रूप से प्रासंगिक साधनों और दृष्टिकोणों से लैस करके, कार्यक्रम का उद्देश्य रहा कि भारत के कुछ सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रशासनिक प्रभावशीलता को सशक्त बनाया जाए तथा सतत, सहभागी शासन को बढ़ावा दिया जा सके।

सम्मेलन

7 (i) केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान (सीटीआई) सम्मेलन – (99वां फाउंडेशन कोर्स)

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में 99वें फाउंडेशन कोर्स के दौरान 25 नवंबर, 2024 को सीटीआई के प्रतिनिधियों के साथ सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता अकादमी निदेशक, श्री श्रीराम तरणिकांति द्वारा की गई।

सीटीआई सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य संस्थानों के बीच समन्वय, पाठ्यक्रम की प्रासंगिकता और प्रशिक्षण की प्रभावशीलता को बेहतर बनाना था। प्रमुख चर्चाओं में प्रशिक्षुओं के प्रदर्शन पर ध्यान देने के लिए लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के ज्ञान पोर्टल जैसे प्रशिक्षण प्रबंधन प्रणालियों का उपयोग, अनुशासन और उपस्थिति तंत्र तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण के दौरान फाउंडेशन कोर्स (एफसी) में सिखाए गए आधारभूत मूल्यों को सुदृढ़ करने के लिए सीटीआई की सहभागिता पर ध्यान केंद्रित किया गया।

अकादमिक सहयोग, प्रशिक्षण अभिलेखों तक पहुंच और प्रशिक्षु अधिकारियों पर प्रतिक्रिया से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। अकादमी ने डिग्री उन्मुखीकरण के बजाय विषयवस्तु की प्रासंगिकता पर जोर दिया, सीटीआई के साथ फाउंडेशन कोर्स से संबंधित विषय सूचियों को साझा किया गया तथा निगरानी या परामर्श की आवश्यकता वाले प्रशिक्षुओं के संबंध में औपचारिक संप्रेषण पर बल दिया गया। यह भी सहमति बनी कि फाउंडेशन कोर्स के बाद के चरणों में सीटीआई प्रतिनिधि प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ विचार साझा करेंगे।

फाउंडेशन कोर्स और व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को समृद्ध बनाने के लिए कई सुझाव दिए गए, जिनमें उभरती प्रौद्योगिकियां, अंतर-सेवा समझ, खुफिया और जांच एजेंसियां, कार्य-जीवन संतुलन, साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया आचरण, व्यक्तिगत वित्त और कंप्यूटर संबंधी कौशल शामिल हैं। अकादमी ने स्पष्ट किया कि इनमें से कई क्षेत्र एफसी में पहले से ही कुछ सीमा तक शामिल हैं, जबकि अन्य क्षेत्रों को सामंजस्य बनाए रखने और प्रारंभिक सेवा-वार अलगाव से बचने के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण के दौरान बेहतर ढंग से संबोधित किया जाना चाहिए।

सम्मेलन में प्रतिक्रिया तंत्र, निदेशक मूल्यांकन, संकाय सदस्य और विषय विशेषज्ञों की नियुक्ति, क्षेत्र भ्रमण, मार्गदर्शन मॉडल, प्रशिक्षण के दौरान अवकाश और परीक्षा संबंधी नीतियां, और प्रशिक्षु अधिकारियों में पढ़ने की आदत विकसित करने के महत्व पर भी चर्चा हुई। व्यावसायिक प्रशिक्षण से पहले फाउंडेशन कोर्स को अनिवार्य बनाने और विशेष पाठ्यक्रमों के माध्यम से फाउंडेशन कोर्स पूरा न कर पाने वाले अधिकारियों की कमी को दूर करने के महत्व पर आम सहमति बनी।

बड़े बैचों के प्रबंधन पर भी चर्चा हुई, जिसमें गहन सहभागिता के लिए छोटे समूह प्रारूपों का उपयोग, पूर्ण सत्र और संस्थान के संकाय सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका शामिल रही, जो फाउंडेशन कोर्स के अधिकांश सत्रों का संचालन करते हैं। प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा स्वयं संक्षिप्त समीक्षा प्रस्तुत की गई, जिसके बाद सीटीआई प्रतिनिधियों ने प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ संवाद किया।

समापन सत्र के दौरान, प्रतिनिधियों ने प्रशिक्षु अधिकारी के साथ अपने वार्तालाप के माध्यम से सामने आए मुख्य बिंदुओं को साझा किया। चर्चा में प्रशिक्षण सामग्री की तैयारी और संकलन पर जोर दिया गया, जिसमें आईआरएमए जैसे संस्थानों के साथ सहयोग, अध्ययन बोर्ड के सदस्यों, अनुभवी फील्ड अधिकारियों और संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों से प्राप्त सुझावों को शामिल किया गया ताकि प्रासंगिकता एवं नियमित अद्यतन सुनिश्चित किया जा सके। इस प्रक्रिया के अंतर्गत, अकादमी द्वारा शिक्षण सहयोगियों, अनुसंधान अध्येताओं (रिसर्च फेलो) को सशक्त बनाने और प्रमुख शासन संकेतकों के उपयोग के प्रयासों पर प्रकाश डाला गया।

अकादमी निदेशक ने संकाय सदस्यों के सेवाओं के आदान-प्रदान, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने, ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में दोहराव से बचने और सिविल सेवा प्रशिक्षण की समग्र गुणवत्ता और प्रभाव को बढ़ाने के लिए सामूहिक संस्थागत संसाधनों का लाभ उठाने के माध्यम से सीटीआई में परस्पर सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। अंत में, उन्होंने सम्मेलन के बाद भी सीटीआई के बीच निरंतर सहयोग को प्रोत्साहित किया।

प्रतिभागियों की सूची

I. लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी से:

1. श्री बगादी गौतम, उप निदेशक (वरिष्ठ) और पाठ्यक्रम समन्वयक आईएएस चरण I (2024 बैच)
2. श्री शैलेश नवाल, उप निदेशक एवं पाठ्यक्रम समन्वयक, 99वां फाउंडेशन कोर्स (एफसी)
3. डॉ. (सुश्री) अनुपम तलवार, उप निदेशक एवं सम्मेलन समन्वयक
4. सुश्री आकांक्षा कुलश्रेष्ठ, सहायक निदेशक

उपस्थित व्यक्तियों में अकादमी के अन्य संकाय सदस्य भी शामिल रहे।

II. केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान (सीटीआई) से:

क्र.सं.	प्रतिनिधि का नाम (श्री/सुश्री)	केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान
1.	अर्चना गोपीनाथ, पाठ्यक्रम निदेशक	रफी अहमद किदवई राष्ट्रीय डाक अकादमी (आरएकेएनपीए), गाजियाबाद

क्र.सं.	प्रतिनिधि का नाम (श्री/सुश्री)	केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान
2.	समीर मेहता, पाठ्यक्रम निदेशक	राष्ट्रीय लेखापरीक्षा एवं लेखा संस्थान (एनएएए), शिमला
3	श्रेयस पटेल, संयुक्त निदेशक	राष्ट्रीय रक्षा संपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीईएम), नई दिल्ली
4.	पद्मसिंह पाटिल, संयुक्त निदेशक	सरकारी लेखा एवं वित्त संस्थान (आईएनजीएएफ), नई दिल्ली
5.	अनिल यादव, उप निदेशक एवं पाठ्यक्रम समन्वयक	भारतीय कॉर्पोरेट विधि सेवा अकादमी, (आईसीएलएसए) मानेसर
6.	सतीश गुरुमूर्ति, संयुक्त निदेशक (ओटी प्रकोष्ठ)	राष्ट्रीय सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क एवं नारकोटिक्स अकादमी (एनएसीआईएन), पालसमुद्रम
7.	कुणाल एंग्रीश, एसोसिएट प्रोफेसर एवं पाठ्यक्रम निदेशक	इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी (आईजीएनएफए), देहरादून
8.	ई. साई चरण तेजस्वी, सहायक निदेशक (आईएस-आई)	सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी (एसवीपीएनपीए), हैदराबाद
9.	अभय देवारे, उप निदेशक एवं एसीडी-1, आईआरएस के 78वें बैच के सदस्य	राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी (एनएडीटी), नागपुर

क्र.सं.	प्रतिनिधि का नाम (श्री/सुश्री)	केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान
10	आशीष पांडे, प्रोफेसर एवं अनुसंधान विभागाध्यक्ष	भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी), नई दिल्ली
11	अनंत शिवगुरु एस., वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशिक्षण) एवं पाठ्यक्रम समन्वयक	राष्ट्रीय रक्षा वित्तीय प्रबंधन अकादमी एवं क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र (एनएडीएफएम), पुणे
12	रश्मी रोजा तुषारा नायर, पाठ्यक्रम निदेशक	भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी), नई दिल्ली
13	सतीश बालकृष्णन, अवर सचिव	सुषमा स्वराज विदेश सेवा संस्थान, विदेश मंत्रालय (एसएसआईएफएस), नई दिल्ली
14	सेंथिल कुमारसन, वरिष्ठ सुरक्षा आयुक्त-प्रशिक्षण	श्री जगजीवन राम रेलवे सुरक्षा बल अकादमी (जेआरआरपीएफए), लखनऊ
15	स्वदेश कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रोफेसर (परिवहन प्रबंधन और आईटी)	भारतीय रेलवे परिवहन प्रबंधन संस्थान (आईआरआईटीएम), लखनऊ
16	अशोक कुमार, संयुक्त निदेशक/प्रोफेसर	अरुण जेटली राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान (AJNIFM), फरीदाबाद

प्रशासनिक पहल

8. (i) आरोग्यम स्वास्थ्य केंद्र

प्रशिक्षु अधिकारियों, प्रतिभागियों और कर्मचारियों के लिए मेडिकल सेंटर, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में आरोग्यम स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की गई है। मेडिकल सेंटर के माइनस-2 तल पर स्थित इस वार्ड में स्वास्थ्य देखभाल के लिए 10 बिस्तर की सुविधा उपलब्ध है।

केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने शुक्रवार, 11 अक्टूबर 2024 (19 अश्विना, 1946) को आरोग्यम स्वास्थ्य लाभ केंद्र का उद्घाटन किया।





8. (ii) वॉलीबॉल कोर्ट

अधिकारी क्लब, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में प्रशिक्षु अधिकारियों और पाठ्यक्रम प्रतिभागियों द्वारा उपयोग के लिए नये वॉलीबॉल कोर्ट की सुविधा प्रदान की गई है। यह सुविधा अधिकारी क्लब परिसर के भीतर फुटबॉल मैदान के पास स्थित है। वॉलीबॉल कोर्ट का औपचारिक उद्घाटन 11 अक्टूबर 2024 को केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह के कर-कमलों द्वारा किया गया।



